स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ, मंगलवार
26 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 274 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर में आक्रामक होना होगा: संगकारा



## पद्म पुरस्कार 2026 : धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण



एन राजम (कला) पद्म विभूषण | पीयूष पांडे (मरणोपरांत) पद्म भूषण | हरमनप्रीत कौर (खेल) पद्मश्री | कैलाश चंद्र पंत (प्रचार-प्रसार) पद्मश्री | धर्मेंद्र सिंह देओल, मरणोपरांत (कला) पद्म विभूषण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान कला, खेल, चिकित्सा, शिक्षा और समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों की 66 हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई थी, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं। समारोह की शुरुआत हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र सिंह देओल को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिए जाने से हुई। यह सम्मान उनकी पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने ग्रहण किया। इस दौरान परिवार के सदस्य भावुक नजर आए। मौके पर एन राजम को कला क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मविभूषण, पीयूष पांडे को मरणोपरांत पद्मभूषण, वही कैलाश चद्र पंत को प्रचार प्रसार के लिए पद्मश्री प्रदान किया गया। खेल जगत में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने इस वर्ष वनडे विश्व कप जीतकर ऐतिहासिक सफलता हासिल की। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सोलर ग्रुप के चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल को पद्मश्री प्रदान किया गया। वहीं पुदुचेरी के पारंपरिक मार्शल आर्ट खिलाड़ी के. पजनीवेल को सिलंबम कला के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## दिल्ली ब्लास्ट के लिए यूट्यूब-चैटजीटीपी का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला के पास कार ब्लास्ट मामले की एनआईए जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। एजेंसी की चार्जशीट के मुताबिक, अल-कायदा से जुड़े आतंकियों ने टेरर इंजीनियरिंग के लिए चैटजीटीपी और यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया था। आतंकियों ने 'रॉकेट कैसे बनाएं और मिक्सचर किस रेश्यो में होना चाहिए' जैसे सवाल सर्च किए। जांच में रॉकेट ड्रोन और विस्फोटक तैयार करने की साजिश का भी खुलासा हुआ है। एनआईए ने 14 मई को स्पेशल कोर्ट में 7500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। इससे जुड़ी जानकारियों में बताया गया है कि 10 नवंबर 2025 को दिल्ली में कार ब्लास्ट के पीछे एक्यूआईएस से जुड़े मॉड्यूल का हाथ था। धमाके में 11 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। एनआईए की चार्जशीट में हमले के मुख्य आरोपी पुलवामा निवासी डॉ. उमर-उन-नबी का भी नाम है, जिसकी कार ब्लास्ट में मौत हुई थी। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुका था।

- रॉकेट कैसे बनाएं, मिक्सचर रेश्यो जैसे सवाल पूछे
- 7500 पेज की एनआईए चार्जशीट में खुलासा

# पेट्रोल-डीजल के चौथी बार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में सोमवार को 2.61 से 2.71 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी वृद्धि है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर उपभोक्ताओं तक पहुंचा रही हैं। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद, लंबे समय तक कीमतों में स्थिरता रहने के बाद 15 मई से शुरू हुए संशोधन के तहत पेट्रोल और डीजल के दामों में कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। इससे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के दबाव और परिवहन लागत बढ़ने की आशंकाएं तेज हो गई हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, कीमतों में हुए इस ताजा संशोधन में पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.51 रुपये से बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.49 रुपये से बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गई है। ईंधन की कीमतों में यह लगातार वृद्धि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और रुपये के कमजोर होने के कारण हुई है, जिससे आयात लागत में भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल और डीजल में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर, 19 मई को 90 पैसे प्रति लीटर तथा 23 मई को पेट्रोल में 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में पेट्रोल 111.21 रुपये और डीजल 97.83 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में 113.51 रुपये और 99.82 रुपये प्रति लीटर, जबकि चेन्नई में 107.77 रुपये और 99.55 रुपये प्रति लीटर हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। संघर्ष के शुरुआती ढाई महीनों में तेल कंपनियों ने लागत बढ़ने के बावजूद खुदरा कीमतों को स्थिर रखा था। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने का कदम बताया था, जबकि विपक्षी दलों ने सरकार पर प्रमुख राज्य विधानसभा चुनावों के कारण कीमतों में बढ़ोतरी टालने का आरोप लगाया था। यह मूल्य वृद्धि 15 मई को तब शुरू हुई, जब सत्तारूढ़ भाजपा ने पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावों में से तीन में जीत दर्ज की। सार्वजनिक कंपनियों द्वारा कीमतें बढ़ाए जाने के तुरंत बाद नायरा एनर्जी जैसी निजी तेल कंपनियों ने भी इसी अनुपात में दाम बढ़ा दिए।

| शहर | नई दर (प्रति लीटर) | मूल्य वृद्धि |
|---|---|---|
| दिल्ली | 102.1 रुपए | +2.61 |
| कोलकाता | 113 .51 रुपए | +2.87 |
| मुंबई | 111.21 रुपए | +2.72 |
| चेन्नई | 107.77 रुपए | +2.46 |
| लखनऊ | 101.89 रुपए | +3.44 |
| बनारस | 99.89 रुपए | +1.33 |

| तारीख | पेट्रोल वृद्धि | डीजल वृद्धि |
|---|---|---|
| 15 मई | 3.00 रुपए | 3.00 रुपए |
| 19 मई | 90 पैसे | 90 पैसे |
| 23 मई | 87 पैसे | 91 पैसे |
| 25 मई | 2.61 रुपए | 2.71 रुपए |
| कुल वृद्धि | 7.38 रुपए | 7.52 रुपए |

## अमेरिका की धमकियों से नहीं डरते : ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ईस्माइल बघाई ने कहा कि उनका देश अमेरिका की धमकियों की परवाह नहीं करता। उन्होंने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अमेरिका किसी संभावित समझौते का पूरी तरह पालन करेगा। बघाई ने कहा कि इजराइल अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत को कमजोर करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने कहा कि इजराइली शासन पूरी कोशिश कर रहा है कि यह समझौता न हो सके। हमें उम्मीद है कि वह बातचीत को प्रभावित करने की कोशिश करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ देश लगातार युद्ध और टकराव की बात कर रहे हैं, जिसका असर अमेरिकी अधिकारियों पर भी पड़ सकता है।

## यूपी पर अब नौतपा की गर्मी का कहर

**नई दिल्ली/लखनऊ।** देश में इस बार गर्मी ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। खासतौर से यूपी में सूरज आग उगल रहा है। मौसम पर नजर रखने वाली वेबसाइट AQI.in द्वारा सोमवार को जारी दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की सूची में यूपी के 23 शहर शामिल हैं। यह स्थिति देश में पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव की गंभीरता को दर्शाती है। सूची में किसी भी दूसरे देश का कोई शहर शामिल नहीं था। सोमवार सुबह AQI.in के आंकड़ों के अनुसार यूपी का इटावा दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा। जहां तापमान 48 डिग्री है। यूपी का प्रयागराज 47 डिग्री के साथ चौथे नंबर पर हैं। उत्तर प्रदेश के 14 शहर ऐसे हैं, जहां तापमान 47 डिग्री है। जिसमें बांदा, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, सीतापुर, वाराणसी, अलीगढ़, बदायूं भी शामिल हैं। वहीं दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 23 शहर शामिल हैं। इससे पहले बांदा भी दुनिया का सबसे गर्म शहर रह चुका है। लेकिन सोमवार को इटावा गर्मी के मामले में टॉप पर पहुंच गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले कुछ दिनों तक भीषण लू जारी रह सकती है।

- इटावा सबसे गर्म, प्रयागराज समेत 14 शहरों में बांदा जैसा तापमान



## निवर्तमान प्रधान अब प्रशासक के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में वर्ष 2021 में गठित ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। इसके बाद ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए राज्य सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायतों का कार्यकाल उनकी पहली बैठक से पांच वर्ष तक निर्धारित है। नई ग्राम पंचायतों के गठन और पहली बैठक होने तक प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 27 मई 2026 से संबंधित जिलों के जिलाधिकारी निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में नामित करेंगे।

## 'नीट पर पिछली गलतियों से सबक नहीं लिया'

**नई दिल्ली।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था। यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए। याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए।

- सुप्रीम कोर्ट का केंद्र, एनटीए और सीबीआई को नोटिस

### त्विशा शर्मा केस : निष्पक्ष जांच जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने त्विषा शर्मा मामले का स्वतः संज्ञान लेते सोमवार को इस पर सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने इस मामले को सनसनीखेज बनाने से बचने की भी सलाह दी। सुप्रीम कोर्ट ने त्विषा शर्मा की मौत को अप्राकृतिक मृत्यु माना है। सीजेआई सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में दो या तीन पहलू थे। पहला दूसरे पोस्टमार्टम से जुड़ा है, जो पूरा हो चुका है। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि कुछ कार्रवाइयों से हमें पीड़ा हुई है। हम अपने मीडिया मित्रों से अनुरोध करेंगे कि वे पीड़ित परिवार या दूसरे परिवार के बयान न लें। मामले को कानून और प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ने दें। सीजेआई ने कहा कि सास पूर्व जिला न्यायाधीश हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह कहा जा रहा है कि न्यायपालिका निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने दे रही है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि पीड़ित और आरोपी जांच में सहयोग करेंगे।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने पत्नी संग किया ताज का दीदार



आगरा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो सोमवार को अपनी पत्नी जीनत रूबियो के साथ विश्व प्रसिद्ध ताजमहल पहुंचे। भीषण गर्मी के बीच हुए इस दौरे में उन्होंने मुगलकालीन इस ऐतिहासिक स्मारक की खूबसूरती की जमकर सराहना की और इसे दुनिया के प्रेम के अनमोल खजानों में से एक बताया। मार्को रूबियो भारत के चार दिवसीय दौरे पर हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह विशेष विमान से आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार से ताजमहल के पूर्वी गेट के पास स्थित होटल तक पहुंचे और फिर गोल्फ कार्ट के जरिए स्मारक परिसर में दाखिल हुए। उनके साथ भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। ताजमहल भ्रमण के दौरान रूबियो करीब एक घंटे तक स्मारक परिसर में रहे। उन्होंने ताजमहल की वास्तुकला, संगमरमर की बारीक नक्काशी और इसके ऐतिहासिक महत्व को करीब से देखा। विजिटर बुक में उन्होंने लिखा, दुनिया के प्रेम के सबसे खूबसूरत खजानों में से एक को देखने का अवसर देने के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी रूबियो दंपती के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर तस्वीर खिंचवाई।

## असम विधानसभा में यूसीसी बिल पेश

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) बिल सोमवार को पेश किया गया। इसे पटल पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने रखा। इस बिल को दो हफ्ते पहले कैबिनेट से मंजूरी मिली थी।इस बिल पर 27 मई को चर्चा होगी। यदि यह बिल पारित हो जाता है, तो असम देश का तीसरा ऐसा राज्य बन जाएगा। इससे पहले उत्तराखंड और गुजरात ऐसा कर चुके हैं। सीएम सरमा के मुताबिक अनुसूचित जनजातियां (पहाड़ी) और अनुसूचित जनजातियां (मैदानी) यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगी। साथ ही पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों, प्रथाओं और अनुष्ठानों को भी इससे छूट दी जाएगी।

अपना केवाईसी अपडेट रखें

ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



**यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,**
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

**यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,**
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




**आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।**

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# रात में अवैध खनन पर छापा

## जेसीबी, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ी



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध मिट्टी और बालू खनन की शिकायतों के बाद रविवार देर रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं के खिलाफ छापेमारी की। रात करीब एक बजे एसडीएम जीत सिंह राय और सीओ इशिका सिंह पुलिस बल के साथ गांव मूला गोटियां पास पहुंचे, जहां जेसीबी मशीन से बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन किया जा रहा था। प्रशासनिक टीम को देखते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कई वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से एक जेसीबी मशीन, एक डंपर और दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचा दिया। बताया जा रहा है कि मौके पर करीब आधा दर्जन डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियां मिट्टी भराई में लगी थीं, लेकिन पुलिस और प्रशासन के पहुंचने से पहले ही कई वाहन चालक वाहन लेकर भाग निकले।प्रशासन ने कार्रवाई की सूचना तत्काल जिला खनन अधिकारी को दी। सूचना मिलने पर जिला खनन अधिकारी भी थाने पहुंचे और जब्त किए गए वाहनों के साथ खनन स्थल की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी और बालू खनन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय खुलेआम जेसीबी और भारी वाहनों से खनन कराया जाता है, जिससे ग्रामीण सड़कों के साथ खेतों को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन विभाग की ढिलाई के कारण खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम और सीओ शिकायत मिलने पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन यदि खनन विभाग भी गंभीरता दिखाए तो क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में अवैध खनन पर स्थायी रोक लग सके।

# प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने से खुशी की लहर



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष झब्बू सिंह यादव ने बताया कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रधान संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्यकाल बढ़ाने की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत चुनाव होने तक वर्तमान प्रधानों को पद पर बने रहने के आदेश जारी कर दिए हैं।सरकार के इस फैसले के बाद प्रधान संघ और ग्राम प्रधानों में खुशी का माहौल है। जिलाध्यक्ष झब्बू सिंह यादव ने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे और योजनाओं का संचालन लगातार चलता रहेगा। वहीं प्रधानों ने सरकार के प्रति आभार जताया है।

# अपरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**स्वतंत्र भारत कॉंट शाहजहाँपुर।** युवती को बहला फुसलाकर युवक मामा के घर ले गया अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज । क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि 19 मई को सुबह करीब 10:00 बजे उसके ही गांव का गौतम उसकी 19 वर्षीय पुत्री को ले गया था तलाश करने पर उसे पता चला कि थाना रोजा अंतर्गत ग्राम भुड़िया प्रहलादपुर के विशाल एवं आरोपी के मामा सर्वेश का हाथ है और उसकी लड़की आरोपी के मामा के घर है पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# बकरीद पर खुले में न दी जाए कुर्बानी

## हिंदू युवा संगठन पुवायां के कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत पुवायां।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की ओर से पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ उपनिरीक्षक को देकर बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक लगाने की मांग की गई। सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) पुवायां के ब्लाक संरक्षक आनंद पांडे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ उपनिरीक्षक अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा और खुलें में कुर्बानी पर रोक लगाए जाने की माँग की। इसके साथ ही ज्ञापन में मांग की गई कि ईद पर जिले में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना दी जाए, गोवंशों की तस्करी को रोकने के लिए प्रशासन से सख्त कदम उठाया जाए। सार्वजनिक स्थानों या खुले में पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। ईदगाहों में जगह भरने के बाद सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसके साथ ही हिंदू युवा संगठन ने मांग की है कि कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेष (वेस्ट मटेरियल) और खून को खुले नालों में न बहाया जाए। जिससे इलाके में गंदगी और धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। इस मौके पर भारत राठौर, करन कश्यप, सागर राठौर, दीपक कुमार, रामपाल राजपूत, अनूप राजपूत, सौरभ पटेल, अनमोल कुमार, सन्नी, कृष राठौर, निहाल, अजय राजपूत, गौतम श्रीवास्तव, मयंक कुमार, मोहित राणा, अमन, राहुल सिंह, ललित रावत, रंजीत कुमार, विनोद कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पिगरी फार्म का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर। क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। हाईवे किनारे गांव बिलहरी के पास स्थित एक सूअर फार्म को निशाना बनाते हुए चोर हजारों की नकदी समेत जरूरी सामान चोरी कर ले गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला बनवारीपुर निवासी श्रीकृष्ण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव बिलहरी के पास हाईवे किनारे उनका सूअर फार्म है। रविवार रात वह रोजाना की तरह फार्म बंद करके घर चले गए थे। सोमवार सुबह फार्म पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो फार्म में रखा जनरेटर, इनवर्टर, बैट्री, कंप्यूटर कांटा, भट्टी, चूल्हे वाला सिलेंडर, समर बॉक्स, बिजली के तार समेत करीब 7200 रुपये की नकदी गायब थी। चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित का कहना है कि चोर फार्म से बड़ी मात्रा में सामान समेट ले गए, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्रभारी निरीक्षक को भेज दी गई है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

# हमले का एक और आरोपी गिरफ्तार

## 14 दिन पूर्व जानलेवा हमले की घटना को दिया गया था अंजाम



**जैतीपुर।** जानलेवा हमले में वांछित चल रहे पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है बाकी चार आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। बता दे की 14 दिन पूर्व कस्बे के पत्रकार दीपक सिंह पर जान से मारने की नीयत से 6 लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था दीपक सिंह की ऑल्टो कार दबंगों द्वारा इको कार से आगे और पीछे से तीन चार बार टक्कर मारी गई थी लाठी डंडों तथा लोहे की रात से बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से हमले का प्रयास किया गया था लेकिन वह किसी तरह जान बचाकर भाग निकले थे पुलिस द्वारा सभी आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। बीती रात उप निरीक्षक रोहिताश कुमार कांस्टेबल तरुण सिरोही व राहुल यादव ने दबिश देकर वांछित चल रहे आरोपी अमित कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी करकौर थाना जैतीपुर को बकैनिया तिराहे से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है बाकियों की तलाश जारी है।

# मेडिकल स्टोरों पर नियमों का पालन जरूरी

## गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई : औषधि निरीक्षक



**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** ऑल इंडिया केमिस्ट संगठन के आह्वान पर सोमवार दोपहर तिलहर के वेलकम मैरिज लॉन में केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के बड़ी संख्या में मेडिकल संचालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष डॉ. पीर मोहम्मद अंसारी उर्फ लड्डन ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं ड्रग इंस्पेक्टर शालिनी मित्रा ने मेडिकल संचालकों को दवा बिक्री से जुड़े नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोरों पर एच-1 रजिस्टर, कैश मेमो, फ्रिज, ड्रग लाइसेंस की छायाप्रति, लैपटॉप, प्रिंटर और सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से होना चाहिए। साथ ही ग्राहकों को दवा बिक्री का बिल देना भी जरूरी है।ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि चेकिंग के दौरान कई मेडिकल संचालक दुकान बंद कर देते हैं, जो गलत रवैया है। सभी संचालक अपने कागजात पूरे रखें और नियमों का पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेडिकल स्टोर संचालक केवल दवाओं की बिक्री कर सकते हैं। यदि कोई मेडिकल संचालक डॉक्टर की तरह मरीजों को दवा लिखकर पुड़िया बनाते या इलाज करते पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि कई शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ मेडिकल स्टोरों पर मरीजों को बोतल चढ़ाकर उपचार किया जाता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कुछ मेडिकल संचालकों ने फार्मासिस्ट से दवा वितरण को लेकर अपनी बात रखी। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने स्पष्ट किया कि सरकारी संस्थानों में फार्मासिस्ट की भूमिका अलग होती है, लेकिन मेडिकल स्टोर पर मरीज को दवा लिखने या उपचार करने का अधिकार नहीं है।बैठक में नगर अध्यक्ष डॉ. पीर मोहम्मद अंसारी उर्फ लड्डन ने मेडिकल संचालकों से सात प्रमुख बिंदुओं पर नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने ड्रग इंस्पेक्टर को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया।इस दौरान संगठन के पदाधिकारी प्रवीन सहाय, संजय सक्सेना, शाहिद अंसारी, बाबर अंसारी, अरुण कुमार रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, हाजी खलील अहमद, फरीद मोहम्मद, शाहिद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# दशहरा पर्व पर रामगंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर -शाहजहांपुर ।** सोमवार को क्षेत्र वासियों द्वारा दशहरा के पावन पर्व पर रामगंगा में मन्झा घाट पर हर हर गंगे के उद्घोष के साथ आस्था की डुबकी लगाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा राम गंगा के किनारे कन्याओं को भोज कराया गया। मनौती पूर्ण होने पर बच्चों का मुंडन कराया गया। गंगा तट पर कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा की पहराबन की। गंगा भक्तों ने सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी एवं गंगा में प्रसाद चढ़ाया। राम गंगा में नहाने वाले श्रद्धालुओं की दोनों किनारों पर बहुत भीड़ रही। मेले में महिला पुरुष बच्चे सभी मौजूद रहे।मेले में दुकानदारों की खूब बिक्री हुई।



# शादी समारोह में बेटर की जिम्मेदारी टेंट कारोबारियों की होगी : कारीगर



**सिधौली, शाहजहांपुर।** कस्बे के नकाशा बाजार में शादी समारोहों में खाना और मिठाई बनाने वाले कारीगरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मुकुट बिहारी यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें शादी और बारात कार्यक्रमों में कार्य व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कारीगरों ने एकमत होकर कहा कि अब शादी समारोहों में बेटर (वेटर) की जिम्मेदारी खाना बनाने वाले कारीगरों की नहीं होगी। कारीगरों का कहना था कि उनका कार्य केवल भोजन और मिठाई तैयार करना है, जबकि मेहमानों को खाना परोसने की व्यवस्था टेंट कारोबारियों या स्वयं आयोजकों द्वारा की जानी चाहिए। कारीगरों ने बताया कि कई बार शादी समारोहों में बेटर की कमी या व्यवस्था को लेकर विवाद की स्थिति बन जाती है, जिससे भोजन बनाने वाले कारीगरों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि आगे से जिस भी शादी या कार्यक्रम का आयोजन होगा, उसमें बेटर की व्यवस्था टेंट संचालक स्वयं करेंगे या फिर संबंधित पार्टी अपनी तरफ से व्यवस्था करेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि इससे कार्यों का स्पष्ट बंटवारा होगा और कार्यक्रमों में बेहतर व्यवस्था बनी रहेगी। इस दौरान गंगाराम, सोनू सक्सेना, मनीराम, रामू, रामजी, सर्वेश कुमार, रिंकू, बादशाह, कमलेश कुमार, अनुज कुमार, रामनिवास, जवाहरलाल, मुकेश कुमार सहित कई कारीगर मौजूद रहे।

# बकरीद पर न हो प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी

## हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) बंडा के कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत बंडा।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन बंडा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक को देकर बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक लगाने की मांग की। सोमवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) पुवायां तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ता बंडा थाने पहुंचे और थाने के दरोगा पवन कुमार को ज्ञापन देकर मांग की कि बकरीद के दिन खुलें में पशुओं की कुर्बानी पर रोक लगाए जाए। ईद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना दी जाए। गोवंशों की तस्करी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया जाए। ईदगाहों में जगह भरने के बाद सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति न दी जाए। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेष (वेस्ट मटेरियल) और खून को खुले नालों में न बहाया जाए। जिससे इलाके में गंदगी और धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। इस मौके पर तहसील संरक्षक शोभित जोशी, आयुष गुप्ता, अंश गुप्ता, विशाल कुमार, अजय कुमार, विमलेश कुमार, अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, रितिक वर्मा, हरिओम, विशाल कुमार, जीत राठौर, शौर्य यादव आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा से बाइक टकराई, भाई-बहन घायल

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** कोर्ट से मुकदमे की तारीख निपटाकर लौट रहे भाई-बहन की बाइक मंडी समिति के पास ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उपचार चल रहा है।गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव जोरा पट्टी निवासी सुमित ने बताया कि उनकी बहन मोनी की शादी जनपद बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव तरकट निवासी अनिल के साथ हुई थी। पति-पत्नी के बीच विवाद होने पर मामला कोर्ट में चल रहा है। सोमवार दोपहर दोनों शाहजहांपुर कोर्ट में तारीख पर गए थे।वापस लौटते समय मंडी समिति के पास अचानक ई-रिक्शा से बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में सुमित और उसकी बहन मोनी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी भेजा और ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया।प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण अंचलों में पेयजल व्यवस्था चरमराई : सत्यपाल



**निगोही शाहजहांपुर।** प्रशासन इस समय आगामी चुनाव की तैयारी के लिए जन गणना में जुटा हुआ है! उसे आम जन की मूलभूत सुविधाओं तक से कोई सरोकार नहीं है! ऐसी भीषण गर्मी में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा की ओर इनका ध्यान नहीं जा रहा है! कस्बा समेत ग्रामीण अंचलों में विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है! पेय जल समस्या का मुद्दा उठाते हुए समाजसेवी सत्यपाल एडवोकेट ने उक्त समस्या के लिए स्थानीय अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए व्यवस्था को सुधार करने की मांग की है ! उन्होंने बताया की कस्बा में जहां भी पेयजल आपूर्ति के लिए जगह-जगह लगे फ्रीजर वाटर हैंड पंप कुछ एक ख़राब है ! जिन्हें तत्काल प्रभाव से चालू कराया जाय! वर्तमान में भयंकर गर्मी में राहत के लिए आम जन की सुविधा के लिए लगे उपकरण राहगीरों की प्यास बुझाने में नाकाम है ! उन्होंने बताया ताप मान क्रमशः बढ़ रहा है !आगे और भीषण गर्मी पड़ेगी, ऐसे में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होना जरूरी है ! उन्होंने कहा की जनहित से जुडी जन समस्या का निदान कराए जाने की मांग की है ,ताकि जन मानस को कोई परेशानी ना हो सके! बताते चलें ऐसी भीषण गर्मी के बढ़ते नगर समेत ग्रामीण अंचलों में पेयजल का संकट गहराता जा रहा है! क्योंकि ग्रामीण अंचल में लगे अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपंप ठप्प पड़े हैं ,या फिर गंदा पानी दे रहे हैं! जो पीने लायक नहीं है! ज्ञात रहे गांव गांव कूलर वाटर आरो वॉटर कूलर की व्यवस्था की गई थी लेकिन वह भी लोगों की आशाओं को पूरा नहीं कर पाए! क्षेत्र में बेहाल पेयजल व्यवस्था के चलते सामाजिक लोगों द्वारा नगर में शीतल जल ,शरबत की व्यवस्था की गई है! जहां पर क्षेत्र से आए लोग प्यास बुझा रहे हैं!

# कलान क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों ने दिये प्रस्ताव



**स्वतंत्र भारत कलान शाहजहांपुर।** क्षेत्र पंचायत की बैठक सोमवार को डबाकारा भवन में संपन्न हुयी। बैठक में गत कार्रवाई की पुष्टि की गयी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं,कृषि कार्यक्रम,आंगनवाड़ी कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान,पशुपालन टीकाकरण,गौशाला निर्माण व रखरखाव,राजकीय नलकूप, नहर,लघु सिंचाई,पेयजल व्यवस्था,विद्युत आपूर्ति के निराकरण पर विचार किया गया।बैठक में विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले प्राइमरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प योजना के अंतर्गत मरम्मत कार्य,महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की प्रगति,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचम राज्य वित्त योजना की कार्ययोजना,15वां वित्त आयोग की कार्ययोजना,प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना,व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण पर विचार किया गया।बैठक में बीडीओ रवि कुमार सिंह ने जल संचय पर जोर देते हुए कहा कि प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों एक-एक तालाब बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल संचय के तहत विकासखंड में कार्य बहुत कम हुआ है।स्कूल के बच्चों के आंगनबाड़ी केन्द्र,प्राथमिक विद्यालयों बाबू उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प पर जोड़ देते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों का कायाकल्प करायें।ओपन जिम का निर्माण करायें।प्रत्येक गांव में बच्चों के लिए खेल का मैदान बनवाएं। जिससे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा निखर सके।एडीओ राजकुमार शुक्ला ने फैमिली आईडी,फॉर्मर रजिस्ट्री बनवाने के बारे अपील की।लेखाकार रिजवान खान ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक 12 करोड़ रुपए क्षेत्र पंचायत को मिले।क्षेत्र पंचायत में 102 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 60-70 कार्य प्रगति पर हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 से प्रधानमंत्री आवास 1741 मिले जिनमें से 1723 आवास पूर्ण चुके हैं।शेष का कार्य प्रगति पर है।वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 से मुख्यमंत्री आवास 747 मिले।जिनमें 726 आवास पूर्ण हो चुके हैं।शेष आवासों का कार्य प्रगति पर है।अंत में ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा ने बैठक में आए सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, प्रधान गणों,जनप्रतिनिधियों व पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रतिनिधि/डीसीडीएफ के चेयरमैन रमाकांत मिश्रा,कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस के प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा के ससुर व पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा,जिला पंचायत सदस्य रामकुमार राठौर,पंकज गुप्ता,आदित्य सिंह (हनी),एडीओ समाज कल्याण निर्मला मिश्रा,एडीओ ए जी रविंद्र सिंह समेत समस्त प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### बैठक में नहीं पहुंचे कई विभागों के अधिकारी/कर्मचारी

**कलान।** सोमवार को विकास खण्ड कलान की क्षेत्र पंचायत की बैठक में विद्युत विभाग,राजस्व विभाग,पुलिस विभाग,शिक्षा विभाग एवं पशुपालन विभाग से कोई भी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नहीं हुआ। जिसको लेकर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रतिनिधि रमाकांत मिश्रा ने नाराजगी जतायी। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह को संबंधित विभागों को नोटिस देने के निर्देश दिये हैं।

# दबंगो ने किशोरी को घर से उठाने का किया प्रयास

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** दिनदहाडे एक गांव में नाबालिग ल?की को दबंगो द्वारा घर से उठाने का प्रयास किया गया। लेकिन नाबालिग के शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए ओर उन दबंग युवकों को भाग कर पकडने का प्रयास किया। लेकिन जिसमें चार लोग भाग निकले जबकि एक युवक को ग्रामीण ने पक? लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना पर गांव पहुँची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया और नाबालिक के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर दबंगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक नाबालिग ल?की के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की रविवार की शाम 4 बजे नगर के तीन युवक अपनी बाइक से गांव आये ओर गांव के ही दो दोस्तों के साथ मेरे घर मे घुस गए और मेरी नाबालिग ल?की को जबरन पक? लिया और अपहरण करने का प्रयास करने लगें। जब किशोरी ने शोर मचाया तो गांव के लोग इकट्ठा हो गए और उन दबंगो को पक?ने के लिए ग्रामीण उनके पीछे दौ? प?। दबंग युवक जान बचाकर भाग निकले लेकिन एक युवक को ग्रामीणों ने पक? लिया। और जमकर धुना। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आई और पी?ता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण की तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी राजेंद्र कुमार रावत ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और एक व्यक्ति को मौके से पकड़ लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# शांति से मनाये त्यौहार : एसपी



**स्वतंत्र भारत अल्हागंज शाहजहांपुर।** बक़रीद त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी जलालाबाद समेत जलालाबाद,कलान,मिर्जापुर,परौर थानाध्यक्ष मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बक़रीद की नमाज को ईदगाह परिसर में अदा किया जाएं। कुर्बानी मकान के अन्दर ही करना है ।कुर्बानी की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट न किया जाय,किरवानी के बाद ,अवशेष या गंदगी खुले में न तो फेंके न ही नाली में बहाये।सार्वजनिक जगह पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए कुर्बानी के अवशेष गड्ढा खोदकर गड़ाए जाए इस दौरान इमाम ने बताया कि नवाज सुबह 7:30 से 08:30 तक अदा की जाएगी। इस दौरान निर्वतमान जिला महामंत्री अनिल गुप्ता एवं अब्दुल लतीफ गोपाल मिश्र, तमाम प्रधान गण मौजूद थे

# ढाईघाट में गंगा दशहरा पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## हजारों श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के उदघोष के साथ लगाई गंगा में डुबकी

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर** सोमवार को ढाईघाट गंगातट पर गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भीषण गर्मी और लू के थपेड़े भी आस्था के इस जनसैलाब को रोक नहीं सके। प्रातः चार बजे से ही हर हर गंगे के उदघोष के साथ शुरू हुआ गंगास्नान का क्रम सांय चार बजे तक चलता रहा। फर्रुखाबाद जिले के थाना शमशाबाद पुलिस ने चार पहिया और ट्रैक्टर ट्रालियों से गंगातट पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुचारू यातायात के लिए मेले से लगभग एक किलोमीटर पहले ही ग्राम जैतपुर की मोड़ के समीप वाहनों की पार्किंग करवा दी। जिससे धूप में आग उगलती सड़क पर लू के थपेड़े खाते हुए बुजुर्गों और महिलाओं बच्चों को पैदल ही गंगातट तक जाना पड़ा। गंगा मां के



पृथ्वी पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगास्नान कर गंगा पुरोहितों को अन्न,वस्त्र,फल,मिष्ठान और नकद मुद्रा दानकर पुण्य लाभ अर्जित किया। तमाम श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार करवाकर भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। गंगास्नान और दान पुण्य का यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर गंगातट पर लगे मेले में महिला श्रद्धालुओं ने श्रृंगार सामग्री के साथ घर गृहस्थी के उपयोग की वस्तुओं की खरीददारी की। मेले में पेयजल की बेहद कमी देखी गई। प्यास बुझाने के लिए श्रद्धालुओं को संतों के स्थाई आश्रमों में लगे हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। ढाईघाट गंगातट पर प्रत्येक माह की अमावस्या और पूर्णिमा पर दर्ज गंगास्नान का विशाल मेला लगता है। इन मेलों में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा प्रशासन अन्य कोई व्यवस्था नहीं करता है।

## खबरें एक नजर में

### प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में दिया ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के विरोध में हिन्दू युवा वाहिनी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से नीट जे ई ई , एस एस सी , , रेलवे, पुलिस भर्ती सहित विभिन्न परीक्षाओं में हो रही अनियमितताओं पर कठोर कानून बनाने, परीक्षा माफिया पर सख्त कार्रवाई करने तथा डिजिटल माध्यमों से संचालित पेपर लीक नेटवर्क पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही दोषियों की संपत्ति कुर्क कर छात्रों को मुआवजा देने एवं पेपर लीक होने पर 20 दिनों के भीतर पुनः परीक्षा कराने की मांग भी उठाई गई। इस अवसर पर विभु शुक्ला एडवोकेट, अभिषेक चौहान एडवोकेट, रवि गंगवार एडवोकेट, अजीत सिंह एडवोकेट, भानु प्रताप सिंह एडवोकेट, केशव मिश्रा, राहुल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राहगीरों को स्काउट गाइड ने वितरित किया शरबत



**शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशों के क्रम में प्रातः स्काउट गाइड द्वारा शरबत का वितरण किया गया 11 बजे से प्रसाद के रूप में भंडारे का भी आयोजन किया गया । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी में किया गया है । डी आई ओ एस और बी एस ए दिव्या गुप्ता ने शरबत वितरण का शुभारंभ किया। राहगीरों को शरबत वितरण किया। बी एस ए ने कहा गर्मी के मौसम में प्यासो को पानी पिलाना पुण्य का काम है। स्काउट गाइड कैप्टन निखत परवीन और दपिंदर कौर ने राहगीरों को शरबत पिलाया।

# लीड कान्वेंट स्कूल में समर कैंप की धूम

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शुरू 10 दिवसीय प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर।** लीड कान्वेंट स्कूल में इन दिनों 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। मंगलवार, 19 मई 2026 से शुरू हुए इस समर कैंप में बच्चों के लिए सीखने के साथ-साथ मस्ती और आनंद की पाठशाला सजी हुई है। यह कैंप न केवल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहा है, बल्कि उन्हें एक रचनात्मक मंच भी प्रदान कर रहा है। विविध गतिविधियों का चल रहा है प्रशिक्षण कैंप में 2 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार तीन अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया है। यहाँ बच्चों को निम्नलिखित गतिविधियों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक एवं कौशल विकास: मार्शल आर्ट, योग, व्यायाम और



विभिन्न खेल। कला एवं भाषा: स्पोकन इंग्लिश, आर्ट एंड क्राफ्ट। जीवन कौशल: नैतिक शिक्षा और जीवन के लिए उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तराना जमाल ने बताया कि सुबह 8 से 10 बजे तक संचालित इस कैंप में बच्चों की रुचि का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा, ÷हमारा उद्देश्य यह है कि छुट्टियों के दौरान बच्चे न केवल मनोरंजन करें, बल्कि कुछ नया सीखें भी। कैंप में गीत-संगीत, डांस, मल्टी-गेम्स और मूवी शो के माध्यम से बच्चों को भरपूर मनोरंजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय की समर्पित टीम है। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में मार्शल आर्ट गुरु नादिर खान तथा शिक्षिका श्रीती सिंह ,फराह खान, चांदनी अनवर, नीतू सक्सेना, आस्था मिश्रा, का विशेष योगदान रहा है।

# वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का हुआ शुभारम्भ

**शाहजहाँपुर।** योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य लाभ के लिए पाँच दिवसीय निःशुल्क वरिष्ठ नागरिक योग शिविर का शुभारंभ हो गया । खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में आयोजित किये जा रहे इस शिविर का शुभारंभ जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, उप प्रधान व शिविर संयोजक जीसी मिश्रा तथा आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से महर्षि पतंजलि के चित्र व अमर बलिदानी पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । तदोपरांत जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, विपिन रस्तोगी व राजेश



दीक्षित एड. ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपयोगी आसनों का अभ्यास कराया ।यह शिविर 29 जून तक प्रातः 5 बजे से 6.45 बजे तक नियमित संचालित होगा । जिला मन्त्री के संचालन में आयोजित हुए कार्यक्रम में अरुण कुमार दीक्षित, स्वतन्त्र कुमार रस्तोगी, संध्या गुप्ता, संजय सक्सेना, गीता पांडे, डॉ सारिका अग्रवाल, राजीव वर्मा, प्रेम सागर, राकेश मिश्रा, डॉ राजीव कुमार वर्मा, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, ललित मोहन, सौरभ गोयल, संतोष विश्वकर्मा, दक्ष शर्मा, राजवीर सिंह यादव, अर्चना दीक्षित, सरोज कश्यप, प्रवीण मिश्रा, श्यामली, निमिषा मिश्रा, कुसुमलता मिश्रा, रेखा कुशवाहा, नीलेश सक्सेना, कौशल शुक्ला, सीमा रस्तोगी, अमरीश रस्तोगी आदि ने योगासनों का अभ्यास किया ।

# महिमा को मिला बेस्ट क्लब अवार्ड

## अध्यक्ष लाइंस क्लब सहेली महिमा शुक्ला ने ग्रहण किया सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट के वार्षिक अधिवेशन उत्कर्ष का भव्य आयोजन लखनऊ में संपन्न हुआ। सेवा, नेतृत्व, मित्रता एवं उत्कृष्ट उपलब्धियों को समर्पित इस सम्मेलन में मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 321 के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लायंस सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्लबों द्वारा वर्ष भर किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर सम्मान प्रदान किए गए। इसी क्रम में लायंस क्लब सहेली शाहजहांपुर को उसके उल्लेखनीय सामाजिक एवं मानवीय सेवा कार्यों के लिए बेस्ट क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह



सम्मान अध्यक्ष लायन महिमा शुक्ला ने मंच पर ग्रहण किया। सम्मान प्राप्त होने पर क्लब के सदस्यों में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा। महिमा शुक्ला ने इस उपलब्धि का श्रेय क्लब की समर्पित टीम, पदाधिकारियों एवं सभी सदस्यों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। लायंस क्लब सहेली शाहजहांपुर ने इस उपलब्धि पर सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज सेवा के अपने संकल्प को और अधिक मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया।

# ऑल सेंट्स स्कूल में हुआ समर कैंप का शुभारंभ

## समर कैंप से बढ़ता आत्मविश्वास : सचिन

**शाहजहांपुर।** ऑल सेंट्स में सात दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ साक्षी रस्तोगी प्रधानाचार्या ऑल सेंट्स स्कूल ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी के कहा कि समर कैंप से बच्चों में प्रतिभा का विकास होता है। समर कैंप में बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है समर कैंप में बच्चों को एक दूसरे के साथ मेलजोल करने में मदद मिलती है. उन्हें पेंटिंग, डांसिंग, ड्राइंग, सिंगिंग, गेम आदि जैसी कई गतिविधियों को करने का अवसर भी मिलता है। डायरेक्टर सचिन बॉथम ने कहा कि छुट्टियों में समर कैंप से बच्चों को ही नहीं, ब?ों को भी एक्टिविटी का फायदा मिलता है। जीवन में आगे ब?ने का जुनून आता है। दूसरों की मदद करने का भाव आता है। समर कैंप में जाने वाले बच्चे स्मार्ट फोन, आईपैड जैसे गैजेट से दूर रहते हैं।



कैंप में आए अन्य बच्चों से उनकी मित्रता होती है। एक नई सोच आ जाती है, जिससे आत्मविश्वास ब?ता है। कोई भी समस्या आगे जीवन में आने पर उससे निपटने की सोच व शक्ति विकसित होती है। बच्चे खेल-कूद आदि में हि स्सा लेते हैं, तो उनके फेफ?ों को ताजी हवा मिलती है। व्यायाम होता है। रोजमर्रा के जीवन में समय का प्रयोग कैसे करना है साथ ही सहनशक्ति आ जाती है। हमेशा प?ते रहने वाले और टेक्नोलॉजी से जु? रहने वाले बच्चों को कि सी दूसरी एक्टिविटी के द्वारा थो?ा ब्रेक मिलना भी जरूरी होता है। पहले दिन स्टोरी योगा, जुंबा डांसिंग व ष्ह्यड्ड4 ड्डष्ह्लद्ब1द्बह्ल4, समर कैंप में कक्षा क्क्रद्ग से 8 तक की बच्चों ने हिस्सा लिया इसमें बच्चों की एक्टिविटी 9:00 बजे से 11:00 बजे तक हुई। बच्चों ने समर कैंप में खूब मस्ती की। रूबी गुप्ता , अश्विनी, शरद , शुभा, , समन, , शगुफ्ता, इरम, रीना, फरीन, दीपिका, अल्फिया , अजीम, नेहा, अजीम आदि शिक्षक शिक्षिकाए मोजूद रही।

# बाबा ने प्याऊ शाला खोलकर पिलाया शर्बत

**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए बाबा अवध स्वरूप ब्रह्मचारी के शिष्य बाबा राकेश स्वरूप जी ने हमजापुर चौराहा स्थित धर्मशाला खोलकर प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने लोगों को मीठा शर्बत के साथ फूला का सेवन करा कर गर्मी से राहत दी ! दूर दराज से आए लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर गर्मी से राहत की सांस ली ! क्षेत्र में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना मुश्किल हो गया है !पानी के लिए चारों ओर किल्लत सामने दिख रही है! हैंडपंप सूख रहे हैं! ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए समाजसेवी बाबा ने मंदिर के सामने पौशाला खोलकर लोगों को राहत पहुंचाने की मुहिम छेड़ी है! सोमवार के दिन प्राचीन हनुमत मंदिर हमजापुर के सामने पौशाला का विधिवत उद्घाटन किया !समाजसेवी शिष्यों ने इस दौरान शर्बत पिला कर परमल फूला खिलाकर राहत दिलाने का कार्य किया! बाबा राकेश स्वरूप ब्रह्मचारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के चलते लोगों को राहत देने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आकर सार्वजनिक स्थलों पर पौशाला व पशु पक्षी के लिए दाना पानी की संक्षिप्त व्यवस्था करें ! इस मौके पर रजनीश कुमार श्रीवास्तव ,अवनीश श्रीवास्तव, अवधेश कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू, अमरपाल सक्सेना ,राजेश सिंह, मुनेंद्र सिंह, निखिल मास्टर, आदि लोग मौजूद रहे!

# प्रांतीय बैठक में गूंजी व्यापारियों की आवाज

## जिलाध्यक्ष ने साहूकारा एक्ट और जिला महामंत्री आकाशदीप गुप्ता ने करंट अकाउंट पर ब्याज की उठाई मांग

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की एक महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में शाहजहांपुर जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष *श्री वेद प्रकाश गुप्ता* के सानिध्य में प्रतिभाग किया और व्यापारियों की गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से पटल पर रखा। शाहजहांपुर टीम के मजबूत तर्कों और महत्वपूर्ण सुझावों की माननीय कंछल जी ने खुले मन से सराहना की। बैठक में अपनी बात को पुरजोर तरीके से रखते हुए जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने स्वर्णकार समाज और ज्वेलर्स के हितों की रक्षा के लिए एक बड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि



साहूकारा एक्ट को फिर से पूरी तरह लागू किया जाए और उसमें जो वर्तमान में तीन वर्ष की समय अवधि की बाध्यता है, उसे समाप्त कर आजीवन के लिए किया जाए।÷ वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह कदम ज्वेलर्स और स्वर्णकार समाज के सुरक्षित भविष्य और व्यापारिक नेतृत्व के दृष्टिकोण से बेहद सहायक सिद्ध होगा। उनके इस व्यावहारिक और दूरदर्शी सुझाव की प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने विशेष रूप से तारीफ की और पूरी टीम को बधाई दी। जिला महामंत्री आकाशदीप गुप्ता ने कहा कि सरकार सेविंग खातों पर ब्याज देती है और लिमिट खातों पर भारी इंटरेस्ट वसूलती है, लेकिन व्यापारियों द्वारा संचालित %करंट अकाउंट% (चालू खातों) पर पैसा जमा रहने पर किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जाता, जो कि पूरी तरह अनुचित है। आकाश दीप गुप्ता ने तर्क दिया कि, ÷एक तरफ भारत सरकार कहती है कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, वहीं दूसरी तरफ व्यापारियों के चालू खातों में जमा पूंजी पर कोई ब्याज नहीं मिलता। जब व्यापारियों का %ऑफ-सीजन% (मंदा सीजन) होता है, तो वह सुरक्षा के लिहाज से अपनी नकदी घर पर न रखकर बैंक खातों में जमा रखता है। ऐसे में ऑफ-सीजन में उस जमा पैसे पर व्यापारियों को कुछ न कुछ नॉमिनल (सांकेतिक) ब्याज जरूर मिलना चाहिए, ताकि मंदी के समय उसे संबल मिल सके और उसके व्यापार में वृद्धि हो। बैठक में प्रांतीय संयुक्त महामंत्री श्री नारायण दास अग्रवाल ने भी बिजली की समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व में मिलने वाली 200 यूनिट मुफ्त बिजली की व्यवस्था को अब बंद कर दिया गया है, जिससे छोटे व्यापारियों और आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और इस व्यवस्था को पुनः बहाल करना चाहिए। इस अवसर पर उवैस हसन खां प्रांतीय मंत्री भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथिगणों का हृदय से आभार प्रकट किया।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांक- 760/PRO/नि0वि0 / न0नि0शाह0/2026-27 दिनांक- 25.05.-2026

## ई-निविदा सूचना

नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा 15वाँ वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्य की स्वीकृति समिति की बाइसरकुलेशन बैठक दिनांक 31.12.2025 का कार्यवृत्त सं0-987/15FC बैठक / न0नि0शाह0 / 2026 दिनांक-21.01.2026 के क्रम में 13 कार्यों की दिनांक 09.02.2026 से दिनांक 24.02.2026 की सांय 03.00 बजे तक प्रथम वार ई-निविदा आमंत्रित की गई थीं, जिसमें से 01 कार्य की निविदा में किसी भी फर्म द्वारा प्रतिभाग नहीं किये जाने के कारण द्वितीयबार दिनांकः-20.05.2026 तक ई-निविदा आमंत्रित की गई किन्तु पुनः किसी भी फर्म द्वारा प्रतिभाग नहीं किये जाने के कारण सक्षम अधिकारी द्वारा कार्य की तृतीयबार ई-निविदा आमंत्रित किये जाने की दिनांक 21.05.2026 को अनुमति प्रदान की गई, जिसके अनुपालन में निम्न कार्य की तृतीयबार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्ते बेबसाइट पर उपलब्ध है, जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रकिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 27-05-2026 - (03.00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 27-05-2026 - (04.00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि / समय | 04-06-2026 - (03.00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 04-06-2026 - (04.00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर

# चोरी की घटना में वांछित अभियुक्तों की पुलिस से मुठभेड़

## एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दोनों गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** पुलिस ने शराब की दुकान में चोरी के मामले में वांछित अभि युक्तों को गिरफ्तार किया इनकी गिरफ्तारी के लिए मंडी समिति के सामने जंगल में मुठभेड़ हुई जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी जबकि दूसरे को पुलिस ने ऐसे ही दबोच लिया है। थाना रोजा क्षेत्र में लगभग एक माह पूर्व रात्रि में हुई चोरी की घटना हुई थी जिसके संबंधित अभियुक्तों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। कल रात्रि में मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्त रेलवे मैदान रोजा के पास मौजूद हैं। सूचना पर थाना रोजा पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा अभियुक्तों की घेराबंदी कर तलाश की गई। पुलिस टीम को अपने निकट आता देखकर



अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई, जिससे एक पुलिस आरक्षी घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त सियानन्द पुत्र गजेन्द्र पाल निवासी ग्राम इटोरिया शिवपुरी, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली के बाएं पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। मौके से अभियुक्त सियानन्द एवं अभियुक्त अवनीश पुत्र फकीरे निवासी सेरहा पुख्ता, थाना दातागंज, जनपद बदायूं को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर नाजायज, दो अदद जिंदा कारतूस .315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर, चोरी के सामान को बेचने से प्राप्त ?8,000 नगद, चोरी की 90 अदद पव्वा शराब तथा चोरी में प्रयुक्त एक सरिया बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त सियानन्द के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 15 से अधिक तथा अभियुक्त अवनीश के विरुद्ध 07 से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। मुठभेड़ में घायल अभियुक्त सियानन्द एवं घायल आरक्षी को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ मिला बीएसए से दिया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता से मिलकर अपना ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समायोजन प्रक्रिया जो वर्तमान में गतिमान है उसमें शिक्षकों द्वारा जो आपत्तियां दी गई हैं उन पर न्यायोचित कार्रवाई करते हुए संशोधित सूची जारी कर नियमानुसार समायोजन करने की मांग की गई। शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक पूर्ण मनोयोग से हीट वेव होने के बावजूद जनगणना ड्यूटी कर रहे हैं अतः अवकाश के दिनों में कार्य करने के फल स्वरूप उन्हें 22 मई से 20 जून 2026 तक का उपार्जित अवकाश दिया जाए। प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की ड्यूटी उनके कार्य स्थल से दूर लगाए जाने के कारण प्रत्यावेदन देने के पश्चात भी अगर उनकी ड्यूटी का स्थान नहीं बदला है अथवा किसी विशेष समस्या के कारण के बाद भी उनकी ड्यूटी नहीं काटी गई है जिसके फलस्वरूप शिक्षकों उनके द्वारा ड्यूटी नहीं की जा सकी है तो कोई विभागीय कार्रवाई न की जाए। जिन शिक्षकों का निरीक्षण के दौरान एक दिन का वेतन अवरोध किया गया है अथवा वेतन वृद्धि रुकी गई है उनके द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण दिए जाने के पश्चात उन पर की गई कार्यवाही को अतिशीघ्र समाप्त किया जाए जिससे जुलाई माह में ससमय वेतन वृद्धि लग सके। प्रतिनिधि मंडल में जिला संरक्षक महेंद्र पाल सिंह, जिला मंत्री विजय प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग लड़की को साथ ले जा रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

## थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य की सक्रियता से टला बड़ा मामला

स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक संवेदनशील मामले को लेकर हड़कंप मच गया, जब एक गैर समुदाय का युवक कस्बे की एक नाबालिग लड़की को अपने साथ ले जाते हुए ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। ग्रामीणों की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामला समय रहते नियंत्रण में आ गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली नाबालिग लड़की को पास के गांव का युवक सोमवार सुबह लगभग 6 बजे अपने साथ लेकर जा रहा था। इसी दौरान अकबरी गांव के पास मौजूद ग्रामीणों को दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। लोगों ने युवक और लड़की को रोककर पूछताछ की, लेकिन युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत खुदागंज पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही खुदागंज थाना पुलिस बिना देरी किए मौके पर पहुंच गई और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस की इस तेज कार्रवाई की क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती तो मामला और अधिक गंभीर रूप ले सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच प्रारंभ कर दी। नाबालिग लड़की के परिजनों को थाने बुलाकर जानकारी जुटाई गई, वहीं आरोपी युवक से भी गहन पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि नाबालिग से जुड़े मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कुलपति ने किया लॉ कॉलेज का निरीक्षण

## व्यवस्थाओं का लिया जायजा, गुणवत्तापरक विधि शिक्षा पर दिया बल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह ने सोमवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध लॉ कॉलेज का निरीक्षण कर कालेज की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधि शिक्षा की गुणवत्ता, शैक्षणिक संसाधनों तथा अधोसंरचनात्मक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं छात्रोपयोगी बनाने पर विशेष बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह अपराह्न लगभग चार बजे एस. एस. कॉलेज की वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल के साथ लॉ कॉलेज पहुंचे। आगमन पर डॉ. जय शंकर ओझा, डॉ. पवन गुप्ता, डॉ. रंजना खंडेलवाल, डॉ. दीप्ति गंगवार, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, शिव ओम शर्मा एवं गौरव गुप्ता सहित शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने पुस्तकालय, मूट कोर्ट, कॉन्फ्रेंस हॉल, स्मार्ट क्लासरूम तथा अन्य शैक्षणिक इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने विधि अध्ययन को व्यवहारिक एवं शोधपरक बनाने के उद्देश्य से संसाधनों के आधुनिकीकरण, अध्ययन-अध्यापन की प्रभावशीलता तथा अकादमिक वातावरण को और समृद्ध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. जे. एस. ओझा ने विधि संकाय के समस्त शिक्षकों का कुलपति से परिचय कराया। निरीक्षण के दौरान डॉ अनुराग अग्रवाल डॉ. अनिल कुमार, अशोक कुमार, डॉ. विजय सिंह, मृदुल शुक्ला, अमित सैनी, रोहित कुमार, सर्वेश कुमार शर्मा सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घरेलू विवाद में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव मिरजापुर की विवाहित महिला ने सोमवार शाम घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। पति और अन्य परिजन महिला को बेहोशी की हालत में सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 5ञ्30 बजे किसी बात को लेकर महिला का घर में विवाद हो गया था। इसके बाद उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वह बेहोश हो गई। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे।सीएचसी प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शराबी ई रिक्शा चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**पुवायां।** शराबी ई रिक्शा चालक ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव चुरहा निवासी जोगराज वर्मा उम्र 60 वर्ष खेत पर धान की पौध देखने जा रहे थे। तभी पुवाया की तरफ तेज रफ्तार शराब के नशे में लेकर आ रहे ई रिक्शा चालक ने उनको टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गए मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। वहीं पुलिस ने रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है। और पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल, रेफर

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** ससुराल से अपने घर ई-रिक्शा से लौट रहा युवक हादसे का शिकार हो गया सामने से आ रही चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है हालत चिंताजनक बनी हुई है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोलाघाट पुल पर हुए सड़क हादसे में जलालाबाद के गांव याकूबपुर चौराहा निवासी किशन गिहार पुत्र मंगू उम्र लगभग 32 वर्ष ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है रविवार देर रात लगभग 11:00 बजे वह अपनी ससुराल मिर्जापुर ई-रिक्शा से जा रहा था जैसे ही कोलाघाट पुल पर पहुंचा सामने से आ रही कार रेनॉल्ट ट्राइबर संख्या यूपी 27 बीयू 8126 ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा चकनाचूर हो गया ई-रिक्शा चला रहा किशन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पने लगा। सूचना पाकर जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेन्स के जरिए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग जलालाबाद में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के रिश्ते के ससुर रविंद्र के मुताबिक रिक्शा चालक किशन की हालत गंभीर बनी हुई है उसके सिर में गंभीर चोट लगी है व दोनों टांगों में भी काफी चोट है। कोतवाल अरविंद सिंह चौहान ने बताया मजरूह को अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है, कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया है, दोनों वाहनों को पुलिस थाने ले आई है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विवाहिता को छत से फेंका पति सहित पांच नामजद

## महिला के दोनों पैर टूटे अस्पताल में भर्ती

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** सुसराल में महिला के साथ मार पीट कर छत से नीचे फेंक देने मामले में पिता की तहरीर पर पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरु कर दी है। छत से नीचे गिरने के बाद महिला के दोनों पैर टूट गये व गंभीर रुप से घायल हो गयी है। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव भुलभुलागंज निवासी रनधीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया अपनी पुत्री दीप देवी की शादी थाना क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा निवासी सुधीश सिंह के साथ की थी पुत्री के सुसराल वाले आए दिन किसी न किसी बात को लेकर मारपीट करते रहते थे जिससे उसकी पुत्री 6 माह से अपने मायके भुलभुलागंज में रह रही थी छह सात दिन पहले उसका पति सुधीश आया और यह कहकर विदा कराकर ले गया था कि अब आगे से कोई बात नहीं होगी विदा कराकर राजी खुशी अपने घर ले गया और दूसरे दिन उसके साथ पति सुधीश, देवर सुबोध, उसकी पत्नी स्नेहलता, महेंद्र ससुर, गुड्डी देवी सास, ने मार पीट की और मारने की नियत से सभी ने एक राय होकर छत से नीचे धक्का दे दिया जिससे उसकी पुत्री के दोनों पैर टूट गए हैं उसका जीवन बरबाद हो गया है पिता रनधीर की तहरीर पर पति सहित ससुराल पक्ष के पांच के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी में ट्रेन में बच्चों की हालत बिगडी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 15115 लोकमान्य एक्सप्रेस छपरा जंक्शन से चलकर दिल्ली जंक्शन जाने वाली लोकमान्य एक्सप्रेस के कोच नंबर स्3 में बर्थ नंबर 37 पर कुसुम देवी लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे लखनऊ से ट्रेन चलने के बाद कुसुम देवी के बच्चे की हालत बिगड़ गई ट्रेन को शाहजहांपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर रोका गया जहां डॉक्टरों की टीम ने कुसुम के बच्चे का प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण 10 मिनट ट्रेन शाहजहांपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर खड़ी रहे स्टेशन अधीक्षक एक गौतम ने बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन में यात्री का उपचार किया गया था

# अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष के घर जश्न

## प्रशासक नियुक्त किये जाने पर कुलदीप को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर दी बधाई

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों में जश्न का माहौल है उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा ग्राम प्रधान के कार्यकाल को बढ़ाने बतौर प्रशासक नियुक्त किये जाने से गदगद संगठन के पदाधिकारी और क्षेत्र के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक जलालाबाद अध्यक्ष कुलदीप दीक्षित को बधाई देने लोग उनके घर पहुंचे माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और सरकार का धन्यवाद कहा। बतादें कि अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष एवं मालूपुर ग्राम पंचायत के प्रधान कुलदीप दीक्षित को जलालाबाद पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है 20 तारीख को लखनऊ में धरना एवं प्रदर्शन के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के आह्वान पर बुधवार को पहुंचने नहीं दिया गया था हाउस अरेस्ट होने के बाद ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप ने सभी प्रधानों को लखनऊ जाने से रोक दिया था। सरकार के तानाशाही रवैये की निंदा की



थी। इससे पहले सोमवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप दीक्षित एवं तहसील अध्यक्ष उमेश पाल सिंह के नेतृत्व में दो सूत्रीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एडीओ ज्ञानेंद्र सिंह को सौपा गया था जिसमें समय से चुनाव कराने अथवा प्रशासक के तौर पर प्रधानों को नियुक्त करने की मांग की थी एवं 20 मई बुधवार को विकासखंड जलालाबाद के अधिक से अधिक प्रधानों को लखनऊ विशाल महासम्मेलन में पहुंचने की अपील की गई थी। लेकिन 19 मई को दिन के दो बजे ही स्थानीय पुलिस ने ग्राम प्रधान कुलदीप दीक्षित को हाउस अरेस्ट कर लिया था जिससे क्षेत्र के सभी प्रधानों में काफी रोष फैल गया था। अब समय बढ़ने के बाद सभी में जश्न का माहौल है हर्ष व्यक्त करने वालों में तहसील अध्यक्ष उमेश पाल सिंह, रामवीर सिंह, विमलेश सिंह कुशवाहा, विजय वीर सिंह, ब्रह्म कुमार सिंह, अगर वीर सिंह, ऋषिपाल वर्मा, नौरंग सिंह, राम प्रताप वर्मा, आरेंद्र सिंह, राजेश कुमार गौतम, संतोष शुक्ला, राम आसरे, विमलेश कुमार, राकेश कुमार सक्सेना, धर्मेंद्र, अरविंद कुमार, विमलेश कुमार, कुलदीप अग्निहोत्री, प्रधान पुत्र फरीदापुर, अभिनेंद्र सिंह, अनिल कुमार आदि व मालूपुर के स्थानीय लोगों में सगीर अहमद, गौस मोहम्मद, अकील अहमद, हरिश्चन्द्र, नफीस अहमद, इदरीस अहमद, वसीम अहमद, बाबू अहमद, दफेदार, सत्तार, अफसर अली, ग्रीश चौधरी, जदुवीर, राजकुमार, लालाराम, बुधपाल, ब्रम्ह कुमार शामिल हैं।

# केवल 2 लीटर पानी लेकर जाते हैं ट्रेन चालक लखनऊ से मुरादाबाद तक

**महेंद्र कुमार मिश्रा**

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** वर्तमान समय में 42 डिग्री तापमान चल रहा है जहां एक और शासन द्वारा दोपहर 1ञ्00 बजे से 3ञ्00 तक जरूरी काम के लिए घर से निकलने के लिए आगाह किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर 42 डिग्री तापमान में ट्रेन के चालक 2 लीटर पानी लेकर लखनऊ से मुरादाबाद मुरादाबाद से सीतापुर मुरादाबाद से दिल्ली मुरादाबाद से सहारनपुर ट्रेन लेकर जाते हैं अंग्रेजों के जमाने में अप्रैल माह में अप्रैल माह से जून माह तक प्रत्येक स्टेशन पर पानी पिलाने वाले वर्कर रखे जाते थे यह पानी पिलाने वाले जब रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आई थी तो ट्रेन ड्राइवर और ट्रेन मैनेजर को पानी पिलाते थे उसके बाद रेल प्रशासन ने मोटे कपड़े की थैली पानी रखने के लिए शुरू कर दी जिसमें कम से कम 6 7 लीटर पानी आता था और ट्रेन चलने पर हवा लगने पर पानी ठंडा हो जाता था वर्तमान समय में नई टेक्नोलॉजी के चलते अब 2 लीटर की पानी की बोतल दी गई है 2 लीटर पानी की बोतल में रोजा जंक्शन से रोजा जंक्शन के चालक रोज से लखनऊ रोज से सीतापुर रोज से मुरादाबाद मुरादाबाद से लखनऊ 326 किलोमीटर की यात्रा तय करते हैं यहां बताते चलें डब्ल्यू ए त्7 में एयर कंडीशन कम कर रहे हैं बाकी कुछ इंजनों में एयर कंडीशन कम कर रहे हैं मालगाड़ी के अधिकतर इंजन में एयर कंडीशन काम नहीं कर रहे हैं ऐसे पढ़ने तापमान में ट्रेन चालक के लिए मुश्किल भरा कार्य है दूसरी ओर लगभग एक दर्जन ट्रेनें ऐसी हैं जो सीतापुर से चलकर सीधे बरेली अथवा चंदौसी रुकती हैं बीच रास्ते में कहीं नहीं रुकती जहां ट्रेन चालक पानी ले सके यदि कहीं छोटे स्टेशन पर सिग्नल न होने के कारण अगर ट्रेन रुक गई तो उसे स्टेशन पर पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं होती है अधिकतर रेलवे स्टेशन पर इंडिया मार्क खराब पड़े हुए हैं वंदे भारत और राजधानी जैसी ट्रेन में पैंट्री कर के जरिए ट्रेन चालक को पानी मिल जाता है लेकिन मेल एक्सप्रेस सुपरफास्ट और मालगाड़ी तथा स्पेशल ट्रेन के चालक को पानी की सुविधा नहीं मिलती है अभी 2 दिन पूर्व झारखंड के रांची क्षेत्र में एक ट्रेन चालक बेहोश हो गया भीषण गर्मी को देखते हुए रेल प्रशासन को ट्रेन चालक और ट्रेन मैनेजर के लिए पानी की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए जिससे ट्रेन मैनेजर और ट्रेन चालक पानी के लिए परेशान ना हो सभी इंजन के एयर कंडीशन ठीक कराए जाएं ताकि ट्रेन चालक को ट्रेन चलाने में कोई दिक्कत ना हो नाम न छापने की शर्त पर एक ट्रेन चालक ने बताया गर्मी के मौसम में मुश्किल भरा काम है ट्रेन को चलाना रात्रि में तब भी थोड़ा ठंडा रहता है लेकिन दिन में तो 42 डिग्री तापमान में बिना एयर कंडीशन के इंजन के अंदर बैठकर ट्रेन चालक उबल जाते हैं

*इस संबंध में भूतपूर्व लोगों स्पेक्टर से जब बात की तो उन्होंने बताया जो नियम चल रहा है वह नियम चल रहा है पानी के लिए ट्रेन रुकना तो संभव नहीं लेकिन जहां पर ट्रेन रूकती है वहां ट्रेन चालक के लिए पानी की व्यवस्था होना बहुत जरूरी है भूतपूर्व लोकल सेक्टर एमपी मिश्रा*

# विश्व कछुआ दिवस पर जागरूकता संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित

## कछुआ एवं जैव विविधता संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का लिया संकल्प

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** वन विभाग, डब्लू डब्लू एफ इंडिया एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में वन विभाग स्थित गंगा सभागार में विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यशाला एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान इंडिया के परियोजना अधिकारी रामावतार निषाद ने जनपद शाहजहांपुर में कछुआ संरक्षण हेतु संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों से खेतों के किनारे पाए जाने वाले कछुआ अंडों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने जनपद में




पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों इंडियन टेन्ट कछुआ एवं इंडियन रूफ्ड कछुआ के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने कछुआ संरक्षण से संबंधित वैधानिक प्रावधानों एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की जानकारी देते हुए फील्ड कर्मचारियों को संरक्षण संबंधी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने विश्व कछुआ दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कछुओं को ÷नदियों का सफाई नायक÷ बताया। उन्होंने कहा कि कछुए जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सहकार भारती के कार्यकर्ता अभिनव कश्यप ने सामुदायिक सहभागिता एवं सहकारी समितियों के माध्यम से संरक्षण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति में कछुए को भगवान विष्णु के स्वरूप से जोड़ते हुए इसके संरक्षण को धार्मिक एवं सामाजिक दायित्व बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने कछुओं को जैव विविधता का अभिन्न अंग बताते हुए उनके संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विकास खंड जलालाबाद के ग्राम गोरा में स्थापित अस्थायी हैचरी के संरक्षक रंजीत को उनके द्वारा किये गए कछुआ संरक्षण संबंधी कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि कछुआ संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन विभाग कर्मियों को ÷कछुआ संरक्षण अवार्ड÷ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने रेंज कार्यालय परिसर में निर्मित स्थायी नर्सरी का अवलोकन किया तथा यह जाना कि किस प्रकार कछुआ शावको का सुरक्षित संरक्षण एवं पालन किया जाता है। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने कछुआ एवं जैव विविधता संरक्षण की शपथ ग्रहण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग, जिला गंगा समिति शाहजहांपुर, हिमांशु सक्सेना, राजपाल, रंजीत, आदेश, अरविन्द सक्सेना सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दिव्यांगो ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई के नेतृत्व में सैकड़ो दिव्यांग लोगों ने कचहरी पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायव तहसीलदार को सौंपा इस अवसर पर प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने बताया जिले के दिव्यांगजन आज भी विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। जहां भी जाते हैं, तिरस्कार ही मिलता है। दिव्यांगजनों का कहना है कि उनकी आय का एकमात्र स्रोत दिव्यांग पेंशन है। उसी से अधिकांश दिव्यांग अपना और परिवार का गुजारा कर रहे हैं। दिव्यांगजनों ने मांग उठाई कि यदि सरकार नाम के साथ-साथ उनके हाथ भी मजबूत करती, उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर देती, तो वे परिवार सहित सम्मान से जीवन-यापन कर पाते। फिलहाल पेंशन की सीमित राशि में घर चलाना मुश्किल हो रहा है। इस उद्देश्य से समिति के प्रदेश



सचिव नीरज बाजपेई ने अपनी प्रमुख माग में नायब तहसीलदार को बताया कि यदि जिला प्रशासन दिव्यांग जनों के सहायतार्थ दस बीघा ग्राम समाज की भूमि समिति में उपलब्ध करवा दी जाए जो हमारी समिति अपने स्तर से दिव्यांग आश्रय स्थल एवं कुटीर उद्योग की स्थापना कराकर दिव्यांग जनों को रोजगार परक बनाकर उनके हाथ मजबूत करने में अहम भूमिका अदा करेगा आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सैकड़ों दिव्यांगजन मौजूद रहे महेश सिह सावित्री वेदराम प्रजापति श्रीकान्त प्रजापति राम सागर प्रजापति ज्योति प्रजापति जरीना पूष्पा दारा सिंह राम कुमार शेरवहादुर ि हं तौलेराम अमरेश कुमार शिवानी प्रेमपाल कृष्ण मुरारी भगवन दास आशाराम रनवीर भारत प्रेमपाल छोटे लाल संत राम मुन्नी देवी घोरे लाल विकाश कल्लू नेकशहाय रामसहाय सोनपाल कमल किशोर अमर सिहं मथुरा प्रसाद रामचन्द्र रतनपाल मोहन लाल बाबूराम अहिवरन लाल नन्हे लाल राजेश रामगोपाल धीरज कुमार राजीव कुमार वेदराम ओमप्रकाश सुखवीर नाम अमित कुमार यशोदा देवी सतीश सिह नन्हे अनील नरेशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शराब के विवाद में पिता ने बेटे की हत्या कर शव भूसे में छिपाया



- शराब के नशे में धुत थे पिता-पुत्र
- पहले बेटे ने डंडे से किया हमला
- फिर पिता ने किया बांके से वार
- घायल होने पर गला घोंट कर की हत्या
- पुलिस ने हत्यारे पिता को किया हिरासत में

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर में रविवार को शराब को लेकर हुए विवाद में पिता ने अपने बेटे की हत्या कर दी। गुस्से में पिता ने पहले बेटे पर बांके से हमला किया, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को भूसे में छिपा दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार करीब 55 वर्षीय दयाराम और उसका 30 वर्षीय बेटा मुनीस पासी दोनों शराब के नशे में थे। बताया जा रहा है कि मुनीस को शराब पीने की लत थी, जिसको लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। रविवार सुबह करीब सात बजे दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विवाद के दौरान मुनीस ने अपने पिता पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे दयाराम घायल होकर गिर पड़ा। हमले से गुस्साए दयाराम ने पास में रखा बांका उठाकर बेटे पर वार कर दिया। इसके बाद उसने मुनीस का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने शव को घर में भूसे के अंदर छिपा दिया, ताकि किसी को घटना की जानकारी न हो सके। घर में असामान्य स्थिति देख ग्रामीणों को शक हुआ। मृतक की बुआ रूपरानी ने पुलिस को सूचना दी कि मुनीस की हत्या कर शव छिपाया गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने भूसे से शव बरामद कर हत्या में प्रयुक्त बांका कब्जे में ले लिया।भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे ने बताया कि आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में गोकशी गिरोह के दो सगे भाई गिरफ्तार, एक घायल



**लखीमपुर खीरी।** थाना गोला पुलिस ने अलीगंज रोड से सिद्धनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान सक्रिय गोकशी गिरोह के दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और गोकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि थाना गोला पुलिस को रविवार रात गोकशी के मामले में वांछित अपराधियों की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने अलीगंज रोड के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार आरोपी भागने लगे, लेकिन उनकी बाइक फिसलकर गिर पड़ी। इस दौरान आरोपी नदीम ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नदीम (23) पुत्र रफीउल्ला निवासी ग्राम भुडवारा थाना गोला के पैर में गोली लग गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया। वहीं उसके भाई शीबू (26) पुत्र रफीउल्ला को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नीले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल, एक देशी तमंचा 315 बोर, जिंदा और खोखा कारतूस, गंडासा, बांका, चाकू, कुल्हाड़ी, तराजू-बांट, रस्सी और लकड़ी का बोटा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार नदीम पर दहेज मृत्यु, हत्या के प्रयास, गोवध निवारण अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं शीबू के खिलाफ भी विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुकदमा दर्ज होने पर किया गया मामा-भांजे का अंतिम संस्कार

स्वतंत्र भारत



**जंगबहादुरगंज-खीरी।** बोलेरो और मोटरसाइकिल की टक्कर में मामा-भांजे की मौत के बाद सोमवार सुबह दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों की मांग पर पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शनिवार दोपहर मोहम्मदी-जंगबहादुरगंज मार्ग पर ग्राम कंधरापुर के पास बोलेरो संख्या यूपी 32 एफजी 3937 और पल्सर मोटर साइकिल संख्या यूपी 30 बीई 1136 की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार रामौतार और उनके भांजे जै जै राम की मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।

रविवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने एंबुलेंस से शव उतारने से इनकार कर दिया। परिजन मुकदमा दर्ज करने और 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग पर अड़ गए। स्थिति को देखते हुए कोतवाली पसगवां, मोहम्मदी, उचौलिया, पिहानी और हरियावा थाने की पुलिस गांव में तैनात रही। देर रात तक प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। बाद में मृतक के पुत्र अनुज कुमार की तहरीर पर कोतवाली मोहम्मदी में अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद परिजनों ने शवों का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान ग्रामीण, रिश्तेदार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पतिया में पीस कमेटी की बैठक का किया गया आयोजन



**निघासन-खीरी।** छेदुई पतिया में सोमवार को बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी पलिया जितेंद्र सिंह परिहार ने की। सीओ ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की गई। बैठक में ग्राम प्रधान इकराम अली, डॉ. रफीक अहमद, इरसाद अली, कल्लू इदरीशी, नसीम खां, अपसर अली, रहीश अहमद, शहंशाह आलम, मो. असलम, मुस्तियाक खां, नईम खां, निजामू खां सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# खेत से इंजन पंप सेट चोरी

बिजुआ-खीरी। भीरा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बीती रात दरियाबाद गांव में चोरों ने किसान जसकरन लाल पुत्र गोकर्ण प्रसाद के खेत से इंजन पंप सेट चोरी कर लिया। जसकरन लाल ने करीब एक एकड़ में साठा धान की फसल लगाई थी, जिसमें लगातार सिंचाई की आवश्यकता पड़ रही थी। सोमवार सुबह जब वह खेत पर इंजन स्टार्ट करने पहुंचे तो इंजन गायब मिला। घटना के बाद किसान परेशान है। किसान से पुलिस से चोर को पकड़कर पंप सेट वापस दिलाने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने लगातार हो रही चोरियों पर पुलिस के प्रति नाराजगी जताई है।

# मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, एक के लगी गोली

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज थाना पुलिस ने मड़िया घाट के पास घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने के कुंडल, नकदी, अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि थाना मैगलगंज पुलिस को मुखबिर से बदमाशों की सटीक सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मड़िया घाट के पास घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हुसैन अहमद (45) पुत्र शमीम निवासी रघुवापुर थाना फूलबेहड़ के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने मौके से हुसैन अहमद और उसके साथी शाकिर अली (35) पुत्र इम्तियाज अली निवासी रैसा थाना फरधान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी छह अप्रैल 2026 को कस्बा मैगलगंज में महिला ज्ञाना मिश्रा से सोने के कुंडल लूटने की घटना में शामिल थे। महिला बाजार से घर लौट रही थीं, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनका रास्ता रोककर कुंडल लूट लिए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से पीली धातु के कुंडल, 2,530 रुपये नकद, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। दोनों आरोपियों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

# महरिया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**धौरहरा-खीरी।** क्षेत्र के महरिया गांव में सोमवार को महरिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-5 का भव्य शुभारंभ समाजवादी पार्टी नेता वरुण यशपाल चौधरी ने फीता काटकर एवं पिच पर बल्लेबाजी कर किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान टूर्नामेंट के प्रबंधक एवं व्यवस्थापकों ने मुख्य अतिथि वरुण यशपाल चौधरी का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने दोनों टीमों सीएसके ऐरा सुपर किंग तथा युवा 11 महरिया के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला सीएसके ऐरा सुपर किंग और युवा 11 महरिया के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में युवा 11 महरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐरा सुपर किंग को दो विकेट से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी संदीप को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमी, युवा एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# जर्जर हाईटेंशन लाइन बनी खतरा, ग्रामीणों में आक्रोश

**मितौली-खीरी।** विद्युत उपकेंद्र मितौली से संचालित रामनगर फीडर की जर्जर हाईटेंशन लाइन क्षेत्रीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। राजपुर के समीप रौतापुर कचियानी चौराहे पर आए दिन हाईटेंशन लाइन के तार टूटकर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते लाइन की मरम्मत और बदलाव नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। रौतापुर कचियानी चौराहा क्षेत्र का अत्यंत व्यस्त मार्ग माना जाता है, जहां दिनभर ग्रामीणों, राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहनों का आवागमन बना रहता है। इसके बावजूद जर्जर हो चुकी हाईटेंशन लाइन को अब तक बदला नहीं गया है। कई बार तार टूटकर सड़क पर गिर चुके हैं, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश और तेज हवाओं के दौरान स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार रामनगर फीडर पुराने और जर्जर तारों व खंभों के सहारे संचालित किया जा रहा है। कई स्थानों पर तार नीचे झूल रहे हैं, जबकि कुछ खंभे टेढ़े होकर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग केवल अस्थायी मरम्मत कर मामले को टाल देता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। लोगों ने उच्चाधिकारियों से जर्जर तारों और खंभों को तत्काल बदलवाने की मांग की है, ताकि किसी संभावित हादसे से लोगों की जान बचाई जा सके।

# ग्राम रोजगार सेवक ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

स्वतंत्र भारत

**निघासन-खीरी।** दौलतापुर के ग्राम रोजगार सेवक जसवन्त कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत अधिकारी शालिनी पाण्डेय पर धमकी देने, मजदूरी भुगतान रोकने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

मझगईं थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दौलतापुर निवासी जसवन्त कुमार का आरोप है कि 10 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत अधिकारी शालिनी पाण्डेय ने व्हाट्सएप कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने और जेल भेजने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार कोरियाना गांव में प्यारे लाल के खेत के पास पुलिया निर्माण और प्राथमिक विद्यालय सुर्जीपुरवा बचैला फार्म में खेल मैदान निर्माण कार्य कराया गया था, जिसमें मजदूरों की करीब एक लाख 85 हजार रुपये मजदूरी अब तक नहीं दी गई। जसवन्त कुमार ने आरोप लगाया कि भुगतान बाहरी व्यक्तियों और फर्मों के खातों में किया गया। मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी निघासन से करने पर उन्हें धमकियां दी गईं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# सादाब इलेवन ने ट्रेप इलेवन को हराया

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ-खीरी।** श्री लक्ष्मी नारायण नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 के तहत मलूकापुर क्रेशर ग्राउंड पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में सादाब इलेवन ने ट्रेप इलेवन को 6 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ट्रेप इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 54 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के बल्लेबाज सादाब इलेवन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सके।



जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सादाब इलेवन की टीम ने 4 विकेट खोकर आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। सादाब इलेवन के खिलाड़ी सादाब ने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन किया। उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार खेल दिखाते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। टूर्नामेंट कमेटी ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं ट्रेप इलेवन के सबसे युवा गेंदबाज गोलू राज ने भी अपनी शानदार गेंदबाजी से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। गोलू राज ने अपने एक ओवर में सादाब मेडिकल इलेवन के खब्बू बल्लेबाज सकीर और सिम्मू को आउट करते हुए केवल 7 रन दिए और 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। गोलू राज की शानदार गेंदबाजी को देखते हुए टूर्नामेंट कमेटी ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी और दर्शक मौजूद रहे।

# अवैध कटान से ग्रामीणों में नाराजगी

**खमरिया-खीरी।** वन रेंज धौरहरा में प्रतिबंधित हरे-भरे आम, नीम, गूलर और शीशम के पेड़ों का अवैध कटान लगातार जारी है। क्षेत्र में हो रहे कटान को लेकर ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ी माफिया दिन-रात पेड़ों पर आरा चलवा रहे हैं और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि एक ओर प्रधानमंत्री पर्यावरण संरक्षण और वृक्ष बचाने का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धौरहरा क्षेत्र में खुलेआम हरे पेड़ों की कटाई करवाई जा रही है। आरोप है कि जब स्थानीय लोग या पर्यावरण प्रेमी इसकी शिकायत वन विभाग के कर्मचारियों से करते हैं तो कार्रवाई करने के बजाय शिकायतकर्ताओं को ही लकड़ी माफियाओं द्वारा डराया-धमकाया जाता है।

# बकरीद में किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं-डीएम



**लखीमपुर खीरी।** बकरीद एवं गंगा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग की अध्यक्षता में अटल सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि शांति समिति की बैठक से प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रशासन त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की कार्ययोजना तैयार करता है। उन्होंने ईओ और डीपीआरओ को निर्देश दिए कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, विशेषकर धार्मिक स्थलों के आसपास, समय से सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिले की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी और कुर्बानी केवल निर्धारित स्थलों पर ही की जाएगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि नमाज मस्जिदों में ही अदा की जाए और सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए, ताकि यातायात बाधित न हो। उन्होंने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम ने कहा कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा, बिजली, पानी और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में डीएफओ तापस मिहिर, अधीक्षण अभियंता विद्युत, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी, धर्मगुरु एवं मौलाना मौजूद रहे। जबकि सभी एसडीएम, सीओ और ईओ वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# विवाद में युवक की अंगुली दांत से काटी

**खमरिया-खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर में मामूली कहासुनी के दौरान हुआ विवाद हिंसक रूप ले बैठा। आरोप है कि विवाद के बीच एक युवक ने दूसरे युवक के बाएं हाथ की अंगुली दांत से काट ली, जिसके बाद मामला थाने पहुंच गया। जानकारी के अनुसार लोधन पुरवा मजरा शंकरपुर निवासी नीलू पुत्र अवधराम गिरि और रामसागर पुत्र भिखारी लाल के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि रामसागर ने गुस्से में आकर नीलू के बाएं हाथ की एक अंगुली दांत से काट डाली। घटना के बाद घायल नीलू ने थाना ईसानगर पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घायल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा तथा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शारदा नदी में डूबी किशोरी, तलाश जारी

**खमरिया-खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखपेड़ा निवासी 14 वर्षीय कोमल पुत्री जगदीश गौतम सोमवार को शारदा नदी में डूब गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार कोमल गांव की अन्य महिलाओं और बच्चों के साथ पड़ोसी जनपद सीतापुर के तंबौर थाना क्षेत्र स्थित परेवा परेई गांव के पास तरबूज लेने गई थी। वापस लौटते समय वह साथियों के साथ शारदा नदी में नहाने उतर गई। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चली गई और डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना खमरिया प्रभारी निर्मल तिवारी मौके पर पहुंचे और तंबौर पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से नदी में किशोरी की तलाश शुरू की गई, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिल सकी।

## संक्षिप्त समाचार

### भवन की चहारदीवारी में पहुंच गया हैंडपम्प

**संसारपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भीषण गर्मी के बीच संसारपुर कस्बे में राहगीरों और स्थानीय लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के मुख्य चौराहे पर लगा सरकारी हैंडपंप कई महीनों से खराब पड़ा है, जबकि बांकेगंज रोड स्थित एक अन्य सरकारी हैंडपंप कथित रूप से एक भवन स्वामी की चारदीवारी के अंदर चला गया है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार चौराहे पर लगा सरकारी हैंडपंप राहगीरों के लिए पीने के पानी का मुख्य साधन था। हैंडपंप खराब होने के कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई। वहीं कस्बा निवासी मैनुद्दीन अंसारी के भवन की चारदीवारी के अंदर सरकारी हैंडपंप होने का मामला भी चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक उपयोग के लिए लगाए गए हैंडपंप तक आम लोगों की पहुंच नहीं होने से समस्या और बढ़ गई है। राहुल वर्मा, मुन्ना अंसारी, गौतम यादव, संजय गुप्ता, ओपी वर्मा और जय सिंह यादव समेत कई दुकानदारों ने प्रशासन से खराब हैंडपंप को जल्द ठीक कराने और चारदीवारी के अंदर मौजूद सरकारी हैंडपंप को सार्वजनिक उपयोग के लिए बाहर कराने की मांग की है। इस संबंध में बांकेगंज के एडीओ पंचायत आरिफ खान ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### अरविंद कुमार वर्मा बने क्षेत्रीय प्रधान

**लखीमपुर-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भारतीय योग संस्थान लखीमपुर खीरी के अंतर्गत क्षेत्र ऑफिसर कॉलोनी की चुनाव प्रक्रिया रामेश्वरम नाथ मंदिर में संपन्न हुई। कार्यक्रम में आनंदपुर सत्संग भवन, रामेश्वरम नाथ शिव मंदिर फॉरेस्ट कॉलोनी और सिद्धेश्वर नाथ मंदिर सलेमपुर कोन केंद्र के केंद्र प्रमुखों सहित बड़ी संख्या में साधक-साधिकाओं ने भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी अशोक तोलानी, जिला संगठन मंत्री के निर्देशन में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री ने अरविंद कुमार वर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया। इसके बाद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अरविंद कुमार वर्मा को क्षेत्रीय प्रधान चुना। कार्यक्रम में नरेश चंद्र वर्मा, रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट, शिवराम वर्मा, डॉ. सुशीला सिंह, विनोद कुमार चोपड़ा और रामटहल वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित क्षेत्रीय प्रधान को माल्यार्पण कर बधाई दी। अरविंद कुमार वर्मा ने अपने क्षेत्रीय मंत्री के रूप में डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम में योग, साधना और स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। अंत में शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### व्यापार मंडल अध्यक्ष की दुकान के पास लगी आग, अफरा-तफरी मची

**पलिया कलां-खीरी।** नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता की दुकान के पास स्थित उनके ताऊ स्वर्गीय रमेश गुप्ता के आवास में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार भवन में स्वर्गीय रमेश गुप्ता के पुत्र रोहित गुप्ता, मोहित गुप्ता और राहुल गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार शाम करीब चार बजे मोहित गुप्ता के जीने के पास बनी गैलरी में शॉर्ट सर्किट से चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान एक जोरदार ब्लास्ट की आवाज भी सुनाई दी, जिससे लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही गौरव गुप्ता ने सूझबूझ दिखाते हुए बिजली की मुख्य लाइन काटी। इसके बाद आकाश कुमार, संदीप सिंह, अभिषेक गुप्ता सहित स्थानीय युवाओं ने बालू, मिट्टी और पानी डालकर आग पर काबू पाया। करीब आधे घंटे में आग बुझा दी गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई थी, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



# स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## रक्षा में निजी क्षेत्र

पिछले लगभग एक दशक के दौरान भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण मुकाम तय किया है। पहले वह हथियारों का आयातक था लेकिन अब उनका निर्माता ही नहीं बल्कि निर्यातक भी बन गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि कोई भी शक्ति भारत को अगले पच्चीस-तीस वर्षों में हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। उनका कहना है कि जो राष्ट्र अपने हथियार स्वयं बनाता है, वह अपना भविष्य स्वयं लिखता है। उन्होंने कहा है कि इस क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका नगण्य थी जो अब तीस प्रतिशत तक है। सरकार ने इसे बढ़ाकर पचास प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। निजी क्षेत्र की भागीदारी रक्षा क्षेत्र में केवल नट-बोल्ट के आपूर्तिकर्ता की ही नहीं है बल्कि यह अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों का निर्माता भी है। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग देश में गहराई से जुड़ा हुआ है लेकिन स्वतंत्रता के बाद देश की पुरानी क्षमताओं और आधुनिक आवश्यकताओं के बीच कोई संतुलन नहीं रहा। इसके पीछे मुख्य कारण यह था कि निजी क्षेत्र के प्रतिभागियों को अवसर नहीं मिले और यह क्षेत्र रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आयुध कारखानों तक ही सीमित रहा। निजी सहभागिता के महत्व को श्री सिंह की यह बात स्पष्ट करती है कि जब सरकार की दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र का नवाचार एक साथ मिलते हैं, तभी देश नई ऊंचाइयों तक पहुंचता है। रक्षा मंत्री की बात को इसलिए हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य तमाम तरह के तनावों से होकर गुजर रहा है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन-रूस युद्ध पूरी दुनिया को एकाधिक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। हमारे पड़ोस के कुछ देश भी व्यर्थ की महत्वाकांक्षाएं पाले बैठे हैं और उनको हकीकत बनाने के सपने देखते रहते हैं। तब भारत के लिए जरूरी है कि अन्य क्षेत्रों में वैश्विक रूप से अग्रणी स्थान बनाने के साथ रक्षा क्षेत्र में भी एक प्रबल शक्ति बनकर उभरे जिसके साथ टकराने का दुस्साहस कोई न करने पाए। हथियारों के निर्माण से देश की शक्ति बढ़ेगी तो रक्षा निर्यात से रक्षा राजस्व में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होगी। इसलिए रक्षा क्षेत्र में निजी सहभागिता को भरपूर बढ़ावा देने की सरकार कुछ नीति पूरी तरह सही है। आने वाले समय में रक्षा क्षेत्र ही देश के विभिन्न निर्णयों का मुख्य आधार होगा।

## बाल विवाह

बाल विवाह समाज में प्रचलित उन तमाम कुप्रथाओं में एक है जिसके विरोध में बातें तो बढ़ चढ़कर की जाती हैं लेकिन सदियों बाद आज भी उन्हें खत्म नहीं किया जा सका है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में तो यह चल ही रहा है, उत्तर प्रदेश के अनेक भागों में भी यह अभी तक प्रचलन में है। सवाल यह है कि जिस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए तमाम अभियान चलाए जाते रहे हैं, जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जाता है और यहां तक कि सख्त कानूनी व्यवस्थाओं का प्रावधान तक किया गया है, तब भी क्या वजह है जो इसके प्रचलन पर अंकुश नहीं लगाया जा सका। इसका जवाब इलाहाबाद हाईकोर्ट के कथन में मिलता है जिसमें कहा गया है कि उप्र में बाल विवाह बढ़ रहे हैं क्योंकि यूपी पुलिस इन गैर कानूनी विवाहों के दूल्हों और मदद करने वालों पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत केस दर्ज करने में नाकाम रही है। कोर्ट की बहुत महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी है कि अब तक एक भी मामला ऐसा नहीं आया है जिसमें पुलिस ने 2006 के अधिनियम के तहत किसी नाबालिग लड़की से शादी करने वाले आरोपी या ऐसे गैर कानूनी विवाह को संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की हो। दरअसल, कुछ तो रूढ़ियों के कारण और कुछ अपनी आर्थिक मजबूरियों के कारण लोग बच्चों की शादी करा कर जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहते हैं लेकिन वे यह नहीं समझते कि ऐसा करके वे 'दूल्हा-दुल्हन' के भविष्य के साथ किस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं। बचपन जिम्मेदारियों और तनावों से मुक्त रहने का समय है क्योंकि तभी उसका स्वाभाविक विकास होता है। लेकिन इसी दौर में घर-परिवार का दायित्व उठाने की मनःस्थिति उसके भावी जीवन को कुंठित कर देती है। कोर्ट का यह कहना भी सही है कि बाल विवाह का उन्मूलन संवैधानिक अनिवार्यता भी है।

## काँव-काँव

♦♦♦

इबोला वैश्विक आपातकाल-विश्व स्वास्थ्य संगठन

लोग कोरोना वैक्सीन से किसी तरह जिंदा बचे!

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी है -एयर चीफ

रूस से मिसाइल डिफेंस,फ्रांस से राफेल अटैक!

असम में अब गाय की कुर्बानी पर पाबंदी -हेमंता

कुर्बानी देनी है तो गाय को मिथुन बताना सीखें!

ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार

यही जवाबी कव्वाली सुनते कान पक गये हैं!

भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो -योगी

विद्युत उपकरण खरीद के घोटालेबाज मस्त हैं!

भारत खरीदेगा हजारों अरब का अमेरिकी सामान

स्वदेशी अभियान की आत्मा को शांति मिलेगी!

♦♦♦

# संकट को अवसर में बदल सकता है भारत



– अभिजीत मुखोपाध्याय

होर्मुज जलडमरूमध्य में गतिरोध का भारी असर वैश्विक अर्थव्यवस्था झेल रही है. इसका असर सबसे अधिक तेल और ऊर्जा क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कम ईंधन उपयोग करने, कम सोना खरीदने, विदेशी यात्राएं टालने और संभव हो, तो घर से काम करने जैसी सलाह दी थी. मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए ये सुझाव विवेकपूर्ण हैं. हालांकि इन सुझावों ने अनिश्चितता का वातावरण भी पैदा कर दिया. भारत इस परिस्थिति को संभाल सकता है और अच्छी बात यह है कि उसके पास पहले से कई नीतिगत साधन मौजूद हैं, जो विकास की गति बनाये रखते हुए इस झटके को कम कर सकते हैं। सही तरीका घबराना नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रबंधन, लक्षित राहत, सप्लाई-साइड उपायों और विश्वसनीय व्यापक आर्थिक संकेतों का संतुलित मिश्रण अपनाना है. भारत पहले भी बाहरी झटकों का सामना कर चुका है और वर्तमान नीतिगत ढांचा पहले की तुलना में अधिक सक्षम है, जो अस्थिरता को संभालते हुए परिवारों और व्यवसायों की रक्षा कर सकता है. तत्काल समस्या एक पारंपरिक आयातित लागत झटका है. कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, कठिन शिपिंग परिस्थितियां और घरेलू ईंधन मूल्यों में वृद्धि परिवहन, लॉजिस्टिक्स और अंततः खुदरा महंगाई पर असर डालती हैं। सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत कमजोर आर्थिक आधार पर खड़ा नहीं है. हाल की सरकारी परियोजनाओं और नीतिगत बयानों में मजबूत विकास, राजकोषीय संतुलन और सप्लाई-साइड परिस्थितियों में सुधार पर जोर दिया गया है, जबकि रिजर्व बैंक ने बदलती परिस्थितियों के अनुसार हाल ही में महंगाई और विकास के अनुमानों में संशोधन किया है यानी प्राथमिक नीतिगत लक्ष्य संकट को नियंत्रित करना है, बचाव अभियान चलाना नहीं. पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि अस्थायी लागत झटका व्यापक महंगाई के चक्र में न बदल जाए. सरकार यह काम ईंधन मूल्य समायोजन को व्यवस्थित रखते हुए, अचानक मूल्य वृद्धि से बचते हुए तथा यथासंभव तेल विपणन प्रणाली का उपयोग कर अस्थिरता को नियंत्रित करके कर सकती है।

दूसरा कदम सबसे कमजोर परिवारों की सुरक्षा का होना चाहिए, न कि कीमतों को अंधाधुंध नियंत्रित करने का प्रयास. मध्यम अवधि में महंगाई को नियंत्रित करने का सबसे मजबूत उपाय सप्लाई-साइड विस्तार है. सरकार संवेदनशील और आवश्यक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति और खरीद प्रबंधन को तेज कर सकती है, बफर स्टॉक संचालन में सुधार कर सकती है और आंतरिक लॉजिस्टिक्स को सुचारु रख सकती है, ताकि खाद्य महंगाई ईंधन झटके को और न बढ़ाए. परिवहन और वितरण में रुकावटों को कम करना भी जरूरी है. यदि माल ढुलाई लागत तेजी से बढ़ती है, तो इसका असर जल्द ही ईंधन से खाद्य पदार्थों, विनिर्मित वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच जाता है. बेहतर लॉजिस्टिक्स समन्वय, राजमार्गों पर सुचारु आवागमन और आवश्यक वस्तुओं की समय पर आपूर्ति इस प्रभाव को कम कर सकती है. ऊर्जा सुरक्षा ही इस समस्या का मूल रणनीतिक समाधान है। भारत पहले ही कच्चे तेल की खरीद में विविधता ला चुका है. इस विविधता को और बढ़ाया जाना चाहिए. रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार भी महत्वपूर्ण हैं. भारत ने भंडारण क्षमता विकसित की है और इसके विस्तार की संभावनाओं का आकलन जारी रखा है. साथ ही, मांग प्रबंधन को ऊर्जा नीति का स्पष्ट हिस्सा बनाया जाना चाहिए. ऊर्जा दक्षता मानक, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, औद्योगिक ऊर्जा ऑडिट और मांग-पक्ष प्रबंधन आयातित तेल झटकों के प्रति अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता को कम कर सकते हैं. यह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह संकट केवल कीमतों से जुड़ा नहीं है, लचीलापन भी इसका हिस्सा है. अर्थव्यवस्था जितनी कम तेल-निर्भर होगी, बाहरी झटकों का प्रभाव उतना ही कम होगा. वृहद आर्थिक स्तर पर, रिजर्व बैंक और सरकार को सतर्क रहना चाहिए. यदि संकट मुख्य रूप से सप्लाई-साइड आधारित रहता है, तो मौद्रिक नीति को अनावश्यक रूप से विकास को बाधित करने से बचना चाहिए। साथ ही महंगाई की अपेक्षाओं को भी नियंत्रित रखना चाहिए. रिजर्व बैंक की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि महंगाई का मूल परिदृश्य संभालने योग्य है, पर वैश्विक तेल कीमतों व भू-राजनीतिक जोखिमों पर निगरानी जरूरी है. राजकोषीय नीति को अनुशासित, पर लचीला बनाए रखना चाहिए. सरकार लगातार राजकोषीय संतुलन की दिशा में आगे बढ़ रही है, और यह विश्वसनीयता कठिन समय में एक महत्वपूर्ण संपत्ति है. सही राजकोषीय दृष्टिकोण यह होगा कि लक्षित हस्तक्षेपों के लिए पर्याप्त गुंजाइश बची रहे. इसका अर्थ है पूंजीगत व्यय की रक्षा करना, क्योंकि यह रोजगार और उत्पादकता को बढ़ावा देता है, जबकि आवश्यकता पड़ने पर सावधानीपूर्वक तैयार अस्थायी उपायों का उपयोग किया जाये। भारत को इस समय को व्यापार और सप्लाई चेन विविधीकरण को तेज करने के अवसर के रूप में भी देखना चाहिए. निर्यात की मजबूती तब बढ़ती है, जब कंपनियां सीमित मार्गों पर निर्भर न रहकर विभिन्न बाजारों और उत्पादन नेटवर्क से जुड़ती हैं. वैकल्पिक व्यापार मार्गों को मजबूत करना, साझेदारियां गहरी करना और मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क विकसित करना किसी एक भू-राजनीतिक बाधा पर निर्भरता को कम कर सकता है. यह तेल-निर्भर क्षेत्रों जैसे उर्वरक, रसायन और परिवहन उपकरणों में घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने का भी अच्छा समय है. व्यापक उद्देश्य यह होना चाहिए कि समय के साथ भारत आयातित महंगाई के प्रति कम संवेदनशील बने। नीति-निर्माताओं के लिए सबसे रचनात्मक संदेश यह है कि भारत के पास विकल्प मौजूद हैं, ऊर्जा विविधीकरण, राजकोषीय अनुशासन, सप्लाई-साइड प्रबंधन और लक्षित कल्याणकारी सहायता मिलकर काम कर सकते हैं. ऐसा रोडमैप नीतिगत परिपक्वता दर्शाएगा. इसलिए वर्तमान संकट को भारत की क्षमता की परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि उसके भविष्य पर तत्काल निर्णय के रूप में. यदि इसे अनुशासन के साथ संभाला गया, तो यह स्थिति तेज ऊर्जा परिवर्तन, बेहतर लॉजिस्टिक्स और अधिक सुरक्षित सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को और मजबूत बना सकती है. भारत की नीतिगत चुनौती विकास को स्थिर बनाए रखते हुए कमजोर वर्गों की सुरक्षा करना है, और इस दिशा में उपलब्ध साधन व्यापक तथा व्यावहारिक हैं।




## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

द्यावापृथिव्योरिदमन्तरं हि व्याप्तं त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः।
दृष्ट्वाद्भुतं रूपमुग्रं तवेदं लोकत्रयं प्रव्यथितं महात्मन्
।।20।।

हे महात्मन् ! अन्तरिक्ष और पृथ्वी के बीच का सम्पूर्ण आकाश तथा सब दिशाएँ एकमात्र आपसे ही परिपूर्ण हैं। आपके इस अलौकिक, भयंकर रूप को देखकर तीनों लोक अत्यन्त व्यथित हो रहे हैं।

अमी हि त्वां सुरसङ्घा विशन्ति कमल केचिद्भीताः प्राञ्जलयो गृणन्ति । स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसङ्घाः स्तुवन्ति त्वां स्तुतिभिः पुष्कलाभिः ।।21।।

वे देवताओं के समूह आपमें ही प्रवेश कर रहे हैं और कई एक भयभीत होकर हाथ जोडे हुए आपके गुणों का गान कर रहे हैं। महर्षि और सिद्धों के समुदाय स्वस्तिवाचन अर्थात् 'कल्याण हो', ऐसा कहते हुए सम्पूर्ण स्तोत्रों द्वारा आपकी स्तुति कर रहे हैं।

रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेऽश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च। गन्धर्वयक्षासुरसिद्धसङ्घा वीक्षन्ते त्वां विस्मिताश्चैव सर्वे ।। 22 ।।

रुद्र, आदित्य, वसु, साध्य, विश्वेदेव, अश्विनीकुमार, वायुदेव और 'उष्मपाः' - ईश्वरीय ऊष्मा ग्रहण करनेवाले तथा गन्धर्व, यक्ष, राक्षस और सिद्धों के समुदाय सभी आश्चर्य से आपको देख रहे हैं अर्थात् देखते हुए भी समझ नहीं पा रहे हैं; क्योंकि उनके पास वह दृष्टि ही नहीं है। श्रीकृष्ण ने पीछे बताया कि आसुरी स्वभाववाले मुझे तुच्छ कहकर सम्बोधित करते हैं, सामान्य मनुष्य-जैसा मानते हैं जबकि मैं परमभाव में, परमेश्वर रूप में स्थित हूँ। यद्यपि हूँ मनुष्य-शरीर के आधारवाला। उसी का विस्तार यहाँ है कि वे आश्चर्य से देख रहे हैं, यथार्थतः समझ नहीं पा रहे हैं- नहीं देखते हैं।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**देहाभिमाने गलिये ज्ञानेन परमात्मनि।**
**यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र समाधयः।।**

परमात्म का ज्ञान प्राप्त कर लेने पर जब मनुष्य का देहाभिमान छूट जाता है, तो वह अपने को शरीर न मानकर उससे भिन्न मानने लगता है। तब उसका मन जहां भी जाता है, उसे वहीं समाधि की अनुभूति होने लगती है, अर्थात् वह जागृतावस्था में ही स्थिति में पहुंच जाता है।

♦♦♦

# दहेज देने और उत्पीड़न के ठोस साक्ष्य से ही सख्त सजा संभव

– सीमा जोशी

ग्रेटर नोएडा और भोपाल की हालिया दहेज मृत्यु घटनाएं दोहरा रही हैं कि देश के दहेज-विरोधी कानून कागज पर कितने भी कड़े क्यों न हों, जमीनी स्तर पर उनका निवारक असर दुर्लभ और अस्थायी लगता है. दोनों मामलों में नवविवाहिताएं विवाह के कुछ ही महीनों के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मरीं, और दहेज-उत्पीड़न के गंभीर आरोप मृत्यु के बाद सामने आए. इसका अर्थ यह नहीं कि कानून नहीं हैं, बल्कि अर्थ यह है कि कानून के पाठ और न्यायालय की प्रक्रिया के बीच गहरी खाई बनी हुई है, जिसके कारण दहेज हत्या अक्सर ऐसी घटना बनकर रह जाती है, जहां सख्त सजा मिलती तो है, पर दहेज हत्याओं को रोका नहीं जा पा रहा।

दहेज-मृत्यु के लिए अब बीएनएस में धारा 80 बन गयी, जिसके तहत विवाह के लगभग सात वर्ष के भीतर दहेज-आधारित उत्पीड़न के कारण हुई मृत्यु पर न्यूनतम सात वर्ष एवं अधिकतम आजीवन कारावास का प्रावधान है. साथ ही, बीएनएस के तहत धारा 85 दहेज-आधारित क्रूरता व उत्पीड़न को दंडनीय बनाती है, जबकि दहेज निषेध अधिनियम, 1961 दहेज देने और लेने पर प्रतिबंध लगाता है. न्यायालय कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि दहेज मृत्यु के लिए अभियोजन को उत्पीड़न और मृत्यु के बीच निकट और सजीव संबंध साबित करना होता है।

इस संदर्भ में सतबीर सिंह बनाम राज्य विंद्य (हरियाणा, 2021) में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'मृत्यु से कुछ समय पहले का' आशय समय-संबंधित, स्पष्ट और लगातार उत्पीड़न से है. इस निर्णय ने उन मामलों को कमजोर बनाया, जहां शिकायत देर से आयी या दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे और अभियोजन केवल मृत्यु के बाद के बयानों पर निर्भर था. इसी तर्ज पर कंस राज बनाम स्टेट ऑफ पंजाब (2000) में सुप्रीम कोर्ट ने दहेज-मृत्यु में सामान्य आरोप से बचने की जरूरत बतायी और कहा कि उत्पीड़न का साक्ष्य विशिष्ट, तारीख-वाला और ठोस होना चाहिए, न कि केवल भावनात्मक वर्णन पर आधारित। फुलेल सिंह बनाम स्टेट ऑफ हरियाणा (2023) में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब मृत्युकालीन बयान की विश्वसनीयता संदिग्ध हो और दहेज-उत्पीड़न के अन्य स्वतंत्र सबूत न हों, तब न्यायालय सख्त सजा की राय व्यक्त करते हुए भी, साक्ष्य-अभाव के चलते आरोपियों को बरी करने में संकोच नहीं करेंगे. यही बात निवारक प्रभाव को कमजोर करती है, क्योंकि दहेज-आधारित हिंसा तब तक रहेगी, जब तक उसके खिलाफ समय-संबंधित और दस्तावेजीकृत साक्ष्य नहीं होंगे. दहेज निषेध अधिनियम दहेज देने और लेने, दोनों को दंडनीय बनाता है, पर व्यवहार में अभियोजन अक्सर पति एवं उसके परिवार को निशाना बनाता है, जबकि देने वाले पक्ष को पीड़ित या निर्दोष मान लिया जाता है। इससे दहेज-प्रथा के सामाजिक-आर्थिक चक्र पर प्रहार नहीं हो पाता-केवल दंड पक्ष पर होता है. इस पृष्ठभूमि में अर्णेश कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार जैसे निर्णय ने अहम भूमिका निभायी।

सुप्रीम कोर्ट ने दोषारोपण और गिरफ्तारी के दुरुपयोग के खतरे को दिखाते हुए 498ए जैसे प्रावधानों के प्रयोग पर रोक लगायी और संतुलित जांच और आरक्षण-प्राधिकार के प्रयोग पर सख्त दिशा-निर्देश दिये. इससे जहां गलत या बदला-लेने की नीयत से दर्ज की गयी शिकायतों पर अंकुश लगा, वहीं पुलिस और अधिकारी दहेज-मामलों में इतने सावधान हो गये कि शीघ्र हस्तक्षेप और प्रारंभिक साक्ष्य संरक्षण भी दुर्लभ हो गया।

साक्ष्य अधिनियम की धारा 113बी और बीएनएस की धारा 80 के तहत दहेज-उत्पीड़न के आरोप में आरोपी पर उल्टा बोझ लगता है कि वह खुद अपनी निर्दोषता साबित करे, पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह उल्टा बोझ केवल तभी लागू होता है, जब प्रथम-व्यक्ति अभियोजन ने उत्पीड़न और मृत्यु के बीच एक प्राथमिक और विश्वसनीय जुड़ाव साबित कर दिया हो. इसी का अनुभव 2026 में एक दहेज-मृत्यु मामले (बहु-आरोपी) में हुआ, जहां सुप्रीम कोर्ट ने पति के परिवार वाले की दोषसिद्धि हटाते हुए कहा कि सामान्य आरोप और अस्पष्ट दावे से धारा 113बी के अनुमान को जोड़ना यथार्थ के अनुरूप नहीं. कोर्ट ने दोहराया कि उसे उत्पीड़न का निकट-समय और ठोस चित्र चाहिए, ऐसा चित्र, जो मैसेज-क्लिप, बैंक-लेनदेन या चिकित्सा-रिकॉर्ड जैसे स्वतंत्र दस्तावेजों से मिलकर बनता हो।यह निर्णय स्पष्ट संकेत है ~ जब तक दहेज लेन-देन और उत्पीड़न का आर्थिक-डिजिटल नक्शा नहीं बनेगा, तब तक निवारक प्रभाव दुर्लभ रहेगा, भले ही सजा की भाषा कितनी भी कड़ी हो।

ग्रेटर नोएडा और भोपाल की घटनाएं अकेले दर्द भरे समाचार-शीर्षक नहीं, ये एक चेतावनी हैं कि जब तक दहेज-लेन-देन को दर्ज, मॉनिटर और जवाबदेही-क्षेत्र में नहीं लाया जाएगा, तब तक कानूनी-सख्ती भ्रम-मात्र बनी रहेगी. इसीलिए आगे का रास्ता यह है कि राष्ट्रीय और राज्य-स्तर पर ऐसे निवारण-केंद्रित अधिनियम बनें, जो दहेज लेन- देन को दस्तावेजीकृत करें, शीघ्र हस्तक्षेप की प्रक्रिया तय करें, और दुरुपयोग-रोधी उपाय भी शामिल रखें. तभी दहेज-कड़ाई कागजी-भ्रम से निकलकर वास्तविक-निवारक तंत्र बनेगी।



## प्रेरक प्रसंग

### ज्ञान का दीपक

रात का अंधकार वातावरण को अपने आवरण में छुपाने लगा था, शाम के प्रार्थना के पश्चात गुरु ने अपने एक प्रमुख शिष्य को पुस्तक देते हुए कहा कि इसे आश्रम के भीतर प्रकोष्ठ में रख आये।

शिष्य पुस्तक लेकर भीतर गया किन्तु तुरंत ही लौट आया और घबराये हुए स्वर में बोला गुरुदेव, भीतर सांप है।

गुरुदेव बोले कोई बात नहीं, मै तुम्हें सांप भगाने का एक मन्त्र देता हूँ, तुम अंदर जाकर इसका उच्चारण करो। जिससे सांप खुद ब खुद भाग जायेगा।

शिष्य ने वैसा ही किया।। वह थोड़ी देर बाद वापस आया और बोला गुरुदेव, सांप तो अपनी जगह से हिला भी नहीं।

गुरुदेव बोले कोई बात नहीं, शायद तुमने मन्त्र का उच्चारण श्रद्धा पूर्ण नहीं किया है। ऐसा करों एक बार फिर जाओ और पुरे मन से मन्त्र का जाप दोबारा करो। जैसी आज्ञा गुरुदेव, कहकर शिष्य अंदर चला गया। फिर वापस आकर बोला, गुरुदेव सांप तो वैसे का वैसे ही पड़ा है। भगने का नाम ही नहीं ले रहा।

ओह, गुरुदेव ने कहा तुम दीपक अंदर लेकर जाओ वह सांप खुद ब खुद भाग जायेगा।

शिष्य दीपक लेकर अंदर गया। थोड़ी देर बाद वापस आकर बोला अंदर तो साप था ही नहीं गुरुदेव, वह तो केवल एक रस्सी थी, जो अँधेरे में मुझे एक सांप के सामान प्रतीत हो रही थी।

गुरुजी बोले शिष्य, इसी प्रकार पुरे संसार पर भ्रम छाया हुआ है, जिसे ज्ञान रूपी दीपक और शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है। भ्रम का तात्पर्य होता है। सत्य पर असत्य का आवरण, यह भ्रम तब तक दूर नहीं हो सकता, जब तक ज्ञान रूपी आवरण हमारे पास ना हो।

## आपका पत्र मिला

### प्रतिष्ठित परिवारों की बहुओं में बढ़ते - आत्महत्या के मामले


मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल बीते कुछ दिनों से एक ऐसे मामले को लेकर देशभर में चर्चा का केंद्र बनी हुई है, जिसने समाज, कानून और संवेदनाओं तीनों को झकझोर कर रख दिया है। न्याय जगत से जुड़े एक प्रतिष्ठित परिवार की बहू त्विषा शर्मा की संदिग्ध मृत्यु ने न केवल कई सवाल खड़े किए हैं, बल्कि आधुनिक समाज के उस कड़वे सच को भी उजागर किया है, जिसे अक्सर रसूख और प्रतिष्ठा की चमक के पीछे छिपा दिया जाता है। त्विषा शर्मा की मौत आत्महत्या है या हत्या इसका अंतिम निर्णय जांच एजेंसियां और न्यायालय करेंगे। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपना और दोबारा पोस्टमार्टम कराना इस घटना की गंभीरता को दर्शाता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर वह कौन सी पीड़ा होती है, जो एक शिक्षित, संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार की बहू को जीवन समाप्त करने जैसे भयावह कदम तक पहुँचा देती है? देश में प्रतिदिन अनेक विवाहित महिलाओं की आत्महत्या और हत्या के मामले सामने आते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना और दहेज की मांग से जुड़ी होती हैं। दुर्भाग्य यह है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की बेटियों की आवाज़ अक्सर थानों की चौखट पर ही दम तोड़ देती है। उनके पास न प्रभाव होता है, न संसाधन और न ही लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने की ताकत। ऐसे मामलों को कभी घरेलू विवाद, कभी अवैध संबंध तो कभी सामान्य आत्महत्या बताकर फाइलों में दफना दिया जाता है। त्विषा शर्मा का मामला इसलिए राष्ट्रीय चर्चा बना क्योंकि उसके परिवार ने हार नहीं मानी। उन्होंने न्याय के लिए आवाज उठाई और मामला सर्वोच्च स्तर तक पहुँचा। लेकिन सवाल यह है कि देश की उन हजारों बेटियों का क्या, जिनकी मौतें बिना शोर, बिना सुर्खियों और बिना न्याय के दफना दी जाती हैं?

**अरविंद रावल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*




# मंगल भवन अमंगल हारी





# चौथा बड़ा मंगल आज : ऐसे करें भगवान हनुमान की पूजा



ज्येष्ठ का महीना कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जाता है। यह हिंदू नव वर्ष का तीसरा महीना है। इस दौरान आने वाले सभी मंगलवार को बड़ा मंगल के नाम से जाना जाता है। यह पारंपरिक रूप से भगवान हनुमान को समर्पित है। इस अवसर पर लोग भगवान हनुमान की पूजा करते हैं। इस पर्व को बुढ़वा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। आज चौथा बड़ा मंगल मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है, तो चलिए इस दिन की पूजा विधि और शुभ योग के बारे में जानते हैं - करते हुए एक दीपक जलाएं। बूंदी के लड्डुओं का भोग लगाएं। तुलसी और गुलाब के फूलों की माला अर्पित करें। उनके किसी मंदिर जाएं और उनका आशीर्वाद लें। इस दिन भगवान हनुमान को चमेली का तेल, सिंदूर और चोला चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। भाव के साथ हनुमान जी की आरती करें। सभी समस्याओं को दूर करने के लिए हं हनुमते नमः का 108 बार जाप करें। भक्त पूजा में हुई गलतियों के लिए क्षमा याचना करें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार घर की छत पर लाल या भगवा रंग का हनुमान ध्वज लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। लाल रंग को शक्ति, साहस और उत्साह का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि जहां हनुमान जी का ध्वज लहराता है, वहां नकारात्मक शक्तियां और बुरी नजर अपना प्रभाव नहीं दिखा पातीं। पौराणिक दृष्टि से हनुमान जी भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं, इसलिए उनके ध्वज को घर पर लगाने से श्रीराम और हनुमान दोनों की कृपा प्राप्त होने की मान्यता है। विशेष रूप से मंगलवार और शनिवार के दिन ध्वज लगाना अत्यंत शुभ माना गया है।

## करें इन चीजों का दान

बड़े मंगल पर हनुमान जी की पूजा पूरे नियमों के साथ व शक्तिशाली मंत्रों से की जाती है। साथ ही बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाता है। इस दौरान उन्हें बूंदी या लड्डुओं का भोग लगाने से उनकी विशेष कृपा बनी रहती है। बड़े मंगल के दिन दान करने से रुके हुए कार्यों को गति मिलती है और करियर में भी सफलता के योग बनते हैं। **बड़ा मंगल पर करें इन चीजों का दान :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बड़े मंगल पर जरूरतमंदों को दूध का दान करना चाहिए। माना जाता है कि इससे बीमारियों से छुटकारा मिलता है। साथ ही व्यक्ति को निरोग स्वास्थ्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हनुमानजी की विशेष कृपा पाने के लिए बड़े मंगल पर दान-पुण्य के कार्य जरूर करने चाहिए। दान करने से जीवन की तमाम समस्याओं से निकला जा सकता है। इस शुभ दिन पर आप हनुमानजी को चोला अर्पित करें और जरूरतमंदों लोगों को लाल कपड़े का दान करना चाहिए। इससे बजरंगबली का आशीर्वाद मिलता है। गुड़ का दान करने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति और मंगल की स्थिति मजबूत होती है। यदि आप हनुमानजी का आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो बड़े मंगल पर मंदिर या जरूरतमंद लोगों को गुण का दान करें। इससे जातक की कुंडली में अशुभ ग्रहों का प्रभाव समाप्त होता। घी का दान बेहद शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म में घी के बिना पूजा पूर्ण नहीं माना जाती है, इसे शुभता का प्रतीक माना जाता है। यदि आप बड़े मंगल के शुभ अवसर पर घी का दान करते हैं तो जीवन उन्नति की ओर अग्रसर होता है। साथ ही कष्टों में कमी आ सकती है।

# बजरंगबली के प्रिय होते हैं मूलांक 9 के जातक



अंकशास्त्र के अनुसार, राशि की तरह जन्म तारीख पर हमारे जीवन में बेहद मायने रखती है। इससे हम किसी की पसंद, नापसंद, आदतों के बारे में काफी हद तक जान सकते हैं। आपको बता दें कि अपना मूलांक निकालने के लिए आप अपनी जन्म तिथि, महीने और वर्ष को इकाई अंक तक जोड़ें और तब जो संख्या आएगी, वही आपका भाग्यांक होगा। इसी के साथ चलिए आज हम आपको मूलांक 9 के लोगों के स्वभाव के बारे में बताएंगे। जानकरी के लिए बता दें जिन लोगों का जन्म किसी भी महीने की 9, 18 और 27 तारीख को हुआ है, उनका मूलांक 9 होता है। तो अब चलिए जानते हैं इनका स्वभाव -

**हनुमान जी के बेहद होते हैं प्रिय**
हनुमान जी की उपासना करने से सभी समस्या शीघ्र ही समाप्त हो जायेगी। घर में यदि क्लेश है तो मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ करे सब ठीक हो जाएगा। नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करने से आर्थिक समृद्धि, मान सम्मान तथा यश की प्राप्ति होगी।

**बोलने में माहिरता :** मूलांक 9 वालों का जीवन संघर्षों से भरा होता है। ये लोग स्वाभिमानी होते हैं। इन्हें अपनी तारीफ सुनना अच्छा लगता है। ये लोग शरीर से मजबूत और ऊर्जावान होते हैं। ये साहसी और निडर होते हैं। ये हर विपरीत परिस्थिति का बहादुरी के साथ सामना करते हैं। ऐसे लोगों की आवाज थोड़ी ऊंची व तीखी होती हैं। कहा जाता है कि मूलांक 9 वाले बोलने में माहिर होते हैं। ऐसे में इनकी बात को कोई नजरअंदाज नहीं कर पाता है।

**बुद्धिमान होते हैं :** हंसना-हंसाना ही इनकी प्रवृत्ति होती है। लेकिन लोगों को मुस्कान देने वाले ये लोग किसी से अपना दर्द नहीं बांटते हैं। ये तीव्र बुद्धि को होते हैं। यदि इनके सम्बंधों की बात की जाय तो सामान्यतयः मूलांक 9 वाले अपने संबंधियों को खूब लाभ पहुंचाते हैं। लेकिन भाई-बहनों से मनमुटाव होने की भी स्थितियां बनती रहती है। गुस्से, स्वाभिमान या अभिमान के कारण भी इनके प्रेम संबंधों को टूटते हुए देखा गया है।

**बेहद साहसी भी होते हैं :** ये इंजीनियर, डॉक्टर, आग या बिजली से सम्बंधित काम करते हैं। इसके अलावा ये राजनीति, होटल सम्बंधी काम, टूरिज्म, घुड़सवारी या सर्कस से जुड़े काम करने में भी माहिर होते हैं।

# हिंदू धर्म में सर्वश्रेष्ठ है ब्रह्म विवाह



हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में से विवाह को पवित्र संस्कार माना गया है। विवाह चौदहवां संस्कार है। विवाह महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में शामिल होने की वजह से वैदिक मंत्रों और रीती-रिवाजों के द्वारा पूर्ण किया जाता है। हिंदू धर्म में 8 प्रकार के विवाह बताए गए हैं, जिनका विशेष महत्व है। इन विवाह में सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म विवाह को और सबसे निम्न कोटि का स्थान पैशाची विवाह को दिया गया है। आइए विस्तार से जानते हैं इन 8 प्रकार के विवाह के बारे में।

8 प्रकार के होते हैं विवाह

**1. बह्म विवाह-** दूल्हा और दुल्हन की सहमति से होने वाला विवाह ब्रह्मा विवाह कहलाता है। इस विवाह में नियम और रीति-रिवाज का पालन किया जाता है।

**2. देव विवाह –** दूसरे नंबर पर देव विवाह आता है। इस विवाह को किसी उद्देश्य के लिए कन्या का विवाह उसकी सहमति से करवाया जाता है।

**3. आर्ष विवाह-** शास्त्रों की मानें तो आर्ष विवाह का संबंध ऋषियों से है। इस विवाह में कन्या के पिता को बैल और गाय को दान में देकर संपन्न किया जाता है।

**4. प्रजापत्य विवाह-** चौथे नंबर पर प्रजापत्य विवाह आता है। इस विवाह में वधू के पिता दूल्हा और दुल्हन को आदेश देते हैं कि विवाह के पश्चात वह गृहस्थ धर्म का पालन कर जीवन यापन करेंगे।

**5. असुर विवाह-** इस विवाह में वर पक्ष कन्या के परिजनों को कुछ पैसे देकर कन्या को खरीद लेता है। इस विवाह में कन्या की सहमति अवश्य होनी चाहिए।

**6. गांधर्व विवाह-** इस विवाह को वर और वधु की इच्छा से किया जाता है। गांधर्व विवाह प्रेम विवाह की तरह है।

**7.राक्षस विवाह-** इस विवाह को निम्न कोटि का विवाह माना गया है। जब किसी से कन्या का अपहरण कर विवाह किया जाए, तो ऐसे विवाह को राक्षस विवाह कहा जाता है।

**8.पैशाच विवाह-** इस विवाह को बेहोशी की हालात, कन्या की बिना सहमति और अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाकर शादी करने को पैशाच विवाह कहा जाता है।

# घर में रखा मोरपंख दिलाएगा हर अड़चन से छुटकारा

घर में परेशानी, कलह-कलेश का मुख्य कारण कुछ और नहीं बल्कि घर में मौजूद वास्तु दोष हो सकता है। वास्तु दोष के कारण जीवन में परेशानियां आने लगती हैं। इसके अलावा परिवार के सदस्यों के बीच भी कलह-कलेश रहता है। वास्तु शास्त्र में घर के कलह-कलेश को दूर करने के लिए कई सारे वास्तु उपाय बताए गए हैं, जिसमें से एक घर पे मोर पंख रखना भी एक है -

घर में बुरी नजर लगने के कारण भी यहां नेगेटिविटी रहती है। ऐसे में इसे दूर करने के लिए आप ईशान कोरण में भगवान श्रीकृष्ण का चित्र और मोरपंख लगाएं। इससे वास्तु दोष भी दूर होगा और घर में सुख-शांति भी बनी रहेगी। यदि आपके शत्रुओं ने आपको परेशानी किया है तो आप शनिवार और मंगलवार को हनुमान जी के माथे से सिंदूर लेकर मोरपंख पर लगाएं। इसके बाद इस मोरपंख को बहते हुए पानी में बहा दें। मान्यताओं के अनुसार, इससे आपको शत्रुओं से निजात मिलेगी। मोरपंख में सारे देवी-देवताओं और नव ग्रहों का वास होता है।

# वास्तु के अनुसार घर में लगाएं ये पौधे



घर की सजावट आदि के लिए कई पेड़-पौधे लगाए जाते हैं। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई पौधे बताए गए हैं, जिन्हें घर में रखने से सुख-शांति का माहौल बना रहता है। साथ ही इन पेड़-पौधों को घर में रखने से साधक पर मां लक्ष्मी की भी कृपा बनी रहती है। चलिए जानते हैं वह पेड़-पौधे कौन-से हैं। तुलसी का पौधा हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। माना जाता है कि तुलसी का पौधा घर में रखने और नियमित रूप से उसकी पूजा करने से मां लक्ष्मी की कृपा पूरे परिवार पर बनी रहती है। इसके साथ ही वास्तु में भी इस पौधे को विशेष महत्व दिया गया है। वास्तु नियमों के अनुसार, तुलसी को घर की उत्तर या फिर उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। बैम्बू प्लांट को भी शुभ पौधों में से एक माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस पौधे को घर के लॉन या बरामदे में लगाना ज्यादा शुभ माना जाता है। इसके साथ ही बांस को आप पूर्व दिशा में भी लगा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि जैसे-जैसे यह पौधा बढ़ता है, उसी प्रकार व्यक्ति के जीवन में भी तरक्की आती रहती है। सफेद पलाश का पौधा भी बहुत ही शुभ माना जाता है। **बांस का पौधा** – वास्तु के अनुसार, बांस आपके घर में खुशी, सौभाग्य, प्रसिद्धि, शांति व धन लाता है। इसे घर या ऑफिस के डेस्क पर रखा जा सकता है और इसे उपहार में दिया जाने वाला एक शुभ पौधा भी माना जाता है। **मनी प्लांट** –वास्तु शास्त्र के अनुसार, मनी प्लांट को घर के सामने वाले कमरे के दक्षिण-पूर्व कोने में रखने पर घर में सौभाग्य आता है। मनी प्लांट को अपने घर के गलियारे में लगाना भी फायदेमंद हो सकता है। **लैवेंडर का पौधा** –लैवेंडर की खुशबू बेहद आकर्षक होती है तथा यह तनाव को कम करने में मदद करता है। यह मन को शांति प्रदान करना है और तनाव को दूर करने में सहायता करता है। यह वास्तु पौधा सकारात्मकता लाता है और दिमाग को शांत करता है। **पीस लिली** –पीस लिली का पौधा प्रेम व सद्भाव का प्रतीक है। इसे बेडरूम में रखने से नींद अच्छी आती है और बुरे सपने दूर होते हैं। यदि आप अनिद्रा से परेशान हैं, तो अपने कमरे में लिली का पौधा रखना बहुत उपयोगी हो सकता है।

# भगवान श्री राम का जीवन, आदर्श लीडरशिप का शाश्वत मॉडल



– राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

भगवान श्री राम भारतीय संस्कृति में केवल एक धार्मिक या पौराणिक चरित्र नहीं हैं, बल्कि वे आदर्श नेतृत्व (लीडरशिप) के सर्वोच्च उदाहरण माने जाते हैं। उनके जीवन के विभिन्न प्रसंग हमें बताते हैं कि एक सफल नेतृत्व कैसा होता है, वह संकट में कैसे निर्णय लेता है, अपने अनुयायियों के साथ कैसा व्यवहार करता है और समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारियां क्या होती हैं। श्री राम का नेतृत्व केवल नेतृत्व तक ही सीमित नहीं था, बल्कि उसमें नैतिकता, संवेदनशीलता, त्याग, समर्पण और दूरदृष्टि का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। तुलसीदास कृत रामचरितमानस में भगवान श्री राम का जीवन एक आदर्श नेतृत्व का पूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करती है। भगवान श्री राम का जीवन नेतृत्व के उन आदर्शों को प्रस्तुत करता है, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने प्राचीन काल में थे। आज के दौर में, चाहे वह राजनीति हो, व्यवसाय हो या सामाजिक जीवन हर क्षेत्र में श्री राम के नेतृत्व गुणों को अपनाकर हम एक बेहतर और संतुलित समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**1. कर्तव्यनिष्ठा और निर्णय क्षमता-** प्रभु श्री राम के जीवन का सबसे प्रमुख नेतृत्व गुण उनका कर्तव्यनिष्ठ होना है। जब उनके राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी, तभी उन्हें वनवास का आदेश मिला। एक आदर्श पुत्र की भांति उन्होंने व्यक्तिगत सुख को त्यागकर अपने पिता की आज्ञा और वचन की मर्यादा को प्राथमिकता दी। यह निर्णय आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने बिना किसी विरोध के इसे स्वीकार किया। यह प्रसंग सिखाता है कि एक प्रभावी व्यक्ति वह होता है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने मूल्यों और कर्तव्यों से समझौता नहीं करता। अयोध्याकांड में तुलसीदास जी कहते है कि - पितु बचन मानि रघुपति चलि गयउ बन पंथ।
सोक न कछु मन महुँ, धरम रह्यो उर कंथ।।
अर्थात पिता के वचन मानकर रघुनाथजी वन के रास्ते चल दिए। उनके मन में कुछ भी शोक नहीं था, धर्म (कर्तव्य) उनके हृदय में कंठ तक भरा था ।

**2. टीम निर्माण और विश्वास-** श्री राम ने अपने वनवास के दौरान एक मजबूत और विविधतापूर्ण टीम बनाई। इसमें हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, अंगद जैसे विभिन्न क्षमताओं वाले सहयोगी शामिल थे। उन्होंने हर व्यक्ति की योग्यता को पहचाना और उसे उचित जिम्मेदारी दी। हनुमान को सीता की खोज का कार्य सौंपना उनकी नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास जताया, जिससे टीम में आत्मविश्वास और समर्पण की भावना विकसित हुई।

**3. संवाद कौशल और संवेदनशीलता-** ी राम का व्यवहार हमेशा विनम्र और संवादपूर्ण रहा। चाहे वह वन जाते समय निषादराज गुह से मिलना हो या शबरी के आश्रम में जाना। ये प्रसंग सामाजिक समानता और समावेशी नेतृत्व के प्रतीक हैं। उन्होंने हर व्यक्ति के साथ समान भाव से संवाद किया। उन्होंने कभी भी पद या स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया। एक नेतृत्व के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आसपास के लोगों की भावनाओं को समझे और उनसे जुड़ाव बनाए रखे। रामचरितमानस में तुलसीदास जी कहते है कि – प्रभुहि बिलोकि गुह अति हरषा। मिलि परेउ प्रेम न हृदयँ समरसा॥ अर्थात भगवान श्रीराम को वन में देखकर निषादराज गुह बहुत हर्षित हुआ। वह प्रेमातुर होकर उनके चरणों में गिर पड़ा, प्रेम उसके हृदय में समा नहीं रहा था।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ मंगलवार, 26 मई 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, एकादशी तिथौ मंगल वासरे 29/12/ हस्त नक्षत्रे 29/12/ सिद्ध योग 27/11/ वणिज करणे 17/44/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारंभ घं.17 मि.44से।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

**सिंह :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** व्यापार में सावधानी से कदम उठाएं। हानि संभावित है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से व्यवहार में सावधानी रखें। मतभेद की संभावना है।

**वृश्चिक :** घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। वातावरण में सुधार होगा। असंतोष दूर होगा। जीवनसाथी के व्यवहार से परेशान होंगे

**धनु :** अधीनस्थों से उपेक्षा मिलेगी। संभव है कुछ खोना पड़े। महत्वपूर्ण परिचय तथा आर्थिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। अधूरे काम पूरे होंगे।

**मकर :** पारिवारिक जीवन में सुख सहयोग विशेष रहेगा। विरोधी के व्यवहार में सुधार आएगा। शुभ मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने से प्रसंन्नता भी बढ़ेगी।

**कुंभ :** स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी। निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। शत्रु सक्रिय होंगे। शत्रुओं से निपटना पड़ सकता है।

**मीन :** संचित धन में कमी होगी लेकिन लाभ अन्य वस्तु के रूप में प्राप्त होगा। एकाएक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। मेहनत से आय होगी।

## नैमिषारण्य में वैदिक थीम पर बनाए जा रहे तोरण द्वार, धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

# वैदिक वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक बनेंगे नैमिषारण्य के तोरण द्वार-जयवीर सिंह

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। नैमिषारण्य की आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में लखनऊ–सीतापुर मार्ग पर वैदिक थीम पर आधारित भव्य तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। लगभग ३.२५ करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए पहली किश्त के रूप में २.४० करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह तोरण द्वार केवल प्रवेश द्वार नहीं होंगे, बल्कि नैमिषारण्य की आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक के रूप में स्थापित किए जाएंगे। परियोजना के तहत नैमिष तीर्थ क्षेत्र तक पहुंचने के लिए दो प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है। पहला तोरण द्वार लखनऊ लिंक रोड पर और दूसरा सीतापुर लिंक रोड पर बनाया जाएगा। दोनों द्वारों का डिजाइन भारतीय मंदिर वास्तुकला की पारंपरिक 'नागर शैली' पर आधारित होगा। इसकी विशेषता बारीक नक्काशी, ऊर्वाधर संरचना, पवित्र ज्यामिति और ऐतिहासिक मंदिरों जैसी स्थापत्य शैली होगी। डिजाइन में वैदिक वास्तुकला के तत्वों और स्थानीय सांस्कृतिक स्वरूप का विशेष समावेश किया गया है, ताकि यह निर्माण धार्मिक आस्था के साथ–साथ सांस्कृतिक गौरव का भी प्रतीक बन सके। इन तोरण द्वारों को लाल बलुआ पत्थर जैसी फिनिश में तैयार किया जाएगा, जो भारतीय धार्मिक स्थापत्य में ऐतिहासिक रूप से प्रयोग की जाने वाली प्रमुख सामग्री मानी जाती है। इसका मिट्टी जैसा प्राकृतिक रंग पूरे परिसर को आध्यात्मिक और पारंपरिक स्वरूप प्रदान करेगा।



द्वारों को ऊंचे चौकोर चबूतरे पर बनाया जाएगा, जिसमें परतदार मोल्डिंग और सजावटी पट्टियों का प्रयोग होगा। इससे संरचना की भव्यता और दृश्य आकर्षण और अधिक बढ़ेगा। इसके अलावा द्वारों के मुखौटे पर धंसे हुए पैनल, पतले स्तंभ, नक्काशीदार डिजाइन और मंदिर के गर्भगृह जैसे ताखे भी बनाए जाएंगे, जो इसकी धार्मिक पहचान को और सशक्त करेंगे। परियोजना में नागर शैली की सबसे खास पहचान मानी जाने वाली सीढ़ीदार पिरामिडनुमा छत और शिखर का भी विशेष ध्यान रखा गया है। द्वार के ऊपरी हिस्से में पत्थर की क्षैतिज पट्टियों के साथ उभरा हुआ छज्जा बनाया जाएगा, जिसे नक्काशीदार ब्रैकेट का सहारा मिलेगा। इसके ऊपर रेखा शैली का छोटा शिखर और पारंपरिक कलश स्थापित किया जाएगा, जो पवित्रता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पूरी संरचना इस तरह तैयार की जाएगी कि दूर से ही श्रद्धालुओं को नैमिषारण्य की दिव्यता और महत्व का एहसास हो सके। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह' ने बताया कि इस परियोजना की रूपरेखा में शहरी और प्राकृतिक परिवेश का भी विशेष ध्यान रखा गया है। तोरण द्वारों को सड़क से पर्याप्त दूरी पर स्थापित किया जाएगा, ताकि उनकी भव्यता दूर से दिखाई दे सके और श्रद्धालु सहज रूप से उनके प्रति आस्था व्यक्त कर सकें। चारों ओर हरियाली और खुले वातावरण के बीच यह संरचना एक सांस्कृतिक लैंडमार्क के रूप में विकसित होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तोरण द्वार भविष्य में नैमिषारण्य की नई पहचान बनेंगे और वैदिक संस्कृति, भारतीय वास्तुकला तथा आध्यात्मिक पर्यटन के अद्भुत संगम के रूप में देश–दुनिया के श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। उन्होंने बताया यह परियोजना केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य नैमिषारण्य को एक मजबूत सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान देना भी है। वर्तमान में इस तीर्थ क्षेत्र के प्रवेश मार्गों पर कोई विशेष पहचान चिन्ह नहीं है।

ऐसे में ये भव्य तोरण द्वार श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक स्वागत द्वार का कार्य करेंगे। साथ ही यह निर्माण धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय व्यापार, रोजगार और सामाजिक–आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति देगा। विभाग का मानना है कि यह परियोजना आने वाले समय में नैमिषारण्य को देश के प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में और अधिक प्रतिष्ठा दिलाएगी।

## नैमिषारण्य-मिश्रिख में विशेष जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आशीष जैन के




निर्देश के अनुपालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक यादव द्वारा २५.०५.२०२६ को समय–१२:०० बजे वृद्धा आश्रम, नैमिषारण्य–मिश्रिख में एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष जैन के निर्देशानुसार २५.०५.२०२६ को समय:–१२:०० बजे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक यादव द्वारा वृद्धा आश्रम नैमिषारण्य तहसील मिश्रिख का भी निरीक्षण किया गया तथा माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार अधिनियम–२००७ में प्रदत्त समस्त कानूनों की जानकारी विस्तृत रूप से बताई गयी। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई तथा वृद्धजनों के खान–पान के बारे में उपस्थित केयर टेकर को निर्देशित किया गया कि वह वृद्धजनों की आवश्यकतानुसार उन्हें खाना परोसे तथा उनकी चिकित्सा इत्यादि पर विशेष ध्यान दें। सचिव आलोक यादव द्वारा वहां पर उपस्थिति पराविधिक स्वयं सेवको को आदेशित किया गया कि वह प्रत्येक दिवस वृद्धा आश्रम में उपस्थित होकर समस्त वृद्धजनों की देखरेख व नि:शुल्क विधिक जानकारी प्रदान करने का कार्य करते रहे। उक्त निरीक्षण के समय कार्यालय लिपिक अशोक कुमार राणा व रितिकेश श्रीवास्तव भी साथ में मौजूद रहे।

## न्यू नेशनल हास्पिटल में प्रसव के दौरान मृत बच्चे के जन्म के बाद परिजनो ने किया हंगामा

( स्वतंत्र भारत )

महमूदाबाद–सीतापुर। न्यू नेशनल हास्पिटल में प्रसव के दौरान मृत बच्चे के जन्म के बाद हुए हंगामें के चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंच जांच–पड़ताल की। जांच के दौरान टीम को पांच मरीज भर्ती मिले जिनमें दो का आपरेशन किया गया था, जबकि अभी अस्पताल को सामान्य प्रसव कराने की ही अनुमति है। सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष वर्मा ने बताया कि २३ मई को न्यू नेशनल हास्पिटल में जियारीपुरवा बघाइन की अर्चना पत्नी सुनील ने मृत बच्चे को जन्म दिया था। पुलिस विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के सामने परिजनों ने हंगामा किया था। मालूम हो कि १८ मई को हुई मारपीट में गर्भवती अर्चना के पेट में चोट लगी थी, उसी के चलते उसने २३ मई को मृत शिशु का जन्म दिया था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी के चिकित्सक डा. इरफान, फार्मासिस्ट सुदामा, स्टाफ नर्स प्रीती व रेखा की टीम ने अस्पताल पहुंच जांच–पड़ता की। टीम को जांच के दौरान अस्पताल में सामान्य तरीके से सलमा, सुमन का प्रसव कराया जाना मिला। सरदर्द से शकील भर्ती मिले। सरोज देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी का आपरेशन के माध्यम से प्रसव कराया जाना पाया गया। सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष वर्मा ने बताया कि पूर्व में आपरेशन के दौरान हुई एक महिला की मौत के बाद न्यू नेशनल हास्पिटल के संचालक डा. इरफान पर केस दर्ज हुआ था और अस्पताल सीज कर दिया गया था। गत दिनों न्यायालय द्वारा ओपीडी व आईपीडी किए जाने अनुमति दी गई थी। आइपीडी में सामान्य प्रसव कराना शामिल है, किंतु आपरेशन से प्रसव कराने पर रोक है। यहां आपरेशन से तीन प्रसूताओं का प्रसव कराया गया है जो नियम विरुद्ध है। जांच टीम की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है, निर्देश के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डेवलपमेंट और व्यवहारिक ज्ञान भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है-आशुतोष शुक्ला

## पंडित गणेश प्रसाद शुक्ला स्मृति सेवा समिति के तत्वाधान में हुआ एक दिवसीय बूट कैम्प का आयोजन

( स्वतंत्र भारत )

सिधौली–सीतापुर। पंडित गणेश प्रसाद शुक्ला स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित इंस्टीट्यूट आफ कंप्यूटर एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलाजी द्वारा मिश्रिख मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में एक दिवसीय बूट कैम्प का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के



विभिन्न गांवों से आए लगभग ३०० छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा, कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास से जोड़ना रहा।बूट कैम्प का मुख्य सत्र विषय विशेषज्ञ एवं मोटिवेशनल वक्ता आशुतोष शुक्ला द्वारा संचालित किया गया।अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, सकारात्मक सोच एवं निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल पारंपरिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्किल डेवलपमेंट और व्यवहारिक ज्ञान भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान ब्रेन साइंस, वैदिक गणित, कैरियर जागरूकता तथा स्किल डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ब्रेन साइंस सत्र में छात्रों को सीखने, समझने और लंबे समय तक याद रखने की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी गई।वहीं वैदिक गणित के माध्यम से बच्चों को तेज एवं सरल गणना के तरीके सिखाए गए। कैरियर जागरूकता सत्र में विद्यार्थियों को वर्तमान समय में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक क्षेत्रों एवं नई तकनीकों से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने छात्रों को डिजिटल शिक्षा,कंप्यूटर ज्ञान एवं संचार कौशल के महत्व को समझाते हुए भविष्य के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी।भास्कर तिवारी ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन एवं संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है।वहीं मुख्तार अली एवं विनय शुक्ला ने भी छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और समय का सदुपयोग करने की सलाह दी।कार्यक्रम में पंडित गणेश प्रसाद शुक्ला स्मृति सेवा संस्थान के संयुक्त निदेशक राकेश शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।सह–संस्थापक साधना शुक्ला ने छात्रों को निरंतर सीखने और आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

मार्केटिंग हेड ज्ञानेंद्र अवस्थी ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों में सीखने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।बूट कैम्प के अंत में प्रतिभागियों ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

## नीमसार में आयुष आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तृप्ति आर सिंह के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नीमसार एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गड़ासा के संयुक्त तत्वाधान में वृद्धाश्रम, नीमसार में आयुष आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल १३१ रोगियों का



स्वास्थ्य परीक्षण डा. गौरवेंद्र प्रताप सिंह एवं डा. रूपचन्द्र चौरसिया द्वारा किया गया तथा निशुल्क औषधियाँ वितरित की गईं। चिकित्सा शिविर में जिला न्यायालय के सचिव आलोक यादव भी उपस्थित रहे।शिविर का उद्घाटन नीमसार के सभासद ऋषभ गुप्ता, रौनक तिवारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. तृप्ति आर सिंह द्वारा किया गया।

# युवक की संदिग्ध मौत ससुरालीजनों पर लगा जहर खिलाने का आरोप

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव निवासी रमन सिंह (२२) की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार रमन को उनके ससुरालीजनों ने विषाक्त पदार्थ खिला दिया था। इसके बाद रमन की हालत बिगड़ी। उपचार के बावजूद रमन की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव निवासी शारदा देवी का आरोप है कि उनके पुत्र रमन सिंह अपनी पत्नी वंदना सिंह को विदा कराने लखीमपुर के खीरी थाना क्षेत्र के घुसियाना गांव स्थित अपनी ससुराल गए थे। ९ मई की रात करीब १ बजे घुसियाना गांव निवासी ससुर हरिपाल सिंह, साले गोलू सिंह और ओम प्रकाश सिंह ने रमन सिंह को जमकर पीटा और कोल्ड ड्रिंक में कोई विषाक्त पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद आरोपी रमन सिंह को बाइक पर बैठाकर हरगांव चीनी मिल के पास गंभीर हालत में छोड़कर भाग गए। स्थानीय लोगों कह सूचना पर शारदा देवी ने अपने पुत्र रमन को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद परिजन रमन सिंह को घर ले आए। शनिवार को रमन की घर पर तबीयत बिगड़ी। इसके बाद रमन ने दम तोड़ दिया। निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। शारदा देवी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व उनके पुत्र रमन का घुसियाना निवासी वंदना सिंह से विवाह हुआ था। विवाह के बाद से ही वंदना की रमन से नहीं बन रही थी। मई माह में ही वंदना अपने मायके गई थीं। ९ मई को रमन अपनी पत्नी को विदा कराने गए थे। तभी यह घटना हुई।

# जनपद में किसी भी स्थिति में ओवरलोड वाहन संचालित नहीं होने दिए जाएंगे-सर्वेश चतुर्वेदी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। जनपद में परिवहन विभाग द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान चलाकर अवैध



खनन कर परिवहन करने वाले ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोली, लहरपुर,रोडवेज वर्कशाप तथा परिवहन कार्यालय परिसर में सघन जांच अभियान में पकड़े गए वाहनों को सीज किया गया है। अभियान के दौरान दो डग्गामार बसों, सात ओवरलोड डंपरों सहित कुल १४ वाहनों पर मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सीज कर ५ लाख ६५ हजार का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण भी बनते हैं। क्षमता से अधिक भार ढोने वाले वाहन अचानक अनियंत्रित हो सकते हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसके साथ ही भारी ओवरलोडिंग से सड़कों की गुणवत्ता भी तेजी से खराब होती है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का अतिरिक्त नुकसान उठाना पड़ता है। जनपद में किसी भी स्थिति में ओवरलोड वाहन संचालित नहीं होने दिए जाएंगे। विभाग द्वारा आगे भी लगातार चेकिंग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध हो सके। अभियान में ए आरटीओ, जिला खनन अधिकारी, तहसीलदार लहरपुर के अतिरिक्त प्रवर्तन आरक्षी शामिल रहे।

# पच्चीस हजार रूपये का वांछित इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं व अन्य अपराधों में वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोदय विशाल गुप्ता के निर्देशन में थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु०अ०सं० १३३/२०२५ व मु०अ०सं०२६०/२०२५ धारा ३०३(२)/३१७(२)/३१८(४) बीएनएस में वांछित चल रहे



२५,००० हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त आकाश कुमार उर्फ बउआ पुत्र स्व. मुरली निवासी ग्राम मरपा मजरा मुलुकपुर थाना इटौजा जनपद लखनऊ को थाना अटरिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला



प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन एक स्थानीय गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनूप गुप्ता तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस शुभारंभ सत्र सहित कुल सात सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति–नीति, भाजपा की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बूथ सशक्तिकरण की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी भाजपा की मूल विचारधारा है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। प्रशिक्षण वर्ग में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, जनसंपर्क अभियान, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा संगठनात्मक अनुशासन जैसे विषयों पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करेगा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर द्वारा किया गया तथा अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, निवर्तमान सांसद एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, सांसद पद्मसेन चौधरी, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, क्षेत्रीय मंत्री नीरज वर्मा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक शशांक त्रिवेदी, विधायक मनीष रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक आशा मौर्य, विधायक निर्मल वर्मा, निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं अपेक्षित गण उपस्थित रहे।

# विक्रेता नियुक्त किये जाने हेतु शासनादेश के प्रस्तर चार में निर्धारित शर्ते प्रभावी होगी-उपजिलाधिकारी

( स्वतंत्र भारत )

सीतापुर। उपजिलाधिकारी महोली ने बताया कि ग्राम पंचायत ईशानगर, विकासखंड महोली में रिक्त चल रही उचित दर की दुकान में विक्रेता के चयन हेतु सामन्य (ई०डब्लू०एस०) वर्ग में इच्छुक व्यक्ति जो ग्राम पंचायत ईशानगर के निवासी हो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विक्रेता नियुक्त किये जाने हेतु शासनादेश ०५.०८.२०१९ के प्रस्तर चार में निर्धारित निम्न शर्ते प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि विक्रेता चयन किये जाने हेतु अर्हताओं में अभ्यर्थी के खाते में कम से कम ४०००० / – उपलब्ध हों, ताकि वह अपनी दुकान हेतु आवंटित एक माह की सामग्री का एक बार में उठान करने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम हो। अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन के साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जायेगा। अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता कम से कम हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो। अभ्यर्थी की आयु २१ वर्ष से अधिक हो और परिवार में किसी अन्य सदस्य के नाम कोई उचित दर दुकान आवंटित न हो। अभ्यर्थी स्थानीय निवासी हो। अभ्यर्थी द्वारा रूपये १०००/– की अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट जिला पूर्ति अधिकारी के पक्ष में जमा किया जायेगा। अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई भी आपराधिक मामले पंजीकृत न हो और न ही वह किसी आपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो। अभ्यर्थी अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम पूर्व में आवंटित उचित दर दुकान अनियमितता के कारण निरस्त न हुई हो और उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम –१९५५ की धारा ३/७ के अन्तर्गत अथवा आपराधिक दण्ड संहिता के अन्तर्गत कारित किसी जघन्य अपराध में विधिक कार्यवाही न हुई हो। निर्धारित आरक्षण दुर्बल आय वर्ग (ई०डब्लू०एस०) हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र। ग्राम प्रधान के परिवार के सदस्यों के पक्ष में उचित दर की दुकान के आवंटन का प्रस्ताव नहीं किया जायेगा। परिवार की परिभाषा, जैसा कि उ.प्र. आवश्यक वस्तु (वितरण के विनियमन का नियंत्रण) आदेश २०१६ में दी गई है। अत: उपरोक्त निर्धारित आरक्षण के अनुरूप एवं उपरोक्तानुसार अर्ह ग्राम पंचायत ईशानगर, विकास खण्ड महोली के निवासी गणो से उचित दर की दुकान हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र दिये जाने की अन्तिम तिथि ०५.०६. २०२६ समय दोपहर ०२ बजे तक निर्धारित की जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सीधे अथवा डाक द्वारा उपजिलाधिकारी महोली के कार्यालय में प्रेषित कर सकते है। उक्त तिथि के उपरान्त आवेदन स्वीकार्य नही होगे।




# बकरीद पर कानून व्यवस्था सर्वोपरि, पुलिस रहेगी मुस्तैद

## यूपी-112, साइबर टीम और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से रखेंगी नजर

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बकरीद से पहले जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने सोमवार को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर साफ निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और संवेदनशील इलाकों में नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं।



बैठक में कुर्बानी व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों से कहा गया कि खुले या सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी हालत में कुर्बानी न होने पाए। साथ ही कुर्बानी के बाद मीट को खुले में ले जाने पर भी कार्रवाई करने को कहा गया है।

पुलिस पुराने विवादों और संवेदनशील मामलों की भी समीक्षा कर रही है। जिन इलाकों में पहले तनाव की स्थिति रही है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल, मोबाइल गश्त और पिकेट तैनात किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, अफवाह और कुर्बानी से जुड़े वीडियो प्रसारित करने वालों पर साइबर टीम नजर रखेगी।एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि ईदगाहों, पार्कों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है।इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान, सीएफओ मनु शर्मा सहित सीओ व थानेदार उपस्थित रहे।

# नो व्हीकल डे पर डीएम ने दिया संदेश, आम आदमी की ईवी स्कूटी से पहुंचे आवास

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** सोमवार को 'नो व्हीकल डे' के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सादगी और पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश दिया। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद डीएम सरकारी वाहन का उपयोग करने के बजाय एक आम नागरिक मुबारक अली की ईवी स्कूटी से अपने आवास पहुंचे। उनके इस कदम ने वहां मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

जानकारी के अनुसार, जनसुनवाई के बाद डीएम ने कार्यालय परिसर में मौजूद मुबारक अली से उनकी इलेक्ट्रिक स्कूटी ली और उसी से रवाना हो गए। वहीं, उनके साथ मौजूद अन्य स्टाफ पैदल ही आवास की ओर गया। अचानक हुए इस बदलाव को देखकर परिसर में चर्चा का माहौल बन गया। डीएम का यह कदम केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग को लेकर एक सकारात्मक संदेश भी दिया। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि 'नो व्हीकल डे' का उद्देश्य लोगों को प्रदूषण कम करने और सार्वजनिक अथवा वैकल्पिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। डीएम की इस पहल को लोगों ने सराहा और इसे प्रशासन की संवेदनशील एवं जागरूक कार्यशैली का उदाहरण बताया।

# बहगुल में डूबकर ममेरे-फुफेरे भाईयों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव गुलाब नगर ढकनी से होकर बहने वाली बहगुल नदी पर सोमवार को अपने दोस्तों के साथ स्नान करने गए ममेरे फुफेरे भाइयों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत कर दोनों के शवों को नदी से ढूंढ कर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेजा। नगर के मोहल्ला कानूनगोयान पटी गली निवासी संतोष ठाकुर का 16 वर्षीय पुत्र आदित्य ठाकुर उसका फुफेरा भाई अभिषेक पुत्र जितेंद्र सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम वडरई थाना भमोरा जनपद बरेली मोहल्ले के ही अंकित मौर्य एवं शरद मौर्य के साथ सोमवार को ग्राम ढकनी गुलाब नगर में वहगुल नदी पर नहाने के लिए गए थे जहां पर नहाते समय आदित्य ठाकुर उम्र 16 वर्ष का पैर अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगा उसे नदी में डूबता देख उसे बचाने के लिए उसका फुफेरा भाई अभिषेक नदी में कूद गया मगर उसे बचाने के चक्कर में दोनों ही नदी के गहरे पानी में डूब गए। साथ में गए उनके साथी अंकित मौर्य एवं शरद मौर्य ने जब दोनों को नदी में डूबते हुए देखा तो उन्होंने शोर मचाया तभी मौके पर ग्रामीण लोग पहुंच गए और ग्रामीणों ने उन्हें नदी में तलाशा मगर उनका कहीं पता नहीं चला। तभी तत्काल इसकी सूचना उनके परिवार वालों को दी। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। उधर घटना की सूचना मिलते ही सीओ फरीदपुर



संदीप सिंह कोतवाली प्रभारी राधेश्याम पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और तुरंत गोताखोरों को मौके पर बुलाकर दोनों को नदी में तलाश कराया गया। गोताखोरों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शवों को नदी से ढूंढ कर वाहर निकाला। दोनों के शवों को देखते ही उनके परिजनों का कलेजा ही कांप गया। और दहाड़े मार कर रोने चिल्लाने लगे। पुलिस ने दोनों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। मृतक अभिषेक अपने मामा संतोष ठाकुर के यहां मेहमानी में आया हुआ था। समय को कुछ और ही मंजूर था जहां सोमवार को दोनों ही ममेरे फुफेरे भाइयों की नदी में डूब जाने से दर्दनाक मौत हो गई।

# रीलबाज दरोगा लाइन हाजिर, वसूली और महिला केस दबाने पर दो सस्पेंड

## सावधान ! वर्दी की गरिमा का करना होगा सम्मान:एसएसपी

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** यूपी पुलिस के तेज तर्रार एसएसपी अनुराग आर्य ने सोमवार को पुलिस महकमे में बड़ा अनुशासनात्मक एक्शन लेते हुए तीन दरोगाओं पर कड़ी कार्रवाई की। एक दरोगा सोशल मीडिया पर वर्दी की धाक दिखाने वाली रीलों के कारण लाइन हाजिर हुआ, जबकि दो अन्य को गंभीर आरोपों में निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी गई।

फरीदपुर थाने में तैनात दरोगा शुभम सोम पर ÷ एसआई शुभ ठाकुर ÷ नाम से इंस्टाग्राम आईडी चलाकर सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 का उल्लंघन करने का आरोप लगा। जांच में आईडी उनकी पाए जाने पर एसएसपी ने तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। वहीं प्रेमनगर थाने के दरोगा शुभम चौधरी पर युवक राहुल शंखधार को अवैध रूप से थाने में बैठाकर मारपीट करने और 50 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगा। शिकायत एसएसपी तक पहुंचने पर आरोपी दरोगा को निलंबित कर जांच शुरू करा दी गई।

तीसरा मामला हाफिजगंज क्षेत्र का है, जहां महिला उत्पीड़न की शिकायत में कार्रवाई न करने और एफआईआर दर्ज न करने के आरोप में दरोगा चन्द्रपाल सिंह को सस्पेंड कर दिया गया।

लगातार हुई कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा है। एसएसपी ने साफ संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और महिला मामलों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सिस्टम से टूटा दिव्यांग युवक, राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** बीमारी, आर्थिक तंगी और प्रशासनिक उपेक्षा से जूझ रहे एक दिव्यांग युवक की फरियाद सोमवार को डीएम कार्यालय में सिस्टम पर बड़ा सवाल छोड़ गई। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गार्डन निवासी नीरज गुप्ता ने राष्ट्रपति को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी। मीडिया के सामने अपनी आपबीती सुनाते हुए युवक कई बार भावुक हो उठा।नीरज गुप्ता ने बताया कि वह गंभीर शारीरिक समस्याओं से गुजर रहे हैं। उनका दाहिने पैर का पंजा कटा हुआ है, दाहिने कान से सुनाई नहीं देता और आंखों की रोशनी भी लगातार कमजोर हो रही है। बीमारी के कारण वह सामान्य जीवन जीने में असमर्थ हैं। आर्थिक स्थिति इतनी खराब है कि इलाज और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है।

युवक का आरोप है कि उसने कई बार सरकारी विभागों और अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। लगातार उपेक्षा और परेशानियों ने उन्हें मानसिक रूप से भी तोड़ दिया है। प्रार्थना पत्र में नीरज ने लिखा है कि यदि उन्हें इलाज, आर्थिक सहायता और पुनर्वास नहीं मिल सकता, तो उन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए। यह मामला एक बार फिर जरूरतमंदों तक सरकारी सहायता पहुंचने की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# जल संरक्षण पर डीएम सख्त, अवैध स्विमिंग पूलों की जांच शुरू

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** जिले में बढ़ते जल दोहन और अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूलों की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनहित और जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जांच के लिए दो सदस्यीय टीमों का गठन किया है।

ये टीमें पीलीभीत बाईपास, बदायूं रोड, सीबीगंज, भोजीपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित स्विमिंग पूलों की वैधता, सुरक्षा मानकों और पानी के उपयोग की स्थिति की जांच करेंगी। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई स्थानों पर बिना अनुमति स्विमिंग पूल चलाए जा रहे हैं, जहां सुरक्षा मानकों की अनदेखी के साथ अत्यधिक भूजल दोहन भी हो रहा है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, ऐसे में जल संरक्षण बेहद जरूरी हो गया है। साथ ही अवैध स्विमिंग पूलों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम न होने से हादसों की आशंका भी बनी रहती है।

प्रशासन का कहना है कि अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ लोगों की सुरक्षा बनाए रखना और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है।

# संक्षिप्त समाचार

## वीडियो में तीन लोगों को मौत का जिम्मेदार बताकर युवक की संदिग्ध मौत



**बरेली।** थाना प्रेमनगर इलाके में किराये पर रहकर फार्मा ट्रेनिंग कर रहे युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी फैल गई. गौतमबुद्धनगर के सोरखा गांव निवासी 32 वर्षीय दीपक का शव कमरे में मिलने के बाद परिजनों ने उसका मोबाइल खंगाला तो एक वीडियो मिला। वीडियो में दीपक ने सुमित, काजल और शिवानी नाम के तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया। उसने कहा कि मानसिक प्रताड़ना और तनाव से वह पूरी तरह टूट चुका है।

मृतक के भाई राहुल कुमार ने बताया कि दीपक का एक युवती से प्रेम संबंध था और दोनों सहमति से साथ रह रहे थे। आरोप है कि युवती के अन्य लोगों से संबंधों को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। इसी वजह से दीपक तनाव में रहने लगा था। परिवार का कहना है कि दीपक ने तीन दिन पहले ही किराये का कमरा बदला था और इसके बाद उसकी मौत की खबर मिली।

पुलिस के मुताबिक पोस्टमॉर्टम में ब्रेन हेमरेज जैसी स्थिति सामने आई है, लेकिन मौत की असली वजह स्पष्ट नहीं हुई है। प्रेमनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शीशगढ़ में चेयरमैन ने राहगीरों को पिलाया शरबत

### भीषण गर्मी से राहत के लिए किया गया वितरण




**शीशगढ़।** कस्बा भीषण गर्मी के बीच सोमवार को नगर पंचायत चेयरमैन नीलोफर हुसैन ने राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया। यह वितरण नगर पंचायत कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर एक स्टॉल लगाकर किया गया। इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी से परेशान लोगों को तत्काल राहत प्रदान करना था। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से कुछ सुकून महसूस किया। इस अवसर पर चेयरमैन पति हाजी गुड्डू, इकरार हुसैन और भूपेंद्र सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर 24वां विशाल भंडारे का आयोजन



**फतेहगंज पूर्वी।** फतेहगंज क्षेत्र के ग्राम बसावनपुर स्थित ब्रह्मदेव स्थान दातासाई मंदिर पर आयोजित 24वें विशाल भंडारे में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटी रही। भंडारे में करीब 10 हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया। कहीं लोग पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे तो कहीं युवा और ग्रामीण सेवा भाव से भोजन वितरण में जुटे दिखाई दिए। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल और सामाजिक एकता की अनोखी मिसाल देखने को मिली। भंडारे की व्यवस्था को सफल बनाने में कमेटी के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की। मुख्य रूप से अखिलेश सिंह, सुमित कुमार सिंह, दिव्या प्रताप सिंह, उमेश पाल सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, नितिन सिंह, राघवेंद्र सिंह तोमर, रुस्तम सिंह, अवधेश कुमार, गुड्डू, दुर्वेश कुमार सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष आयोजित होने वाला यह भंडारा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और भाईचारे का प्रतीक बन चुका है। श्रद्धालुओं ने आयोजकों की व्यवस्था और सेवा भाव की जमकर सराहना की।

## बहगुल नदी में मगरमच्छ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत



**फतेहगंज पूर्वी।** क्षेत्र के गांव खाता के पास बह रही बहगुल नदी में सोमवार सुबह एक मगरमच्छ दिखाई दिया। गाँव की ही सुशीला देवी अपनी बकरियों को चराने नदी के पास गई तो उन्होंने बकरियों को एक रस्सी से बांधकर वही छाँव में बैठ गई तभी नदी में से मगरमच्छ बाहर आया और एक बकरी पर हमला कर दिया और उसे पकड़कर पानी में ले जाने लगा जब सुशीला देवी ने देखा तो उन्होंने बकरी के गले में बंधी रस्सी को खींचकर बकरी को बचाने का प्रयास किया तब मगरमच्छ ने उन पर भी हमला कर दिया जिस पर सुशीला देवी ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं उसी गांव के एक लड़के ने बताया कि वह मछली पकड़ने गया था तो उसके मछली पकड़ने वाले कांटे में मगरमच्छ फँस गया तब वह वहाँ से अपनी जान बचाकर भाग आया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह तड़के और शाम के समय मगरमच्छ नदी से निकलता है जिसकी वजह से ग्रामवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है ग्रामीण अब नदी की तरफ जाने से डरते हैं।

# बिजली और सोलर उपकरण चोर गिरोह पकड़ा गया

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** क्षेत्र में सरकारी योजनाओं से महंगे बिजली और सोलर उपकरण चोरी करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से करीब 35 लाख रुपये कीमत का चोरी किया गया सामान बरामद किया है।



गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुरजीत पुत्र स्व. कृष्णपाल सिंह, आरिफ पुत्र शफीक, शुबान पुत्र मुस्ताक, अयूब पुत्र मुख्तियार और अरुण पुत्र रामशरण के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक्चूयेटर पैनल, पीएलसी पैनल, वीएफडी पैनल, डीसी केबल और 4300 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह ने अपनी पहली वारदात 11 अप्रैल 2026 को अंजाम दी थी। उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी आरडीएसएस योजना के तहत बने 33/11 केवी पावर हाउस को निशाना बनाया और वहां से 235 मीटर डीसी केबल चोरी कर ली। इस केबल की कीमत करीब ढाई से तीन लाख रुपये बताई गई है। इस घटना के बाद विकास उपाध्याय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद, 16 मई 2026 को गिरोह ने फरीदपुर के सिमरा केशोपुर स्थित योजना प्रांगण में एक और बड़ी चोरी की। यहां से सोलर केबल, एक्चूयेटर पैनल, पीएलसी पैनल, कंट्रोल पैनल, वीएफडी पैनल, हाइड्रो स्टैटिक लेवल सेंसर, इन्वर्टर, बैटरियां और ऑटोमेशन केबल सहित कई उपकरण चुरा लिए गए। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, फरीदपुर पुलिस ने रविवार देर रात ग्राम ढकनी स्थित एक बंद पड़े ईंट भट्ठे पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद किए गए सामान में करीब 32 लाख रुपये के पैनल और अन्य उपकरण शामिल हैं, जबकि डीसी केबल की कीमत ढाई से तीन लाख रुपये आंकी गई है।

पूछताछ में आरोपियों ने कई अहम खुलासे किए। उन्होंने बताया कि चोरी की गई 235 मीटर डीसी केबल को उन्होंने चलते-फिरते एक व्यक्ति को 20 हजार रुपये में बेच दिया था। रकम को पांचों ने आपस में बांट लिया था, जिसमें प्रत्येक आरोपी के हिस्से में करीब चार हजार रुपये आए थे। पुलिस अब उस व्यक्ति की तलाश कर रही है जिसे केबल बेची गई थी। कोतवाली प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संगठित तरीके से सरकारी योजनाओं में लगे महंगे उपकरणों को निशाना बनाते थे। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय था

# बाबा बच्चू दास क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच तुला शेरपुर की टीम ने जीता

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर1** 22 विधानसभा फरीदपुर के ग्राम कपूरपुर में चल रहे बाबा बच्चू दास क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच तुला शेरपुर और रायपुर हंस की टीमों के बीच हुआ। मैच बहुत ही रोमांचक और भव्य रहा। मैच दोनों ही टीमों के बीच बहुत ही जबरदस्त टक्कर का हुआ। रायपुर हंस की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।दूसरी तरफ तुला शेरपुर की टीम ने बहुत ही जबरदस्त तरीके से फील्डिंग की। दोनों टीमों का मैच देखने लायक रहा। दोनों टीमों के बीच एक एक रन के लिए बहुत ही जद्दोजहद हुई। रायपुर हंस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 89 रन का स्कोर खड़ा किया । जबकि तुलशेर की टीम ने शुरुआत में बहुत अच्छे रन बनाए, बीच मैच में टीम ल?खाने लगी, छत्रपाल सिंह



दिवाकर ने हर चौके छक्के पर 1000-1000 रूपए देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। छत्रपाल सिंह दिवाकर ने क्रिकेट टूर्नामेंट की समिति को 5100 धनराशि देकर सहयोग किया। अंत में तुला शेरपुर की टीम ने ऐसा जबरदस्त 91 रन का स्कोर खड़ा किया कि रायपुर हंस की टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। अंत में सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि भाजपा से प्रबल दावेदार छत्रपाल सिंह दिवाकर के द्वारा पुरस्कार स्वरूप शील्ड देकर सम्मानित किया गया और उनको धनराशि देकर प्रोत्साहन किया गया। ग्राम कपूरपुर की धरती पर दोनों टीमों के बीच फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। टूर्नामेंट की समिति के अध्यक्ष राकेश आर्य, कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह,ऋषिपाल, ओमवीर गुर्जर धर्मेंद्र सिंह, सोनम , वीरेश गुर्जर आदि मौजूद रहे

# 61वीं वार्षिक सभा में उद्योग जगत का जोश हाई, चैम्बर एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित हुए उद्यमी

-स्वतंत्र भारत-




**बरेली।** शहर के उद्योग और व्यापार जगत का बॉल रूम में भव्य संगम देखने को मिला, जब सैन्ट्रल यू.पी. चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन ने होटल ओबेराय आनंद में अपनी 61वीं वार्षिक साधारण सभा एवं चैम्बर एक्सीलेंस अवॉर्ड-2026 का आयोजन किया। समारोह में व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति और आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्ष राजीव शिंघल ने संस्था की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का उल्लेख करते हुए व्यापारिक समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय से सेमिनार आयोजित करने की घोषणा की।सचिव अल्पित अग्रवाल ने वर्षभर आयोजित सेमिनार, रक्तदान शिविर, खेल प्रतियोगिताओं और उद्योग बंधु बैठकों की जानकारी दी। सभा में नई कार्यकारिणी का परिचय भी कराया गया। चैम्बर एक्सीलेंस अवॉर्ड-2026 के तहत छोटी सी आशा एनजीओ ,ऑटोमोबाइल, शिक्षा, स्वास्थ्य, होटल, ज्वैलरी, मिनरल वाटर और रक्षा प्रणाली समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में म्यूजिकल नाइट ने समां बांध दिया, जिसमें सदस्य परिवार देर रात तक शामिल रहे।।

# ऑनलाइन पेमेंट मशीन ठीक करने के नाम पर दस हजार की ठगी

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक दुकानदार से ऑनलाइन पेमेंट मशीन ठीक करने के बहाने करीब 10 हजार रुपये की ठगी की गई मामला सामने आया है। कस्बा क्षेत्र निवासी राशिद पुत्र मुंशी खां की दुकान पर लगा पेटीएम का साउंड बॉक्स 22 मई 2026 को खराब हो गया था। ग्राहकों से डिजिटल पेमेंट लेने में आ रही दिक्कतों के कारण उन्होंने तुरंत पेटीएम की वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।शिकायत दर्ज कराने के कुछ ही देर बाद पीड़ित राशिद को एक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को पेटीएम कंपनी का तकनीकी कर्मचारी बताया और आश्वासन दिया कि मशीन दो घंटे में ठीक कर दी जाएगी। दुकानदार ने उसकी बात मान ली।आरोपी ने सबसे पहले %सर्विस चार्ज% के नाम पर ऑनलाइन भुगतान की मांग की। राशिद ने भरोसा कर पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब राशिद को संदेह हुआ, तब तक उनके खाते से लगभग 10,000



रुपये निकल चुके थे। ठगी के बावजूद मशीन आज भी बंद पड़ी है। पीड़ित ने जब आरोपी को दोबारा फोन किया तो वह टालमटोल करने लगा। सही पता और पहचान पत्र मांगने पर उसने कॉल काट दी, और तब से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। इस घटना के बाद से राशिद चिंतित हैं। उनका कहना है कि दुकान का अधिकांश लेन-देन पेटीएम के माध्यम से होता है। साउंड बॉक्स बंद होने के कारण ग्राहक वापस लौट रहे हैं और उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। पीड़ित ने फरीदपुर कोतवाली में लिखित प्रार्थी ने दर्ज कराकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# विद्युत समस्या को लेकर सपा का अनोखा प्रदर्शन चिकने घड़े सौंपकर की सुचारु आपूर्ति की मांग

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष हैदर अली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने 'चिकने घड़े' लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सफेद घड़ों पर ÷हम चिकने घड़े हैं, हम नहीं सुधरेंगे÷ जैसे संदेश लिखकर विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर कटाक्ष किया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारी जनता की समस्याएं सुनने तक को तैयार नहीं हैं और शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। हैदर अली ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई, व्यापार और पेयजल व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी ÷रात जगाओ, नींद भगाओ÷ आंदोलन करेगी।

ज्ञापन में अघोषित कटौती रोकने, खराब ट्रांसफार्मर बदलने, जर्जर लाइनों की मरम्मत कराने और हेल्पलाइन को सक्रिय करने की मांग उठाई गई। इस दौरान सैय्यद फैज़, राशिद खान, अमित कुमार सागर, अक्षय मेसी, ज़हीर खान, अब्दुल करीम अल्वी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अतरैला राजा के प्रधान महानारायण भारती ने पेश की विकास की मिसाल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** विकास खंड लालगंज के ग्राम पंचायत अतरैलाराजा में युवा एवं कर्मठ प्रधान महा नारायण भारती द्वारा किया गया विकास कार्य पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। अन्नपूर्णा भवन, सैनेट्री पैड निर्माण इकाई तथा संविधान निर्माता बाबा साहब डाॅ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण और तारबंदी कराकर उन्होंने न केवल ग्राम पंचायत के विकास को नई दिशा दी है, बल्कि जिले के अन्य ग्राम प्रधानों के सामने भी विकास का आईना प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत में सैनेट्री पैड निर्माण इकाई स्थापित होने से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वावलंबी बनने का अवसर मिलेगा। इससे महिलाओं को रोजगार के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं अन्नपूर्णा भवन के निर्माण से अब उपभोक्ताओं का खाद्यान्न सुरक्षित रहेगा और बरसात के दौरान भी अनाज भीगने की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण एवं परिसर की आकर्षक व्यवस्था ग्राम पंचायत को माडल ग्राम के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पंचायत परिसर और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई तथा सुव्यवस्थित निर्माण कार्य लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। प्रधान महानारायण भारती ने अपने कार्यकाल में नेशनल हाईवे से धसड़ा राजा संपर्क मार्ग, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों के विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर ग्राम पंचायत में विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत की है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मिलनसार कार्यशैली और समाज सेवा की भावना के कारण ही जनता ने उन्हें ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रधान महानारायण भारती ने कहा कि जनता ने उन्हें जिस विश्वास के साथ इस पद पर आसीन किया है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता है। समाज सेवा और विकास कार्यों के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाना ही एक सच्चे जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है।

**आंबेडकर प्रतिमा, अन्नपूर्णा भवन व सैनेट्री पैड इकाई बनी प्रेरणा**



# छह साल बाद फिर दौड़ेगी नकहा-डालीगंज पैसेंजर, बढ़नी क्षेत्र को मिलेगा बड़ा लाभ

**स्वतंत्र भारत बढ़नी/ सिद्धार्थनगर।** करीब छह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर नकहा डालीगंज पैसेंजर ट्रेन के संचालन की तैयारी से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। रेलवे विभाग के इस निर्णय से खासकर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बढ़नी क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कोरोना काल के बाद बंद इस ट्रेन को रेलवे बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद दोबारा पटरी पर लाया जा रहा है। नकहा से डालीगंज 27 मई से ट्रेन संख्या 55061 नकहा जंगल (गोरखपुर) से रात 11:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 09:25 बजे डालीगंज पहुंचेगी।डालीगंज से नकहा 26 मई से ट्रेन संख्या 55062 डालीगंज से शाम 05:20 बजे रवाना होकर, अगली सुबह 04:45 बजे नकहा पहुंचेगी द्यड्ढजिसमे छोटे बड़े स्टेशनों पर रुकेगी द्य नकहा से डालीगंज के बीच चलने वाली यह पैसेंजर ट्रेन पहले सीमावर्ती इलाकों की प्रमुख यातायात सुविधा मानी जाती थी। इसके बंद होने के बाद स्थानीय लोगों, छात्रों और व्यापारियों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब इसके पुनः संचालन से एक बार फिर सस्ती और सुलभ यात्रा का विकल्प उपलब्ध हो सकेगा। इस ट्रेन के शुरू होने से बढ़नी रेलवे स्टेशन की अहमियत और बढ़ेगी। यात्रियों को गोरखपुर, नकहा और लखनऊ (डालीगंज) जैसे प्रमुख शहरों तक सीधा संपर्क मिलेगा। साथ ही लंबे समय से स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे लोगों को भी राहत मिलेगी। ट्रेन के संचालन से क्षेत्र के छोटे व्यापारियों को अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। वहीं छात्र-छात्राओं और नौकरीपेशा लोगों के लिए रोजाना आवागमन आसान हो जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। बढ़नी भारत-नेपाल सीमा पर स्थित होने के कारण यह ट्रेन दोनों देशों के बीच आवागमन करने वाले लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। इससे पर्यटन और सीमावर्ती व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि बढ़नी रेलवे स्टेशन पर अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनों का भी ठहराव सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।



# मृतक बाइक सवार के भाई ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

## खनन विभाग की टीम ने ओवरलोड बालू लदा हाइवा किया सीज

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू से लदे एक ओवरलोड हाइवा को सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। लालगंज क्षेत्र के दुबार चौकी के पास लालगंज-दीपनगर मार्ग पर खनन विभाग की टीम ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान क्षमता से कई गुना अधिक बालू लाद कर जा रहे एक हाइवा( क्क्र24त्रष्ठ3610 )को रोककर जांच की गई। साथ ही कागजात भी सही नहीं मिले। इसके बाद टीम ने हाइवा को कब्जे में लेकर सीज कर स्थानीय पुलिस चौकी को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि लालगंज और आसपास के मार्गों पर लंबे समय से ओवरलोड वाहनों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग की टीम सक्रिय हुई कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। वहीं सड़कों को भी भारी क्षति पहुंचती है तथा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध ओवरलोडिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मड़हे और टिन शेड में लगी आग से तीन किसानों का गेहूं व भूसा जलकर राख

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में सोमवार दोपहर में अज्ञात कारणों से मड़हे व टिनशेड में आग लग गई। मड़हे में आग की लपटे उठती देख ग्रामीण सबमर्सिबल पंप की मदद से डिब्बा और बाल्टी में पानी लेकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन तेज हवाओं के चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।आग की चपेट में आने से तीन किसानों का गेंहू और भूसा जलकर राख हो गया।गलरा गांव निवासी बलराम तिवारी के घर पीछे स्थित मड़हे में अज्ञात कारणों से आग लग गई।आग की चपेट में आने से मड़हे के भीतर रखा गेहूं,भूसा व उपली जलकर राख हो गया। तेज हवाओं के चलने से आग बगल में स्थित गुलाब तिवारी के टिनशेड तक जा पहुंची टिनशेड के अन्दर रखा, गेंहू,गृहस्थी का सामान व भूसा जलकर राख हो गया। इसके बाद आग तेजी से बढ़ते हुए मस्तराम तिवारी के टिन शेड तक जा पहुंची।आग की चपेट में आने से मस्तराम तिवारी का टिनशेड के भीतर रखा 8 कुंतल गेहूं, भूसा व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।आग ने बस्ती के पुराने पीपल के पेड़ को भी अपने चपेट में ले लिया फायर ब्रिगेड कर्मी सोहनलाल फायर मैन राजेश कुमार व वेद प्रकाश ने ग्रामीणों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल प्रभात दुबे ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित किसानो को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।आग से तीनों किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

# पंचशील डिग्री कालेज की प्रबंध समिति की बैठक स्थगित, अब एक जून को होगी

**स्वतंत्र भारत हलिया, (मिर्ज़ापुर)।** प्रबंध समिति पंचशील डिग्री कालेज, मवई कलां, हलिया की 31 मई 2026 को होने वाली बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।कालेज प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार अब यह बैठक 1 जून 2026 को आयोजित की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत पतार कला गांव में चौराहे के समीप सोमवार को दोपहर में टीन सेट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार जयकर गांव निवासी श्याम नारायण पतार कला चौराहे पर टीन सेट में किराना और जनरल स्टोर का दुकान है। गैस पर चाय बनाते समय संदिग्ध परिस्थितियों अचानक आग लग गई।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने बड़े पुत्र अवतार सिंह को दुर्व्यवहार की वजह से अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है। मेरी किसी भी संपत्ति पर उसके किसी बारिस का कोई अधिकार नहीं होगा। 25.05.2026 से अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जोगेंद्र सिंह पुत्र मंहगा सिंह, नि.मो. बजरिया,कस्बा खुटार त.पुवायां,शाहजहांपुर।
सी.आर.- 382/D-41

### सूचना
मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र रोल नं.- 21015782038 में त्रुटिवश नाम PRIYAअंकित है। अन्य प्रमाण पत्रों KM. PRIYA अंकित है। सही नाम KM. PRIYA है। KM. PRIYA D/o उमेश कान्त सहाय, नि.-आनन्दपुरी बीबीगंज वार्ड नं.-7 मुजफ्फरपुर बिहार- 842003
सी.आर.-376/ L-30

### सूचना
मेरे पति राजेश कुमार त्रिपाठी Hav.(A/No.15676876W) के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम गल्ती से कुसुम त्रिपाठी दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम श्रीमती कुसुमलता है, जो आधार कार्ड में एवं 10th के अंकपत्र में भी दर्ज है। कृपया इसे सुधार कर अंकित किया जाये।
सी.आर.-379/ L-34

### सूचना
मैंने हीरा देवी के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 215164468 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम रीना देवी दर्ज है दोनों नाम की एक ही महिला है। रीनादेवी पत्नी बालकराम ग्रा0- सिघंवापुर, पो0-नौबस्ता मुडिला, बलरामपुर।
सी.आर.- 38/D-29

### सूचना
मैंने नसरूद्दीन के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 216741086 लिया था जबकि आधारकार्ड में मेरा नाम मो0 युसूफखान दर्ज है दोनो नाम का एक ही व्यक्ति है। मो0 युसूफ खान पुत्र मो0 वहाब ग्रा0- नेवादा मन्नीजोत, मिर्जापुर, बलरामपुर।
सी.आर.- 38/D-28

### सूचना
विवाह के पहले मेरा नाम माया था। विवाह के बाद मैने अपना नाम माया त्रिवेदी रख लिया है । अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।
माया त्रिवेदी पत्नी प्रदीप कुमार त्रिवेदी, निवासिनी कासिमपुर, गोसाईगंज, लखनऊ।
सी.आर.- 381/L-31

### सूचना
मैं, आईसी/आर्मी नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, वर्तमान में ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि मेरे आश्रित पुत्र रक्षक गौतम (RAKSHAK GAUTAM) की जन्मतिथि अभिलेखों में 06-02-2005 अंकित है, जिसे संशोधित कर 12-08-2008 किया जाना प्रस्तावित है। धीरेंद्र कुमार आईसी/आर्मी नं0 15463526F रैंक DFR/ MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट
सी.आर.- 377/D-50

### सूचना
मैं, एसी/आर्मी नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, वर्तमान में ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री /आश्रित वंदना (VANDANA) की जन्मतिथि अभिलेखों में 29.05.2003 अंकित है, जिसे संशोधित कर 11.08.2003 किया जाना प्रस्तावित है। (धीरेंद्र कुमार) एसी/आर्मी नं0 15463526F रैंक DFR/ MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट
सी.आर.- 377/D-50

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजू थॉमस पुत्र थॉमस का स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति गुम हो गया, जिसका प्रथम सूचना रिपोर्ट 27/02/2026 को क्रमांक LR No. 3069732/2026 दर्ज है। प्रार्थी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वर्ष 1999 में बी.ए. पार्ट 3rd की परीक्षा उत्तीर्ण किया है, जिसका अनुक्रमांक 304691 तथा नामांकन संख्या (Enrollment No.) D 9621635 है।
सी.आर.- 378/D-42

### सूचना
मैं रंजनी देवी पत्नी जे.सी- 678242एम एन.बी./उप/एम.टी. नाम-धीरज कुमार झा यूनिट - 504 ए.एस.सी बी.एन , सी/ओ - 56 प्रयागराज पिन -905504 निवासी - ग्राम - झखरा पुलिस-थाना-सरायरंजन पो.-झखरा तह.-समस्तीपुर जिला- समस्तीपुर पिन-848127 मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम रंजनी कुमारी गलती से दर्ज हो गया, जबकि आधार कार्ड के अनुसार मेरा असली/सही नाम रंजनी देवी है।
सी.आर.- 378/D-50

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम अदीब खान था जो अब बदलकर मो.अदीब खान कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। मो. अदिब खान पुत्र मो.असलम खान, निवासी C-307/26 जी टी बी नगर करेली प्रयागराज।
सी.आर.- 378/D-32

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम नूरी सिद्दीकी था जो अब बदलकर नूरी खान कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। नूरी खान पत्नी मोहम्मद असलम खान निवासिनी C-307/26जी टी बी नगर करेली प्रयागराज।
सी.आर.- 378/D-33

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम आशा देवी कुशवाहा था जो अब बदलकर आशा कुशवाहा कर लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। आशा कुशवाहा पत्नी राजेश कुमार कुशवाहा निवासी 40 रक्सराई सराय आकिल कौशाम्बी उत्तर प्रदेश।
सी.आर.- 378/D-36

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मेराज खान था जो अब बदलकर वाशि उल्ला रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पुकारा जाए। वाशि उल्ला पुत्र मनसूर खान, पता -ग्राम शाहजी का पूरा नैनी प्रयागराज-211008
सी.आर.- 378/D-34

### सूचना
मैं, नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, यह सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में BANDHANA अंकित है, जिसे स्पेलिंग त्रुटि के कारण संशोधित कर VANDANA किया जा रहा है। उच्चारण में कोई परिवर्तन नहीं है।
धीरेंद्र कुमार नं0 15463526F रैंक DFR/MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट
सी.आर.- 377/D-48

### सूचना
मैं, सी/आर्मी नं0 15463526F, रैंक DFR/MACP NB/RIS, धीरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम मुजार बुजुर्ग, पोस्ट अमिला (भटमिल्ला), तहसील घोसी, जनपद मऊ, वर्तमान में ए.सी. रेजिमेंट में कार्यरत, शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूँ कि– मेरी पत्नी/आश्रित माया देवी (MAYA DEVI) की जन्मतिथि अभिलेखों में 01.08.1978 अंकित है, जिसे संशोधित कर 01.08.1981 किया जाना प्रस्तावित है।
धीरेंद्र कुमार
सी/आर्मी नं0 15463526F
रैंक DFR/MACP NB/RIS
ए.सी. रेजिमेंट
सी.आर.- 377/D-50

अदालती सूचना ता.पेशी 07-07-2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं.35 शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 468 वर्ष 2022 श्रीमती नाजो बनाम श्रीमती सनोवर वेगम आदि बनामः-1-श्रीमती सुमेरिया पुत्री स्व.लायक अली खां 2-श्रीमती जुवैरिया पुत्री स्व.लायक अली खां 3-अमीर फैसल पुत्र स्व.लायक अली खां निवासीगण मोहल्ला 491 तारीन बहादुरगंज तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी सं 1/1, 1/2 व 2 हरगाह श्रीमती नाजो वादिनी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मृतक श्रीमती सनोवर वेगम के वारिसान कायम करने हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 07 माह 07 सन 2026 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाब दाखिल करे उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से तारीख 22-05-2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर।
सी.आर.- 382/D-CN

न्यायालय-अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) / किराया प्राधिकारी, लखनऊ।
- पत्रांक-486/ रीडर / एडीएम (सी0ई0)/2026 दिनांकः-25/5/26
वाद संख्या-डी-202610460000866
धारा-21(2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम, 2021
अनवर सादिक
बनाम
अनीस अहमद
नियत तिथि-30 05.2026
प्रकाशन हेतु नोटिस
अनीस क्लॉथ हाउस, शकील बिरयानी की दुकान के बगल में, साबाजार मार्केट 168/9-11 नाजिराबाद अमीनाबाद रोड लखनऊ अं0 धारा-21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी अधिनियम संख्या-16 वर्ष 2021 के अन्तर्गत इस न्यायालय में उपरोक्त वाद विचाराधीन है। उक्त वाद में विपक्षी अनीस अहमद पुत्र स्व0 करामत हुसैन पता- अनीस क्लॉथ हाउस, शकील बिरयानी की दुकान के बगल में, साबाजार गार्केट 168/9-11 नाजिराबाद अमीनाबाद रोड लखनऊ पर नियमानुसार नोटिस तामीला न होने के कारण प्रकाशन कराया जाना है।
अस्तु विपक्षी/भवन स्वामीगण को सूचित किया जाता है कि यदि कुछ कहना है, तो नियत तिथि दिनांक 30.05.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय / कमरा नंम्बर-47. कलेक्ट्रेट, लखनऊ में उपस्थित होकर कह सकता है।
(एम0 पी0 सिंह) अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) /किराया प्राधिकारी, लखनऊ।
प्रतिलिपि- आवेदक अनवर सादिक पुत्र डॉ0 सुल्तान अली सादिक पता मकान नम्बर 06, कृष्णा कॉलोनी, फातिमा अस्पताल के पीछे महानगर लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियत तिथि से पूर्व नियमानुसार शुल्क जमा कर किसी राष्ट्रीय स्तर के संस्करण में प्रकाशन कराना सुनिश्चित करें।
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)/किराया प्राधिकारी, लखनऊ।
सी.आर.- 375/L-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 04-07-2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूल वाद संख्या 365 वर्ष 2025 मंजीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम भांभी पर.व तह.पुवायां जनपद शाहजहांपुर...प्रार्थी/वादी बनामः- नितिन कुमार सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी ग्राम भांभी पर.व तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी। हरगाह मंजीत सिंह वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत संविदा का अनुपालन हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 04 माह 07 सन 2026 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाब दाखिल करे उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से तारीख 25-05-2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज सी.डि.शाहजहांपुर
सी.आर.- 382/D-CN

### सूचना
मैं अशोक कुमार शुक्ला पिता दुर्गा शंकर शुक्ला निवासी खरगापुर, महरानीगंज तहसील लालगंज जिला रायबरेली की हूँ मेरी पत्नी राज दुलारी के नाम Piramal capital & Housing Finance Limited में लोन चल रहा था मेरी पत्नी की मृत्यु 13.02.2026 को हो गयी थी मेरे द्वारा पत्नी के नाम चल रहा लोन समाप्त कर दिया गया है। अब मेरी पत्नी के दस्तावेज वापस कर दिये जाय यदि किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित फाइनेन्स कम्पनी से सम्पर्क कर सकता है।
सी.आर.- 374/L

क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स 193-ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था गुरुद्वारा संत सुखदेव सिंह जी वेलफेयर सोसायटी, ग्राम धीमरपुर पो0 बंडा तह0 पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर के पंजीकरण हेतु सोसा0 रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है जिसमें सदस्य का नाम, पिता का नाम और पद नाम इस प्रकार है-1.भगवंत सिंह पुत्र श्री सग्गर सिंह **अध्यक्ष** 2.हरदयाल सिंह पुत्र श्री राम सिंह **उपाध्यक्ष** 3.गुरदीप सिंह पुत्र श्री चंद सिंह **प्रबन्धक** 4. महेन्द्र सिंह चहल पुत्र श्री जरनैल सिंह चहल **उपप्रबन्धक** 5. जिन्दर पाल सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह **कोषाध्यक्ष** 6. अमन दीप सिंह पुत्र श्री हरी सिंह **सदस्य** 7. कुलविन्दर सिंह पुत्र श्री मेजर सिंह **सदस्य** 8. कुलदीप सिंह पुत्र श्री संत सिंह **सदस्य** 9. बलविंदर सिंह पुत्र श्री गुरूमेल सिंह **सदस्य**। उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय का दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा0रजि0 अधि0 की धारा (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।
सहायक रजिस्ट्रार, बरेली
सी.आर.- 382/D

## पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र संख्या 1
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक/इन्जी०/वाराणसी द्वारा खुली ई–निविदा सूचना सं० एनईआर–बीएसबी–2026–17 दिनांक 17.04.2026 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो दिनांक 26.05.2026 को बन्द होनी है, को दिनांक 09.06.2026 तक बढ़ाई जाती है। उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।
मण्डल रेल प्रबंधक/(इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–124 वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र
ई–निविदा सूचना : ओटी–10–2026
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर एवं मुजाधि विद्युत–45 के अंतर्गत प्रकाशित ई–निविदा सूचना : ओटी– 10–2026 में निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के स्थान पर त्रुटिवश उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ प्रकाशित हो गया है। इसे सुधारकर उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर पढ़ा एवं समझा जाय। शेष यथावत रहेगा।

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/शेल की मास्किंग/2026–27/सी696ए दिनांकः– 19.05.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः–
**कार्य का नाम :** IS स्पेसिफिकेशन 11865/2006 के अनुसार, लीक टेस्टिंग के लिए शेल्स के विभिन्न वेरिएंट्स की मास्किंग, **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 89,30,258.49, **अमानत राशि (रु.):** ₹ 1,78,600.00 (एक लाख अठहत्तर हज़ार छह सौ रुपये) मात्र, **कार्य की मात्राः** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** ₹ शून्य, • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 10.06.2026 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं।
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.– TIG वेल्डिंग और SS पार्टीशन फ्रेम का फिटमेंट/2026–27/सी695ए दिनांकः– 21.05.2026 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः–
**कार्य का नाम :** कार्य के दायरे के अनुसार शैल में TIG वेल्डिंग और SS पार्टीशन फ्रेम का फिटमेंट। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 55,01,726.40, **अमानत राशि (रु.):** ₹ 1,10,000.00 (एक लाख दस हज़ार रुपये) मात्र, **कार्य की मात्राः** शेड्यूल के अनुसार। **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** ₹ शून्य, • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 12.06.2026 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध हैं।
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल

**निविदा संख्या– AMC-Air-Water-Pipeline-51** **नियत तिथिः 12.06.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एफडब्ल्यूपी–III, आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या AMC-Air-Water-Pipeline–51, नियत तिथिः **12.06.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फ़र्मों को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है ।
**कार्य का नाम :** वायु एवं जल पाइपलाइन के लिए दो वर्ष का गैर–व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और एफडब्ल्यूपी में स्थापित वाल्वों की मरम्मत एवं प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.):** ₹ 6,33,219.39 (छः लाख तैंतीस हजार दो सौ उन्नीस रुपये और उनतालीस पैसे मात्र) जिसमें 18% की दर से जीएसटी शामिल है। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** ₹ 2,000.00 (दो हज़ार रुपये) मात्र, **धरोहर राशि (रु.):** ₹ 12,700.00 (बारह हज़ार सात सौ रुपये) मात्र, • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 12.06.2026 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एफडब्ल्यूपी–III
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं.** : 1216-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 22.05.2026 |
| 2. | **कार्य का नाम** : लखनऊ डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर स्थापित एच.वी.ए.सी./वी.आर.वी./डक्टेबल ए.सी. संयंत्रों के लिए 3 वर्ष की अवधि का व्यापक वार्षिक रख–रखाव अनुबंध। |
| 3. | **अनुमानित लागत** : रु. 78,53,488/- (अठहत्तर लाख तिरपन हज़ार चार सौ अठ्ठासी रूपये मात्र) |
| 4. | **बयाना राशि** : रु. 1,57,100/- (एक लाख सत्तावन हज़ार एक सौ रूपये मात्र) |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 36 माह |
| 6. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि** : दिनांक 15.06.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता** : ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट** : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1216-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 22.05.2026 1755/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
(ISO 9001: 2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow
### E-Tender Notice

| Sl No. | CODE No. | NAME OF ZONE | NAME OF WORK | TENDER COST (Rs.) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Technical bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DDN/ 12/26 | North Zone | Supply and Insullation of Furniture Equipment and other Miscl item at Sports College Behat Distt. Saharanpur. | 4,76,73,000 | 25.05.2026 | 06.06.2026 |
| 2 | E-II/ 8/26 | Electrical Zone-2 | SITC of External Electrification work in Non-Residential Building at 44 th Batalian PAC Meerut. | 1,43,90,533 | 22.05.2026 | 28.05.2026 |
| 3 | E-II/ 9/26 | -do- | Construction Installation Testing and Commissioning, & Obtaining of all required Statutory Approvals, of Temporary Shed/ Porta Cabin for office of ESIC Regional Office, Ahmedabad, at ESIC Vasana Colony, Ahmedabad, Gujarat | 13,84,75,300 | 30.05.2026 | 12.06.2026 |
| 4 | Lko-II-28/26 | -do- | Sitapur me Sidhauli Sujouliya Marg se Basantpur tak Interlocking evam nail Nirman Karya. | 74,48,000 | 15.05.2026 | 08.06.2026 |
| 5 | Lko-II-29/ 26 | -do- | District Sitapur Block Khairabad Gram Unsiya Damar Road to Gobinda Sarai Marg Tak Inter locking evam nail Nirman Karya. | 75,23,000 | 27.05.2026 | 08.06.2026 |
| 6 | Lko-II-30/ 26 | Lucknow Zone-2 | Construction of Boundary wall in Dadhichi kund at Mishrikh Distt. Sitapur | 36,70,000 | 27.05.2026 | 08.06.2026 |
| 7 | GKP-33/26 | Gorakhpur Zone | Construction work of "Center of Excellence" at Govt. Girls Polytechnic, Gorakhpur in second phase with the help of Tata Technology Limited(TTL) | 5,42,31,000 | 05.06.2026 | 12.06.2026 |
| 8 | Lko-1 23/26 | Lucknow Zone-1 | Construction of Type -B 47 No. Residence at Thana Kotwali Nagar Distt. Barabanki. | 17,02,08,000 | .... | 09.06.2026 |
| 9 | Del-14/26 | Delhi Zone | Proposed Construction of Synthetic Running Track and Boundary Wall at Mahamaya Sports Stadium Distt. Ghaziabad(U.P) | 13,51,33,000 | 8.06.2026 | 16.06.2026 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal **http://etender.up.nic.in** and UPRNNL website **www.uprnn.upsdc.gov.in**

## कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, लखनऊ।
पत्रांक /जि0पू0अ0/दु0अनु0/2026 दिनांक मई 2026
### लाटरी सूचना
अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) महोदय के आदेश दिनांक 22.05.2026 के अनुपालन में जनपद लखनऊ के नगरीय क्षेत्र में 06 रिक्त उचित दर दुकानों के सापेक्ष आवेदकों के समक्ष लाटरी पद्धति द्वारा उचित दर विक्रेताओं का चयन किया जाना है। इस हेतु लाटरी का आयोजन सहकारिता भवन में स्थित पी0सी0यू0 सभागार, लखनऊ में दिनांक 27.05.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे किया गया है।
जिला पूर्ति अधिकारी, लखनऊ।
उ0प्र0 251677 दिनांक- 25.05.2026
Website: www.upgov.nic.in

## उत्तर रेलवे
### ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | AuctionCatrg26 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 15.05.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 30.05.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 30.05.2026 at 11:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KUNDA HARNAMGANJ | Catg-LKO-KHNM-GMU-74-24-1 | KHNM/PF-1/ 31/ADDL | 30.05.2026 at 11:30 hrs. | GMU | |
| 2 | BACHHRAWN | Catg-LKO-BCN-GMU-9-7-24-1 | BCN/PF-2/ 4/ADDL | 30.05.2026 at 11:40 hrs. | SMU | SC |
| 3 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-1/ 104/NEW | 30.05.2026 at 11:50 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1761/2026



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# 'अगर मैं डील करूंगा, तो वह बेहतरीन होगी'

## ईरान के साथ समझौते पर बोले ट्रंप | पूर्व राष्ट्रपति ओबामा पर कसा तंज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित परमाणु समझौते को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि अगर उनकी सरकार ईरान के साथ कोई समझौता करती है तो वह अच्छा और सही समझौता होगा। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर में हुए परमाणु समझौते पर निशाना साधते हुए कहा कि उस डील ने ईरान को भारी मात्रा में नकदी दी और परमाणु हथियार तक पहुंचने का खुला रास्ता दिया। ट्रंप ने दावा किया कि उनकी संभावित डील पूरी तरह इसके उलट होगी और अमेरिका के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी। ट्रंप ने कहा कि ओबामा प्रशासन ने ईरान के साथ जो समझौता किया था, वह अमेरिका के लिए नुकसानदायक साबित हुआ। उनके मुताबिक उस डील से ईरान को आर्थिक फायदा मिला और उसने अपनी परमाणु गतिविधियों को आगे बढ़ाने का मौका हासिल किया। ट्रंप ने



ईरान के साथ समझौता या तो बहुत अच्छा और अहम होगा या फिर कोई समझौता नहीं होगा। यह (बराक) ओबामा के प्रशासन में किए गए जेसीपीओए समझौते के बिल्कुल विपरीत होगा।

- डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

कहा कि उनकी सरकार ऐसी कोई गलती नहीं दोहराएगी। उन्होंने साफ कहा कि वह खराब समझौते नहीं करते और उनकी प्राथमिकता अमेरिका की सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता होगी। ट्रंप ने अपने विरोधियों पर भी निशाना साधा और कहा कि जो लोग इस संभावित समझौते की आलोचना कर रहे हैं, उन्हें अभी इसकी पूरी जानकारी ही नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी साफ किया कि ईरान के साथ संभावित समझौता अभी पूरी तरह तैयार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बातचीत जारी है और अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। ट्रंप के मुताबिक, अभी तक किसी ने इस डील को देखा नहीं है और न ही इसके सभी बिंदु तय हुए हैं। इसके बावजूद कुछ लोग लगातार आलोचना कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करेगी और हर कदम सोच-समझकर उठाया जाएगा।

### ईरान को लेकर दुनिया की नजर क्यों बनी हुई है?

ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से वैश्विक राजनीति का बड़ा मुद्दा रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों को आशंका रही है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है, जबकि ईरान हमेशा अपने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण बताता रहा है। ऐसे में ट्रंप के बयान को काफी अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच नई डील होती है तो उसका असर पश्चिम एशिया की राजनीति, वैश्विक सुरक्षा और तेल बाजार पर भी पड़ सकता है। यही वजह है कि दुनिया की नजर इस पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है।

# क्या ईरान के साथ समझौते को बेचैन है यूएस

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल देता है, तो अमेरिका उसके

■ रूबियो बोले- होर्मुज खुले तो परमाणु वार्ता पर चर्चा को तैयार

परमाणु कार्यक्रम को लेकर बहुत गंभीर बातचीत के लिए तैयार है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रूबियो के बयान से संकेत मिलता है कि वॉशिंगटन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ सकता है और ऐसे अंतरिम समझौते को स्वीकार कर सकता है, जिसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर तत्काल फैसला न हो। नई दिल्ली यात्रा के दौरान रूबियो ने कहा, आप 72 घंटे में किसी कागज के पीछे बैठकर परमाणु समझौता नहीं कर सकते। सबसे पहले जलडमरूमध्य को तुरंत खोला जाना चाहिए। इसके बाद तय मानकों के तहत हम संवर्धन, उच्च संवर्धित यूरेनियम और ईरान की इस प्रतिबद्धता



पर गंभीर बातचीत करेंगे कि वह कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।

**रूबियो ने दी ईरान को हमले की धमकी**

मार्को रूबियो ने कहा, इस प्रक्रिया में वर्षों नहीं लग सकते, लेकिन तकनीकी मुद्दों को सुलझाने में कुछ समय जरूर लगेगा। रूबियो ने संकेत दिया कि अगर दो महीने के भीतर बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकलता है, तो अमेरिका फिर से ईरान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दे सकता है। उन्होंने कहा, आखिरकार दृष्टिकोण को वह नतीजा देना होगा जो हम चाहते हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो 60 दिनों बाद भी राष्ट्रपति के पास वही सभी विकल्प होंगे, जो अभी मौजूद हैं। अमेरिका और ईरान के बीच एक संभावित समझौता होने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, दोनों देशों की ओर से अब तक इस संभावित समझौते का कोई सार्वजनिक विवरण जारी नहीं किया है। कई आलोचकों का कहना है कि चरणबद्ध समझौते से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आगे की बातचीत में पकड़ कमजोर हो सकती है। रूबियो ने दोहराया कि ट्रंप का रुख साफ है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, ईरान के मुद्दे पर आज बाद में कुछ और खबरें आ सकती हैं। इस पर आगे की घोषणा राष्ट्रपति करेंगे। इतना जरूर है कि कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, हालांकि अंतिम प्रगति अभी नहीं हुई है।

## एक नज़र

### प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मिले प्रणय वर्मा

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में एक और अहम कदम सामने आया है। बांग्लादेश में भारत के निवर्तमान उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत, बांग्लादेश के साथ अपने बहुआयामी संबंधों को और गहरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ढाका में हुई इस विदाई मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग के कई संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की। तारिक रहमान ने प्रणय वर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। भारत सरकार ने प्रणय वर्मा को अब बेल्जियम और यूरोपीय संघ में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है। बैठक में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान भी मौजूद रहे। प्रणय वर्मा ने सितंबर 2022 में ढाका में भारतीय उच्चायुक्त का पद संभाला था। अब उनकी जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश भेजा जा रहा है। भारत और बांग्लादेश रिश्तों को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री आज भारत आएंगी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग 26 मई को नई दिल्ली में होने वाली क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने भारत आएंगी। इस दौरान वह भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों के बीच होने वाले 17वें फेमवर्क डायलॉग में भी शामिल होंगी। पेनी वोंग ने कहा कि मौजूदा अनिश्चित वैश्विक माहौल में क्वाड एक बेहद अहम साझेदारी बन चुका है। ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका मिलकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र को शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चारों देश समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई, बुनियादी ढांचा विकास और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### बलूचिस्तान में मुठभेड़ में नौ लड़ाकों और चार जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में स्थानीय लड़ाकों के खिलाफ चलाए गए एक खुफिया ऑपरेशन में चार सुरक्षाकर्मी मारे गए और सात घायल हो गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने रविवार को बताया कि कुचलक और नोहसार इलाकों में शनिवार को हुई मुठभेड़ में नौ लड़ाके भी ढेर कर दिए गए। मारे गए सभी जवान आतंकवाद निरोधी विभाग के थे। घायल कर्मियों का क्वेटा में इलाज चल रहा है। सुरक्षा बलों ने पहले भी 35 लड़ाकों को ढेर किया था।

### स्पेन : घरों की बढ़ती लागत के खिलाफ प्रदर्शन

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों लोगों ने घरों की बढ़ती लागत के खिलाफ प्रदर्शन किया है। लोग लगातार बढ़ते किराए और घरों की कीमतों से परेशान हैं। इससे कई स्पेनिश नागरिकों के लिए घर खरीदना मुश्किल हो गया है। यह प्रदर्शन रविवार को शहर के केंद्र में किया गया। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के लिए 2027 के चुनाव से पहले स्पेन में आवास संकट एक बड़ी राजनीतिक चुनौती माना जा रहा है।

### द. चीन सागर से वापस लौटा चीनी जहाज

**ताइपे।** दक्षिण चीन सागर के उत्तरी छोर पर स्थित रणनीतिक तौर से अहम प्रतास द्वीप समूह के पास ताइवान और चीन के तटरक्षकों के बीच गंभीर गतिरोध और तीखी बहस के बाद रविवार को आखिरकार चीनी तटरक्षक जहाज वापस लौट गया। ताइवानी तटरक्षक बल के मुताबिक, शनिवार को एक चीनी तटरक्षक जहाज प्रतास द्वीप की ओर आते देखे जाने पर ताइवान ने जहाज भेज तुरंत चेतावनी दी थी। इस पर दोनों पक्षों के बीच संप्रभुता को लेकर रेडियो पर तीखी बहस हुई। इसमें चीन ने अपने जहाज के रेडियो की गश्त पर होने और प्रतास द्वीप के चीन की संप्रभुता और अधिकार होने की बात कही। इसके जवाब में ताइवानी जहाज ने चीनी जहाज से शांति भंग न करने और वापस लौटने को कहा।


# परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिशें नाकाम

**वाशिंगटन।** परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन 2026 किसी अंतिम सहमति के बिना समाप्त हो गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने

■ अमेरिका की चेतावनी- ईरान पर आंखें मूंद रही दुनिया

■ हिज्बुल्ला की धमकी

इस विफलता पर गहरा दुख जताया है। अमेरिका ने कुछ सदस्य देशों की कड़ी आलोचना की है। उसका कहना है कि ये देश वैश्विक परमाणु सुरक्षा के लिए ईरान के खतरे को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यह सम्मेलन आयोजित हुआ था। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक प्रतिनिधि किसी अंतिम दस्तावेज पर मुहर नहीं लगा सके। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ईरान की परमाणु गतिविधियों पर चिंता जताई है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। वह बिना किसी ठोस नागरिक कारण के अपनी परमाणु गतिविधियों को लगातार तेज कर रहा है। अमेरिका ने साफ-साफ कहा कि अगर एनपीटी को प्रासंगिक बनाए रखना है, तो सदस्य देश ईरान के इस रवैये से अपनी आंखें नहीं मूंद सकते। नियमों का उल्लंघन करने वालों को जवाबदेही से बचने की छूट नहीं दी जा सकती। सम्मेलन के अध्यक्ष डो हंग विएत ने बैठक में किसी भी आम सहमति के न बन पाने की पुष्टि की। यह लगातार तीसरी बार है जब पांच साल में होने वाला यह सम्मेलन बिना किसी ठोस नतीजे के खत्म हुआ है। पिछले 16 वर्षों से इस संधि के नियमों को मजबूत करने की कोई कोशिश सफल नहीं हुई है। अब अगला समीक्षा सम्मेलन सीधे 2031 में होगा। संयुक्त राष्ट्र की निरस्त्रीकरण प्रमुख इजुमी नाकामित्सु ने भी इस विफलता को बेहद गंभीर बताया है।



### लेबनान में हिजबुल्ला की नई चुनौती

इस वैश्विक परमाणु विवाद के बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने लेबनान संकट पर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका ने हिजबुल्ला की ओर से लेबनान की लोकतांत्रिक सरकार को गिराने की कोशिशों की कड़े शब्दों में निंदा की है। रूबियो ने कहा कि हिजबुल्ला लगातार युद्धविराम के प्रस्तावों को ठुकरा रहा है। वह दक्षिणी लेबनान में लड़ाके और हथियार भेजकर इस्राइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका ने कहा है कि वह लेबनान की वैध सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है और किसी आतंकी संगठन को पूरे देश को बंधक बनाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# कांगो में 900 के पार पहुंचे इबोला के संदिग्ध मामले

## दुनिया के लिए चिंता बन रहा है ये वायरस?

**किंशासा।** अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस का खतरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश के पूर्वी हिस्से में फैले संक्रमण ने अब गंभीर रूप ले लिया है। कांगो सरकार के मुताबिक संदिग्ध इबोला मामलों की संख्या 900 के पार पहुंच गई है। लगातार बढ़ते संक्रमण और मौतों ने स्वास्थ्य एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस प्रकोप को कांगो के लिए बहुत बड़ा खतरा बताया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर संक्रमण फैलने का जोखिम अभी कम माना गया है। इस बीच भारत सरकार ने भी अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की सलाह दी है। कांगो के संचार मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक 904 संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 119 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। इससे



पहले 700 से ज्यादा मामलों और 170 से अधिक मौतों की जानकारी दी गई थी। संक्रमण का सबसे ज्यादा असर इतुरी प्रांत में देखा जा रहा है। स्वास्थ्य एजेंसियों का कहना है कि मौजूदा प्रकोप के लिए बंडिबुग्यो स्ट्रेन जिम्मेदार माना जा रहा है। यह इबोला का खतरनाक प्रकार है और फिलहाल इसके लिए कोई स्वीकृत वैक्सीन या खास दवा उपलब्ध नहीं है। इसी वजह से हालात को बेहद गंभीर माना जा रहा है।

# चीन में डिजिटल जाल से नहीं बच पाएंगे विदेशी नागरिक

## 70 करोड़ कैमरों में कैद होगी हर गतिविधि

**बीजिंग।** चीन में विदेशी नागरिकों की निगरानी को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने ऐसा विशाल डिजिटल निगरानी नेटवर्क तैयार किया है, जो देश में मौजूद विदेशी नागरिकों की हर गतिविधि पर नजर रख रहा है। इस सिस्टम के जरिए लोगों की लोकेशन, आवाजाही, मोबाइल डाटा, सामाजिक संबंध और रोजमर्रा की गतिविधियों को ट्रैक किया जा रहा है। बताया गया है कि चीन में 70 करोड़ से ज्यादा निगरानी कैमरे लगे हुए हैं और हर दो लोगों पर एक मॉनिटरिंग डिवाइस मौजूद है। इस खुलासे के बाद दुनिया में चीन की निगरानी व्यवस्था और प्रेस स्वतंत्रता को लेकर फिर बहस तेज हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने डायनमिक कंट्रोल प्लेटफॉर्म फॉर ओवरसीज पर्सनल नाम का एक बड़ा निगरानी सिस्टम तैयार किया है। यह सिस्टम सुरक्षा कैमरों, फेस रिकग्निशन तकनीक, वीजा रिकॉर्ड और मोबाइल डाटा को एक साथ जोड़कर विदेशी नागरिकों की गतिविधियों को ट्रैक करता है। दावा किया गया है कि इस प्लेटफॉर्म में लोगों के पासपोर्ट नंबर, जन्मतिथि, राष्ट्रीयता, नौकरी की जानकारी, चीनी मोबाइल नंबर और दूसरी निजी जानकारियां दर्ज रहती हैं। इतना ही नहीं, सिस्टम यह भी रिकॉर्ड करता है कि कौन किससे मिलता है, कौन किस इलाके में रहता है और किन लोगों के बीच संपर्क है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी पत्रकारों और संवेदनशील माने जाने वाले लोगों को विशेष निगरानी सूची में रखा जाता है।

# 'भारत-इस्राइल बन सकते हैं दुनिया के सबसे ताकतवर साझेदार'

**तेल अवीव।** इस्राइल के विदेश मंत्रालय की विशेष दूत फ्लेर हसन-नाहूम ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईमैक) को लेकर कहा कि इस परियोजना में

■ आई2यू2 पर बोलीं इस्राइली विशेष दूत

अभी भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं और भविष्य में आई2यू2 समूह फिर से गति पकड़ सकता है। उन्होंने भारत, इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच गहरे सहयोग की उम्मीद जताई। फ्लेर हसन-नाहूम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस्राइल यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच कई अहम व्यापारिक समझौते हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूएई को भी इस साझेदारी का हिस्सा बनाया जा सकता है। आई2यू2 भारत, इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका का एक साझा रणनीतिक मंच है, जिसकी शुरुआत 2021 में हुई थी। इस समूह का उद्देश्य आर्थिक सहयोग बढ़ाना, नई तकनीकों को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त निवेश के जरिए आपसी साझेदारी को मजबूत करना है। इसे अक्सर पश्चिम एशिया का क्वाड भी कहा जाता है। नाहूम ने कहा कि मैं नहीं मानती कि आई2यू2 खत्म हो चुका है। भारत, यूएई और इस्राइल के बीच एक खास रिश्ता विकसित हो सकता है। अमेरिका इस पूरी कहानी में एक बड़े संरक्षक की भूमिका निभाता है। फ्लेर हसन-नाहूम ने अपने परिवार के भारत से ऐतिहासिक रिश्तों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उनके पति का परिवार कोलकाता का प्रसिद्ध नाहूम परिवार है, जो बगदादी यहूदियों से जुड़ा हुआ है। यह परिवार 1800 के दशक में भारत आया था और कोलकाता के न्यू मार्केट में पश्चिमी शैली की पहली बेकरी शुरू की थी, जो आज भी 150 साल बाद संचालित हो रही है। भारत के प्रति अपने लगाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने राजस्थान, दक्षिण भारत और कोलकाता समेत देश के कई हिस्सों की यात्रा की है। उन्होंने भारतीय संस्कृति, लोगों और खानपान की जमकर तारीफ की।

**पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर भी बोलीं नाहूम**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर बोलते हुए फ्लेर हसन-नाहूम ने कहा कि जब तक ईरान में मौजूदा शासन कायम है, तब तक स्थायी शांति की संभावना मुश्किल बनी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान क्षेत्र में आतंकवादी नेटवर्क और प्रॉक्सी समूहों के जरिए अस्थिरता फैलाता है।

# पाकिस्तान : आतंकियों ने शांति समिति के चार सदस्यों को मारा

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकवादियों ने बड़ा हमला कर दिया। यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले की कुलाची तहसील में हुआ, जहां स्थानीय शांति समिति के सदस्यों को निशाना बनाया गया। इस हमले में चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने घात लगाकर समिति के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। हमलावरों ने सिर्फ हमला ही नहीं किया, बल्कि समिति के एक सदस्य का अपहरण भी कर लिया। इसके अलावा आतंकवादी वहां मौजूद अन्य सदस्यों के हथियार भी लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

# फिलिपींस में निर्माणाधीन इमारत ढही, चार मरे

**मनीला।** फिलीपींस के उत्तरी पंपांगा प्रांत के एंजेल्स सिटी में एक इमारत ढहने से चार लोगों की मौत हो गई। सोमवार को अधिकारियों ने बताया कि अभी भी 17 लोग लापता हैं। बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अग्निशमन ब्यूरो के अनुसार, मलबे से तीन शव निकाले गए और एक मलेशियाई नागरिक, जो पास के एक होटल में ठहरा हुआ था, गिरते मलबे की चपेट में आकर मारा गया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर तक कम से कम 26 लोगों को बचा लिया गया था। इनमें से 24 लोग ढही हुई इमारत से और दो लोग पास के होटल से बचाए गए। इनमें से दस लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा शनिवार रात भारी बारिश और तेज हवाओं के बाद हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, एंजेल्स सिटी में शाम 7 बजे से 8 बजे के बीच लगभग 44 मिमी बारिश हुई थी।

## उपलब्धि

### लाल ग्रह की भेजी हैरान करने वाली तस्वीरें

# मंगल के बेहद करीब पहुंचा नासा का यान

**वॉशिंगटन।** नासा का साइक अंतरिक्ष यान मंगल ग्रह के बेहद करीब से गुजरते हुए बड़ी वैज्ञानिक सफलता हासिल करने में कामयाब रहा है। इस यान ने लाल ग्रह की बेहद साफ और दुर्लभ तस्वीरें पृथ्वी पर भेजी हैं। 15 मई को हुए इस हाई-स्पीड फ्लाईबाय के दौरान यान मंगल की सतह से सिर्फ 4,609 किलोमीटर की दूरी तक पहुंचा। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह मिशन सिर्फ तस्वीरें लेने तक सीमित नहीं था, बल्कि इसका मकसद अंतरिक्ष यान की रफ्तार बढ़ाना और उसकी दिशा बदलना भी था। इस उपलब्धि को नासा के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक दोनों नजरिए से बेहद अहम माना जा रहा है। नासा के अनुसार साइक मिशन के तहत अंतरिक्ष यान को मंगल के



गुरुत्वाकर्षण का फायदा देने के लिए उसके बेहद करीब ले जाया गया। वैज्ञानिक इस तकनीक को ग्रैविटी असिस्ट कहते हैं। इसमें किसी ग्रह की गुरुत्वाकर्षण शक्ति का इस्तेमाल कर यान को अतिरिक्त गति दी जाती है। इससे यान को अपने इंजन से कम ईंधन खर्च करना पड़ता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस तकनीक की मदद से अंतरिक्ष मिशनों को लंबी दूरी तक अधिक प्रभावी तरीके से भेजा जा सकता है। फ्लाईबाय के दौरान यान में लगे मल्टीस्पेक्ट्रल इमेजर ने मंगल ग्रह की सतह की कई शानदार तस्वीरें कैद कीं। इनमें मंगल के दक्षिणी उच्चभूमि क्षेत्र और विशाल डबल-रिंग ह्यूजेंस क्रेटर की तस्वीरें सबसे खास मानी जा रही हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक ह्यूजेंस क्रेटर का व्यास करीब 470 किलोमीटर है। तस्वीरों में मंगल की प्राचीन और गड्ढों से भरी सतह बेहद स्पष्ट दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों से वैज्ञानिकों को लाल ग्रह के भूगर्भीय इतिहास को समझने में मदद मिलने की उम्मीद है। नासा और जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों के अनुसार यह फ्लाईबाय पूरे मिशन का बेहद महत्वपूर्ण चरण था। मंगल के गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल कर यान की दिशा को सही मार्ग पर स्थापित किया गया।

### अंतरिक्ष अनुसंधान में क्यों महत्वपूर्ण है यह उपलब्धि?

विशेषज्ञों के मुताबिक साइक मिशन अंतरिक्ष विज्ञान के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मंगल के करीब पहुंचकर इतनी स्पष्ट तस्वीरें लेना और साथ ही यान की गति बढ़ाना दोनों बड़ी सफलता हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इससे भविष्य में दूसरे ग्रहों और क्षुद्रग्रहों तक पहुंचने वाले मिशनों को नई दिशा मिलेगी। नासा लगातार गहरे अंतरिक्ष मिशनों के जरिए ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने की कोशिश कर रहा है।


## बाजार दर्पण




विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089